3 बस्तर संभाग
नक्सलियों ने दिया बड़ी घटना को अंजाम सरपंच पति की निर्मम...

6 अभिमत
हानिकारक हो सकता है अति राष्ट्रवाद

10 संस्कारधानी
पत्रकार को धमकी देने वाले के विरुद्ध हुआ केश दर्ज

11 न्यायधानी
प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रहे फर्जीवाड़े की जांच हो...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 28 नवम्बर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 99 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### नायडू ने बुलाई राज्यसभा में राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक



**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले कल सदन में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई बुलाई है। राज्यसभा सचिवालय के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार नायडू ने सदन में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। यह बैठक शाम 5:30 बजे होगी। सूत्रों ने बताया कि बैठक में सदन के सुचारू संचालन पर चर्चा होगी। गौरतलब है कि संसद का शीतकालीन सत्र 29 नवंबर सोमवार से आरंभ हो रहा है।

### नड्डा ने उप्र विधानसभा चुनावों के मद्देनजर 'सामाजिक संवाद' कार्यक्रम को संबोधित किया



**नयी दिल्ली।** अगले वर्ष की शुरुआत में होने जा रहे उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को 'सामाजिक संवाद' कार्यक्रम को संबोधित किया। नड्डा ने ट्वीट कर कहा, 'सामाजिक संवाद' के एक हिस्से के रूप में समाज के विभिन्न वर्गों के युवा शिक्षाविदों, उद्यमियों और पेशेवरों को संबोधित किया और आकांक्षी वर्गों के मुद्दों पर चर्चा की। ये युवा उत्तर प्रदेश के हर नुक्कड़ पर पहुंचेंगे और एक अहम योगदान देंगे।


### कानूनों के प्रभाव का पुनर्मूल्यांकन जरूरी : रमना

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एन वी रमना ने शनिवार को कहा कि देशभर के विभिन्न न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों के निपटारे के लिए कानूनों के प्रभाव का पुनर्मूल्यांकन और अदालतों में विशेष बुनियादी सुविधाएं मुहैया करना समय की मांग है। उन्होंने विज्ञान भवन में दो दिवसीय 'संविधान दिवस' समारोह के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विधायिका कानूनों के प्रभाव का पुनर्मूल्यांकन नहीं करती है, जो लंबित मामलों की संख्या बढ़ने की बड़ी वजहों में से एक है।

# सीएम बघेल आज 'महात्मा फुले समता पुरस्कार' से होंगे सम्मानित

**समाज के वंचित वर्गों को न्याय दिलाने के असाधारण कार्यों के लिए सम्मानित हो रहे हैं मुख्यमंत्री भूपेश**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को महात्मा फुले की 131वीं पुण्यतिथि समता दिवस के अवसर पर पुणे में सवेरे 10 बजे 'महात्मा फुले समता पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। पुणे के महात्मा फुले स्मारक 'समता भूमि' में अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद् द्वारा आयोजित समारोह में परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष छगन भुजबल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल को फुले पगड़ी, मानद शाल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

गौरतलब है कि समता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद् द्वारा सामाजिक, राजनीतिक, साहित्य, पत्रकारिता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को महात्मा फुले समता पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने कार्यकाल के दौरान समाज के वंचित वर्गों को न्याय दिलाने की दिशा में किए गए असाधारण महत्वपूर्ण कार्यों के लिए इस वर्ष के पुरस्कार के लिए चुना गया है। मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में किसानों को फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना, पशुपालकों और भूमिहीनों को आय और रोजगार से जोड़ने के लिए गोधन न्याय योजना और भूमिहीन कृषि मजदूरों को सालाना 6 हजार रूपए की सहायता राशि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रारंभ की गई है। इसके साथ ही साथ आदिवासियों, वनवासियों और समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की गई हैं, जिससे उनका जीवन स्तर ऊपर उठा है। सुराजी गांव योजना के अंतर्गत गांवों में निर्मित किए गए गौठानों में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं को आय मूलक गतिविधियों से जोड़ा गया है।

## मुख्यमंत्री ने महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज सुधारक, विचारक, लेखक और दार्शनिक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि 28 नवम्बर समता दिवस के अवसर पर उन्हें नमन किया है। बघेल ने कहा है कि महात्मा फुले समाज को अंधविश्वास और कुप्रथाओं से मुक्त करना चाहते थे। वे भारतीय समाज में प्रचलित जाति व्यवस्था और उस पर आधारित भेदभाव के प्रबल विरोधी थे। उन्होंने महिलाओं व दलितों के उत्थान के लिए कई कार्य किए। दलितों के प्रति भेद-भाव समाप्त कर उन्हें समाज में स्थान दिलाने के लिए महात्मा फुले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना की। बघेल ने कहा कि महात्मा फुले ने समाज को कुरीतियों से मुक्ति दिलाने के लिए सभी वर्गों की शिक्षा पर बल दिया। उन्होंने महिला शिक्षा को भी बढ़ावा दिया और अपनी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले को शिक्षा प्रदान की, जो भारत की पहली अध्यापिका बनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले की सेवा भावना और विचार मूल्य हमें सदा दीन-दुखियों की सेवा और समाज में समता स्थापित करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

## मोदी-योगी ने बुंदेलखंड को छलाः प्रियंका

वार्ता < महोबा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर झूठे प्रचार के जरिये बुंदेलखंड की जनता को छलने का आरोप लगाते हुये कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी की सरकार आने पर स्थायी बुंदेलखंड विकास बोर्ड का गठन किया जायेगा जिसकी कमान स्थानीय लोगों के पास होगी। वाड्रा ने यहां प्रतिज्ञा रैली को संबोधित करते हुये कहा योगी मोदी यहां सब आकर झूठे प्रचार करते हैं। जेवर में शिलान्यास करने गए मोदी जी ,चाइना की फोटो लगाते हैं,तो इनको कोई परवाह ही नही है कि सच बोलना चाहिए। ये चुनाव के लिए झूठे प्रचार करते हैं अमरीका की फोटो लगाते हैं। उनको जनता के प्रति कोई जवाबदेही नही है। ऐसे नेता को हराइये जो झूठ बोलते हैं। जवाब मांगिये कि अगर बड़े-बड़े हवाई जहाज खरीदने का पैसा है तो आपके लिए क्यों नही अपने उद्योगपति मित्रों को मदद करते हैं लेकिन आपके लिए क्यों नही आप की आय चिंता क्यों नही। उन्होने कहा कि सरकार के पास दरअसल, बुंदेलखंड के लिए कोई योजना नहीं है। महोबा के पान के लिए क्या योजना है। भवर सागर के लिए क्या किया गया, बुंदेलखंड की मूंगफली के लिए क्या किया, गोरा पत्थर यहां का सोना है।

## न्याय लोकतंत्र का महत्वूर्ण आधार : कोविंद

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने शनिवार को न्याय को लोकतंत्र का महत्वूर्ण आधार बताया और कहा कि न्यायाधीशों के लिए यह आवश्यक है कि वे अदालती कार्यवाही के दौरान अपनी टिप्पणियों में अत्यधिक विवेक का इस्तेमाल करें। उन्होंने उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित 'संविधान दिवस' समारोह के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय वह महत्वपूर्ण आधार है, जिसके चारों ओर लोकतंत्र घूमता है। न्यायपालिका ने शुरू से ही अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए आचरण के उच्चतम मानकों का लगातार पालन किया है तथा लोगों की नजर में यह सबसे भरोसेमंद संस्था है। उन्होंने न्यायाधीशों का आह्वान करते हुए कहा कि इस बात का हमेशा ध्यान रखा जाये कि बेशक अच्छे इरादा हों लेकिन अविवेकपूर्ण टिप्पणी न्यायपालिका को नीचा दिखाने के लिए संदिग्ध बहस को जगह देती है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसमें संदेह नहीं कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों ने सूचनाओं को लोकतांत्रिक बनाने के लिए आश्चर्यजनक रूप से काम किया है, फिर भी इनका एक स्याह पक्ष है। इस पहलू पर ध्यान देना जरूरी है कि हाल में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर न्यायपालिका के खिलाफ कुछ अपमानजनक टिप्पणियों के मामले सामने आए हैं। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इस घटना के पीछे क्या हो सकता है।

## दिल्ली की तरह पंजाब के शिक्षकों के भी सभी मुद्दे हल करेंगे : केजरीवाल

एजेंसी < नयी दिल्ली/पंजाब
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में उनकी सरकार बनने पर दिल्ली की तरह ही यहां के शिक्षकों के भी सभी मसले हल करेंगे। केजरीवाल पंजाब दौरे पर मोहाली पहुंचे और धरनारत शिक्षकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा, पंजाब में सरकार बनने पर दिल्ली की तरह ही यहां के शिक्षकों के भी सभी मसले हल करेंगे। दिल्ली में मैने शिक्षकों के सभी मसले ठीक किए और शिक्षकों ने मेरे बच्चों की पढ़ाई ठीक कर दी। हमने दिल्ली के अपने शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए विदेश में भेजा, जबकि पंजाब सरकार ने अपने शिक्षकों को पानी की टंकी पर भेज दिया। हम जिस भी राज्य में सरकार बनाएंगे, सबसे पहले स्कूल-कालेज ठीक करेंगे। उन्होंने कहा अभी कुछ दिन पहले पंजाब के सफाई कर्मचारी भी मेरे पास आए थे। वे कह रहे थे कि हमें सरकार नियमित नहीं कर रही है। मैंने उनसे भी यह सवाल किया कि मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी साहब कह रहे थे कि 36 हजार कर्मचारियों को पक्का कर दिए।

## किसान हठधर्मिता छोड़ें, बाकी मांगों पर सरकार से बात करेंः रामदेव

एजेंसी < हरिद्वार
www.dailypioneer.com



योग गुरु स्वामी रामदेव ने आंदोलनरत किसानों से शनिवार को अपील की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों विवादास्पद कृषि कानून की वापसी की उनकी प्रमुख मांग मान ली है इसलिए उन्हें हठधर्मिता छोड़ आंदोलन खत्म करना चाहिए और बाकी मांगों को लेकर सरकार से बातचीत शुरू करनी चाहिए। स्वामी रामदेव ने पतंजलि विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर के उद्घाटन एवं प्रथम दीक्षांत समारोह की पूर्वसंध्या पर कहा कि किसानों की मूल मांग यह थी कि तीनों कृषि कानून वापस लिए जाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे मान लिया है और तीनों कानूनों की वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस के बाद गतिरोध खत्म हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाकी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) आदि अन्य मांगों को लेकर सरकार से संवाद करना चाहिए। काम हठधर्मिता से नहीं बनेगा। सहयोग और सदभावना के साथ इस दिशा में आगे बढ़ेंगे तो काम बनेगा। तीनों कृषि कानूनों के बारे में प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य कि वह किसानों को समझा नहीं पाये, उनकी राय पूछे जाने पर स्वामी रामदेव ने कहा, जिसको मोदी ही नहीं समझा पाये। उसमें मैं अपना सिर कैसे खपाऊं।

स्वामी रामदेव ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब आदि पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों के बारे में भी दिलचस्प राय साझा की और कहा कि ये पांचों राज्यों के चुनाव 2024 के लोकसभा चुनाव और भविष्य के भारत की राजनीति की बिसात सजाएंगे। उत्तर प्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य के बारे में उन्होंने कहा कि राज्य में योगी आदित्यनाथ की भारतीय जनता पार्टी और अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के बीच मुकाबला है। बहन मायावती के दलित वोट प्रधानमंत्री मोदी के अंत्योदय के कार्यक्रम के कारण बड़ी संख्या में भाजपा से आकर्षित हो रहे हैं।

### बुआ बबुआ के बयानो से तो गिरगिट भी शरमा जाये : योगी



**गोंडा।** कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को उत्तर प्रदेश की बदहाली का जिम्मेदार बताते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता को आगाह किया कि विकास की बजाय भ्रष्टाचार को तरजीह देने वाले बुआ (मायावती), बबुआ (अखिलेश यादव) के दोहरे चरित्र के बहकावे में कभी मत आना क्योंकि इन लोगों के बयानों से तो गिरगिट भी शरमा जाता है। गोंडा के मैजापुर में बलरामपुर चीनी मिल परिसर में एशिया के सबसे बड़े एथेनाल प्लांट का उद्घाटन करने के बाद योगी ने शनिवार को कहा कि अन्नदाता अपने खेत में गन्ने के साथ डीजल और पेट्रोल का भी उत्पादन करने जा रहा है। एथेनाल प्लांट लगेगा। उन्होंने जो पैसा पहले विदेशों में जाता था, अरब में जाता था, अब वह एथेनॉल उत्पादन के माध्यम से किसान की जेब में जाएगा। किसान खुशहाल होगा तो देश खुशहाल हो जाएगा।

## हुनर हाट में करोड़ों की बिक्री से 'कौशल के कुबेरों' की हौसलाअफजाई हुई : नकवी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को कहा कि प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित 'हुनर हाट' में लाखों लोगों के आने और करोड़ों रुपए के स्वदेशी उत्पादनों की बिक्री से देश के कोने-कोने के 'कौशल के कुबेरों' की हौसलाअफजाई हुई है। नकवी ने 'हुनर हाट' के समापन के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस 'हुनर हाट' में लोगों ने करोड़ों रुपए की स्वदेशी उत्पादनों की खरीदारी तो की ही साथ ही दस्तकारों, शिल्पकारों, कारीगरों को देश-विदेश से करोड़ों रुपए के आर्डर भी प्राप्त हुए हैं। वोकल फोर लोकल के संकल्प को मजबूती से आगे बड़ा रहे हुनर हाट को भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2021 में प्रतिष्ठित सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि हुनर हाट में जहाँ एक ओर लोगों ने देश के कोने-कोने से परंपरागत स्वदेशी उत्पादनों को देखा और खरीदा वहीं दूसरी ओर देश के जाने-माने कलाकारों के विभिन्न सांस्कृतिक, गीत-संगीत के कार्यक्रम लोगों के लिए आकर्षण रहे। भारतीय सर्कस कलाकारों ने पारम्परिक हैरतअंगेज करतब का प्रदर्शन कर हुनर हाट आने वाले लोगों को प्रभावित किया। वहीं हुनर हाट के शानदार सेल्फी पॉइंट्स पर भी लोगों ने जमकर सेल्फी ली। नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वोकल फॉर लोकल मंत्र और स्वदेशी-स्वावलम्बन के आह्वान से भारत की पुश्तैनी हुनर की विरासत की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यहाँ प्रगति मैदान के हॉल नंबर-3 में आयोजित इस हुनर हाट में 300 स्टाल लगाए गए जो इस वर्ष आईआईटीएफ में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की सबसे बड़ी भागीदारी रही। दस्तकारों, शिल्पकारों को रोजगार-स्वरोजगार के लिए आसान ऋण उपलब्ध कराने के लिए हुनर हाट में कैनरा बैंक द्वारा स्टाल भी लगाया गया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मशहूर कलाकारों जैसे अन्नू कपूर, विनोद राठौड़, सुदेश भोसले, रूप कुमार राठौड़ और सोनाली राठौड़, सुरेश वाड़ेकर और पद्मा वाड़ेकर, अमित कुमार, मोहित खन्ना, प्रेम भाटिया, ओसमान मीर, रेखा राज, विवेक मिश्रा, अंकिता पाठक, प्रिया मल्लिक, भूपेंद्र सिंह भुप्पी, मिर्जा सिस्टर्स, पोश जेम्स आदि ने अपने कार्यक्रमों से हुनर हाट में हर शाम को यादगार बनाया।

### खाद्य सुरक्षा के लिए अर्बन फार्मिंग को अपनाना समय की मांग : सिसोदिया



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अर्बन फार्मिंग को अपनाना समय की आवश्यकता है, जिससे लोगों को खेती से जुड़ने और उसका अनुभव करने का मौका मिलेगा। सिसोदिया ने शनिवार को त्यागराज स्टेडियम में देश के पहले दो दिवसीय स्मार्ट अर्बन फार्मिंग एक्सपो का उद्घाटन के बाद कहा कि एक्सपो का आयोजन भविष्य के दृष्टिकोण से दिल्ली में अर्बन फार्मिंग की एक नई क्रांति लाने के लिए किया जा रहा है ताकि यह दिल्ली की हर छत और बालकनी तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अर्बन फार्मिंग को अपनाना समय की आवश्यकता है, साथ ही इससे लोगों को खेती से जुड़ने और उसका अनुभव करने का मौका भी मिलेगा।

**विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना के नए रूप को ओमिक्रॉन नाम दिया**

## कई देशों ने लगाई उड़ानों पर पाबंदी, पीएम ने दिये एहतियात बरतने के निर्देश

वार्ता < वाशिंगटन/ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



दक्षिण अफ्रीका में मिले कोरोना वायरस (कोविड-19) के नये रूप ओमिक्रान ने दुनियाभर में लोगों की चिंता बढ़ा दी। कोरोना के इस रूप के कारण वैश्विक स्तर पर फैले भय के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस जानलेवा विषाणु की वर्तमान स्थिति और इससे निपटने को लेकर शनिवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। मोदी ने अधिकारियों को भारत में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बहाल करने की योजना की समीक्षा करने और इस दिशा में सावधानी से बढ़ने के निर्देश दिए। आधिकारिक बयान के अनुसार इस बैठक में अधिकारियों ने मोदी को कोविड-19 के दक्षिण अफ्रीकी स्वरूप ओमिक्रॉन की जानकारी दी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना के नये रूप को 'ओमिक्रॉन' नाम दिया है। बयान के अनुसार मोदी ने अधिकारियों को नये खतरे को देखते हुए बचाव पर और अधिक ध्यान दिए जाने का निर्देश दिया। बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए उभरते साक्ष्यों (कोविड-19 के नए रूप) को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय यात्राओं पर पाबंदियों में ढील देने की योजना की समीक्षा की जाए। बैठक में प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कोविड महामारी के नये खतरे को देखते हुए लोगों को मास्क पहने तथा सार्वजनिक जगहों पर एक दूसरे के साथ दूरी बना कर रखने जैसी सावधानियों का पूरा अनुपालन करने पर भी जोर दिया। उन्होंने ने कहा है कि 'जोखिम वाले देशों' से आने वाले हर यात्री की कड़ाई के साथ घोषित नियमों और निर्देशों के अनुसार चिकित्सीय जांच करायी जाएगा। दक्षिण अफ्रीका में मिला कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रान काफी तेजी से दुनिया के अन्य देशों में फैल रहा है। हाँगकाँग और बोत्सवाना के बाद शुक्रवार को इजराइल और बेल्जियम में इस वैरिएंट से संक्रमित लोग मिले हैं। इसके बाद ब्रिटेन, ऑस्ट्रिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली और नीदरलैंड ने अफ्रीकी देशों से आनी वाली फ्लाइट्स पर पाबंदी लगी दी। अब अमेरिका, सऊदी अरब, श्रीलंका, ब्राजील सहित कई अन्य देशों ने भी अफ्रीकी देशों की उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन ने दक्षिण अफ्रीका से यात्रा को प्रतिबंधित करने वाली आधिकारिक घोषणा पर अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं जो कि सोमवार दोपहर बाद 12: 01 बजे से प्रभावी होगी। प्रोटोकॉल के अनुसार यह आदेश उन पर लोगों पर लागू होगा, जो अमेरिका में प्रवेश करने के 14 दिन पहले बोत्सवाना, इस्वातिनी, लेसोथो, मलावी, मोजाम्बिक, नामीबिया, दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे में मौजूद थे। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया ने नौ दक्षिण अफ्रीकी देशों की सभी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत ने हालांकि अब तक किसी देश की उड़ान पर पाबंदी नहीं लगाई है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बंगलादेश, बोत्सवाना, चीन, मॉरिशस, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे, सिंगापुर, इजरायल, हाँगकाँग और ब्रिटेन समेत यूरोप के कुछ देशों से आने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुरक्षा मानकों का पालन करना होगा। इससे पहले यूरोपीय देश ऑस्ट्रिया, फ्रांस, इटली, नीदरलैंड और माल्टा ने उन पर्यटकों पर बैन लगाया है जो पिछले दो हफ्तों में दक्षिण अफ्रीका, लेसोथो, बोत्सवाना, जिम्बाब्वे, मोजाम्बिक, नामीबिया और इस्वातिनी गए थे। जर्मनी ने शुक्रवार रात से दक्षिण अफ्रीका को वायरस वैरिएंट एरिया घोषित कर दिया है। यहां से आनी वाली एयरलाइन्स को सिर्फ इसलिए एंट्री मिलेगी, ताकि जर्मनी के निवासी वापस आ सकें। दुनियाभर में इस महामारी से अब तक 26,07, 59, 348 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 51,91, 575 लोगों की मौत हुई है। अमेरिका की जॉन हापकिंस यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में 4,81,77,954 लोगों अब तक इस विषाणु की चपेट में आए हैं, जबकि 776349 लोगों की मौत हुई है। ब्राजील में अब तक इससे 22067630 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 613, 957 लोगों की मौत हुयी है। देश में शुक्रवार देर रात तक कोरोना संक्रमण के 8318 नए मामले दर्ज करने के साथ संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ 45 लाख 63 हजार 749 हो गई है। इस दौरान 10967 मरीजों के स्वस्थ होने के साथ ही महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर तीन करोड़ 39 लाख 88 हजार 797 हो गयी है। वहीं पिछले 24 घंटों में 10967 मरीजों के स्वस्थ होने के साथ ही महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर तीन करोड़ 39 लाख 88 हजार 797 हो गयी है। इस अवधि में सक्रिय मामलों में 3114 कमी देखी गया और कुल सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 107019 रह गयी है।

## देश में कोरोना सक्रिय मामलों में आयी कमी

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण की स्थिति में कुछ सुधार आया है। इस दौरान संक्रमित के मुकाबले स्वस्थ्य होने वालों की संख्या अधिक रहने से सक्रिय मामलों में कमी देखी गयी है। देश में शुक्रवार देर रात तक कोरोना संक्रमण के 8318 नए मामले दर्ज करने के साथ संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ 45 लाख 63 हजार 749 हो गई है। इस दौरान 10967 मरीजों के स्वस्थ होने के साथ ही महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर तीन करोड़ 39 लाख 88 हजार 797 हो गयी है और सक्रिय मामले घटकर 107019 रह गए। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान 73 लाख 58 हजार 17 कोविड टीके लगाये गये हैं। इसके साथ ही अभी तक 121 करोड़ छह लाख 58 हजार 262 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार देश में पिछले 24 घंटों में 10967 मरीजों के स्वस्थ होने के साथ ही महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर तीन करोड़ 39 लाख 88 हजार 797 हो गयी है। इस अवधि में सक्रिय मामलों में 3114 कमी देखी गया और कुल सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 107019 रह गयी है। इस अविधि में जानलेवा वायरस के संक्रमण से 465 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर चार लाख 67 हजार 933 हो गया है।

# मंत्री भेंड़िया की मदद से बोलने-सुनने लगी मूकबधिर तीशा मूकबधिर पंकज ने भी सुनी पहली बार आवाज

## तीशा से पहली बार 'मां' सुनकर खुशियों से छलछला गई माता-पिता की आंखें



■ मंत्री भेंड़िया के निर्देश पर मूकबधिर बच्चों के इलाज और पढ़ाई लिखाई की हुई व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मात्र 15 प्रतिशत सुनने की क्षमता के साथ बड़ी हो रही तीशा ने जन्म के 5 साल बाद जब पहली बार मां कहा, तो माता-पिता की आंखें खुशियां से छलछला उठीं। उनके लिए यह एक चमत्कार ही था, जो शासन की कोशिशें से ही संभव हो पाया। तीशा को बोलते देखकर करीब गांव में रहने वाले मूकबधिर पंकज के पिता जितेन्द्र कुमार कन्नोजे के मन में भी आस जागी। पंकज को भी शासन की मदद मिली और उसने 7 साल में पहली बार आवाज सुनी।

**बोलने-सुनने लगी मूकबधिर तीशा :** बालोद जिले के डौंडी लोहारा क्षेत्र की पांच साल की तीशा कोमा और सात साल का पंकज कन्नौजे बचपन से सुन-बोल नहीं सकते थे। क्षेत्र के समाज सेविका सुनीलिमा श्याम को तीशा की जानकारी मिलने पर वह गुजरा गांव के रहने वाले तीशा की मां प्यारी बाई और पिता भेलसिंह कोमा को लेकर महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया से मिलने पहुंची। मंत्री भेंड़िया ने संवेदनशीलता के साथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में उसके इलाज की व्यवस्था करवाई। जांच से बता चला कि तीशा के कानों में 85 प्रतिशत सुनने की क्षमता नहीं है। तीशा को हॉस्पिटल से सुनने वाली मशीन कानों में लगाई गई। कान में मशीन लगाने से धीरे-धीरे तीशा आवाज सुनकर प्रतिक्रिया देने लगी और ईलाज के तीन माह के अंदर ही बोलने लगी। तीशा की मां ने बताया कि तीन-चार साल की होने पर भी तीशा बोलती नहीं थी न ही आवाज के प्रति कोई प्रतिक्रिया देती थी इससे वे चिन्तित रहते थे। रोजी-मजदूरी के कारण आय सीमित होने से वे महंगा ईलाज भी नहीं करा सकते थे, ऐसे में सरकारी मदद उनके बच्चे के लिए वरदान बनकर सामने आई। राज्य सरकार का आभार जताते हुए खुश होकर उन्होंने बताया कि तीशा अब मां-पापा, गिनती, अनार, आम बोलने के साथ अक्षर भी बताने लगी है।

### 14 दिव्यांगजन को लगे कृत्रिम पैर नये जीवन की ओर बढ़े कदम

महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया रायपुर के माना कैम्प में 'फिजिकल रिफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर के बढ़ते कदम' कार्यक्रम में शामिल हुंई। कार्यक्रम का आयोजन सरगुजा जिले के दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग प्रदान करने के उपलक्ष्य में किया गया था। भेंड़िया ने सरगुजा जिले से आए 14 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग लगने पर मिठाई खिलाकर बधाई दी और फूल मालाओं से उनका सम्मान किया।

### दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग प्रदान

भेंड़िया ने सभी दिव्यांगजन से बातचीत कर उनकी परेशानी जानी और भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने फिजिकल रिफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर (पीआरआरसी) में दिव्यांगजन के लिए कृत्रिम अंग बनाने, लगाने और प्रशिक्षण कक्ष के साथ स्पीच थेरेपी कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के संचालक पी.दयानंद भी उपस्थित थे।

### सरगुजा जिले के दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग प्रदान

भेंड़िया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा है कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक सुविधाओं की पहुंच हो। उनके निर्देशों पर चलते हुए पीआआरसी की टीम सरगुजा के गांव-गांव के दिव्यांगजन तक पहुंची। उन्होंने विभागीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि सरगुजा की तरह तरह टीम हर जिले तक पहुंचे। बस्तर के बीहड़ों में जाकर भी जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर अच्छा और जिम्मेदारी के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि कृत्रिम अंगों से दिव्यांग लोगों ने अपने कदम आगे बढ़ाए हैं,आगे वे जल्दी चलने लगेंगे और अपने परिवारों का सहारा बनेंगे। उन्होंने कहा कि छोटे-बच्चों को फिर से खेलते-दौड़ते देखकर माता-पिता की खुशी को शब्दों में नहीं बताया जा सकता। बड़े हॉस्पिटल में कृत्रिम अंगों के लिए लाखों रूपए खर्च करने पड़ते हैं।

# नगरीय प्रशासन मंत्री ने सरपंच एवं मितानिनों को किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने रायपुर जिले के विकासखंड आरंग में विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। इन कार्यों में सड़क, तालाब, स्कूल, सामुदायिक भवन सहित नाली निर्माण एवं अन्य कार्य शामिल हैं। डॉ डहरिया ने आरंग विकासखण्ड क्षेत्र के एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सरपंच एवं मितानिन सम्मान समारोह में शामिल होकर मितानिनों एवं सरपंचों को सम्मानित किया।

**मंत्री ने सरपंच एवं मितानिनों को किया सम्मानित :** नगरीय प्रशासन मंत्री ने आरंग विकासखंड के सण्डी ग्राम में स?क, सामुदायिक भवन, नाला, निर्माण, बोर खनन, स्कूलों में पेयजल सहित अन्य कार्य जिनकी लागत करीब 75 लाख 50 हजार रूपये के कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। डॉ. डहरिया ने आरंग में मितानिनों के लिए प्रशिक्षण भवन बनाने के लिए 20 लाख रूपये प्रदान करने की घोषणा की तथा कर्मचारी भवन में डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा लगाने की भी घोषणा की। डॉ डहरिया ने बताया कि आरंग में नये सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र के लिए 2 करोड़ 50 लाख रूपये स्वीकृत किये गये हैं। मितानिन एवं सरपंच सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए डॉ डहरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में छत्तीसगढ़ में गांव, गरीब, किसान सहित सभी वर्गों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

### स्वेच्छानुदान हितग्राहियों को 7.50 लाख रूपए की सहायता

नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने रायपुर जिले के विकासखण्ड आरंग के विभिन्न ग्रामों के भ्रमण के दौरान 12 जरूरतमंद ग्रामीणों को स्वेच्छा अनुदान मद से 7 लाख 50 हजार रूपए की राशि वितरित की। गौरतलब है कि नगरीय प्रशासन मंत्री की अनुसंशा पर जरूरतमंद ग्रामीणों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से यह राशि स्वीकृत की गई है। डॉ. डहरिया ने जिन हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान राशि के चेक वितरित किए, इन हितग्राहियों में ग्राम रसनी के सीताराम साहू को जीवकोपार्जन हेतु 2 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम गुमा के टेमनसिंह साहू को स्वरोजगार हेतु 50 हजार रूपए का चेक प्रदान किया। इसी तरह से ग्राम बनरसी के अवधराम साहू को उपचार हेतु 25 हजार रूपए, ग्राम बैहार के विष्णु प्रसाद साहू को उपचार हेतु 50 हजार रूपए, वार्ड क्रमांक 13 आरंग के चंद्रशेखर देवांगन को उपचार हेतु एक लाख रूपए, ग्राम कुकरा के नरेन्द्र कुमार डहरिया को उपचार हेतु 50 हजार रूपए और ग्राम गुजरा के भागवत बंजारे को उपचार हेतु 50 हजार रूपए का चेक प्रदान किया। गनौद के मालतु तारक को उपचार हेतु 50 हजार रूपए, ग्राम कोसरंगी के नंद कुमार सोनवानी को उपचार हेतु 50 हजार रूपए, ग्राम बरौदा (माना कैम्प) के जनत्रीन बाई लहरे को 50 हजार रूपए एवं सीताराम लहरे को उपचार हेतु 50 हजार रूपए और ग्राम पचेड़ा के नेहरू लाल डांडे को उपचार हेतु 25 हजार रूपए का चेक प्रदान किया।

# कांग्रेस की महंगाई हटाओ रैली 12 दिसंबर को रामलीला ग्राउण्ड नई दिल्ली में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस पार्टी द्वारा बढ़ती महंगाई के खिलाफ जन जागरण अभियान के तहत 12 दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली स्थित रामलीला ग्राउण्ड में प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय स्तर पर महंगाई हटाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित राष्ट्रीय स्तर के नेतागण संबोधित करेंगे। रैली में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था की बर्बादी, तेजी से गहराती मंदी से हमारे करोड़ों देशवासियों को बेरोजगारी के गर्त में धकेल दिया है। आसमान छूती महंगाई और रोजमर्रा की जरूरत के सामानों की बढ़ती कीमतों के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी निर्देशानुसार 14 नवंबर से 29 नवंबर तक देशव्यापी जन-जागरण अभियान छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में निरंतर चल रहा है। अपने जिले में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता के साथ जन जागरण अभियान को सफलतापूर्वक आयोजित कर रहे है। छत्तीसगढ़ में जन जागरण रैली यात्रा का समापन 29 नवंबर को कोण्डागांव में आयोजित था वह अब जन जागरण अभियान का नियमित कार्यक्रम के रूप में आयोजित होगा। जन जागरण कार्यक्रम का समापन दिसंबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जायेगा।

# आरडीए ने बॉम्बे मार्केट में किराये पर दी गई दो दुकानें खाली कराई

■ नए आवंटितयों को दिया जाएगा कब्जा

■ 6 हॉल और 46 दुकाने विक्रय के लिए उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




रायपुर विकास प्राधिकरण की बॉम्बे मार्केट व्यवासायिक योजना में मासिक किराये से दी गई दुकानों पर अवैध रुप से काबिज दो दुकानदारों से दुकानें खाली कराकर कब्जा वापस ले लिया गया। आरडीए ने बॉम्बे मार्केट में किराये पर दी गई दो दुकानें खाली कराई काबिज थे। प्राधिकरण ने इन्हे पिछले वर्ष दुकानें खाली करने के लिए नोटिस दिया था किन्तु इनके व्दारा दुकानें खाली नहीं की गई थी। पूर्व में 1440 रुपए के मासिक किराये पर दी गई इन काबिज दुकानदारों को प्राथमिकता से दिए जाने के उच्च न्यायालय के आदेश के बाद प्राधिकरण ने निविदा में दुकानदारों को प्राथमिकता के साथ दो अवसर दिए। किन्तु बॉम्बे मार्केट की दुकान नंबर डी-3 डी-4 को लेने में इन दुकानदारों व्दारा कोई रुचि नहीं दिखाई गई और ना ही नोटिस के बाद दुकानें खाली की। निविदा में अन्य लोगों व्दारा दुकानें क्रय करने के बाद प्राधिकरण ने इसकी रजिस्ट्री की और अब कब्जा दिया जाना था। चूंकि पूर्व से काबिज दुकानदारों ने नोटिस के बाद भी दुकानें रिक्त कर कब्जा नहीं दिया था इसीलिए प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता और राजस्व अधिकारी की टीम ने प्राधिकरण के अमले और मौदहापारा के पुलिस बल के सहयोग से दुकानदारों से कब्जा प्राप्त किया। निविदा के माध्यम से विक्रय की जा चुकी इन दोनों दुकानों का कब्जा अब नए आवंटितियों को सौंपा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि बॉम्बे मार्केट में प्राधिकरण व्दारा 6 बड़े हॉल और 46 दुकानों का विक्रय किया जा रहा है। दुकानों का क्षेत्रफल 102 वर्गफुट से 444 वर्गफुट तक है। रायपुर विकास प्राधिकरण इसका हर महीने के दूसरे और चौथे सोमवार को निविदा के माध्यम से आवंटन कर रहा है।

# संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर 19 साहित्यकारों-भाषाविदों को करेंगे सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत 28 नवम्बर को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी राजभाषा के 19 साहित्यकारों-भाषाविदों को सम्मानित करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद करेंगें। कार्यक्रम का आयोजन राजभाषा आयोग द्वारा राजधानी रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय स्थित सभागार में सवेरे 9 बजे से किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डॉ. अनिल कुमार भतपहरी ने बताया कि कार्यक्रम में जिन साहित्यकारों-भाषाविदों को सम्मानित किया जाएगा उनमें रायगढ़ के सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बिहारी लाल साहू, नवापारा खैजा के सेवानिवृत्त व्याख्याता हर प्रसाद निडर, शासकीय महाविद्यालय महासमुंद की प्राध्यापक डॉ. अनुसुईया अग्रवाल, सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं चंदैनी गोंदा के उद्घोषक डॉ. सुरेश देशमुख, मगरलोड के वरिष्ठ साहित्यकार पुनूराम साहू, दुर्ग के वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व बैंक प्रबंधक अरूण निगम, कुडुख, सादरी एवं हिन्दी कविता और कहानी लेखक एवं सहायक प्राध्यापक जशपुर डॉ. कुसुम माधुरी टोप्पो, दुर्ग के वरिष्ठ साहित्यकार एवं गीतकार गिरवरदास मानिकपुरी, रायपुर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं गीतकार तथा नगरीय प्रशासन संचालनालय में निज सचिव रमेश विश्वहार, महासमुन्द के पूर्व सहायक पशु चिकित्सा परिक्षेत्राधिकारी बंधु राजेश्वर खरे, वरिष्ठ छत्तीसगढ़ी उद्घोषक एवं कार्यक्रम अधिकारी आकाशवाणी रायपुर के श्याम वर्मा, रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार पहट पत्रिका गुलाल वर्मा, हरिभूमि चौपाल के सम्पादक डॉ. दीनदयाल साहू दुर्ग, न्यूज 24 म.प्र-छ.ग. के सम्पादकीय सलाहकार संदीप अखिल रायपुर, न्यूज 36 वेब चैनल के सम्पादक नवीन देवांगन बिलासपुर, बिलासपुर की वरिष्ठ साहित्यकार लता राठौर, सरगुजिहा भाषा की पत्रिका के प्रकाशक एवं सेवानिवृत्त बैक अधिकारी अंबिकापुर डॉ. सुधीर पाठक, गोंडी भाषा की साहित्यकार जयमति कश्यप कोण्डागांव और रायपुर की वरिष्ठ छत्तीसगढ़ी उद्घोषिका तृप्ति सोनी शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ी भाषा के संबंध में चरचा-गोष्ठी, प्रबुद्ध साहित्यकार करेंगे शिरकत

छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस 28 नवम्बर के अवसर पर छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग द्वारा आयोजित चरचा-गोष्ठी में प्रबुद्ध साहित्यकार और भाषाविद शिरकत करेंगे। चरचा-गोष्ठी कार्यक्रम राजधानी रायपुर स्थित महंत घासीदास संग्रहालय के सभागार में सवेरे 11 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत होंगे। अध्यक्षता संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद करेंगे। चरचा-गोष्ठी में प्रबुद्ध साहित्यकारों-भाषाविदों द्वारा छत्तीसगढ़ी की मानकीकरण, छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक तत्व और लोक नायक-महापुरूषों पर लेखन, राजकाज में छत्तीसगढ़ी, आठवीं अनुसूची और पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ी विषय पर परिचर्चा होगी। चरचा-गोष्ठी के अंतिम सत्र में सम्मानित रचनाकारों और उपस्थित कवियों के द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ ने बनाया एक और कीर्तिमान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ ने देश के बड़े राज्यों के बीच एक नया कीर्तिमान बनाया है। एक सर्वे के अनुसार समावेशी विकास में देश के बड़े राज्यों में छत्तीसगढ़ ने पाँचवा स्थान हासिल किया है। इस रैंकिंग के अनुसार पहले स्थान पर आँधप्रदेश ने बाजी मारी है वहीं गुजरात, मध्य प्रदेश जैसे बड़े राज्य छत्तीसगढ़ से काफी निचले पायदान पर हैं। यह सर्वे प्रतिष्ठित पत्रिका इंडिया टुडे के द्वारा देश के सभी राज्यों के बीच किया गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में आर्थिक अवसरों को पैदा करने के साथ- साथ समाज के सभी वर्गों के लिये विकास के समान अवसर सृजित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। ग्रामीण विकास पर आधारित योजनाओं से छत्तीसगढ़ के गांवों में तीन सालों में ही बड़ा बदलाव दिख रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य में नई सरकार गठन के साथ ही छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास के लिए एक रोड मैप तैयार किया गया। जिसके तहत सबसे पहले किसानों का ऋण माफ किया, किसानों को इनपुट सब्सिडी के रूप में 5 हजार करोड़ की राशि दी, समर्थन मूल्य पर वनोपज की खरीदी की गयी, मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराए, जिससे किसानों, गरीब और मजदूरों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। नरवा, गरवा, घुरवा, बारी कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास हुए। जिसमें परंपरागत संसाधनों का बेहतर इस्तमाल सुनिष्चित किया गया। इसका परिणाम किसानों तथा ग्रामीणो की व्यक्ति गत आय वृद्धि के रूप में देखा गया।

# छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव चंदन यादव का दौरा कार्यक्रम

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव शाम 7.45 बजे रायपुर पहुंचेंगे। रात्रि 8 बजे सर्किट हाउस रायपुर में वरिष्ठ कांग्रेसजनों से भेंट एवं चर्चा। 29 नवंबर 2021 सोमवार को सुबह 6 बजे रायपुर से कोण्डागांव के लिये रवाना होंगे। सुबह 10.30 बजे कोण्डागांव में जन-जागरण अभियान के तहत आयोजित पदयात्रा कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 4 बजे कोण्डागांव से रायपुर के लिये रवाना होंगे। 30 नवंबर मंगलवार को सुबह 10 बजे राजीव भवन रायपुर में आयोजित प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में भाग लेंगे।



# नगरीय निकाय चुनाव घोषणा पत्र समिति की बैठक 29 को राजीव भवन में

**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनाव 2021 चुनाव घोषणा पत्र समिति की बैठक 29 नवंबर 2021 सोमवार को दोपहर 2 बजे राजीव भवन रायपुर में समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में आहूत की गयी है। नगरीय निकाय चुनाव घोषणा पत्र समिति के सदस्यों को कहा गया है कि बैठक में नगरीय निकाय चुनाव घोषणा पत्र हेतु अपना बहुमूल्य सुझाव, राय एवं नगरीय निकाय क्षेत्र के लिये आगामी कार्य योजना लिखित में प्रस्तुत करते हुये बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे। नगरीय निकाय चुनाव घोषणा पत्र समिति में वरिष्ठ मंत्री मोहम्मद अकबर अध्यक्ष, मंत्री रविन्द्र चौबे, मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, मंत्री अमरजीत भगत, राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र साहू, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस आईटी सेल के अध्यक्ष जयवर्धन बिस्सा सदस्य है।

## पिछले 3 महीनों में 30 हजार ओपीडी, 200 से अधिक प्रसव

# 'हमर अस्पताल' ने बदली स्वास्थ्य सेवाओं की सूरत और सीरत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





राजधानी रायपुर में संचालित चार 'हमर अस्पताल' से शहर में स्वास्थ्य सेवाओं की सूरत और सीरत बदल रही है। कई नई सुविधाओं से लैस इन अस्पतालों में पिछले तीन महीनों अगस्त, सितम्बर एवं अक्टूबर में 30 हजार ओपीडी हुई हैं। इस दौरान यहां 200 से अधिक प्रसव भी कराए गए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से गुढ़ियारी के शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा राजातालाब, भाठागांव और भनपुरी स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का पिछले वर्ष 'हमर अस्पताल' के रूप में उन्नयन किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने मार्च-2020 में गुढ़ियारी में और नवम्बर-2020 में राजातालाब, भाठागांव और भनपुरी में 'हमर अस्पताल सेवा' का शुभारंभ किया था।

**बदली स्वास्थ्य सेवाओं की सूरत और सीरत :** लोगों को सुबह से लेकर देर शाम तक चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए इन अस्पतालों में सवेरे 8 बजे से रात 8 बजे तक ओपीडी संचालित की जा रही है। यहां की आधुनिक लैब में मरीजों को 42 तरह की जांच की सुविधा मिल रही है। इन अस्पतालों में 150 प्रकार की दवाईयां निःशुल्क उपलब्ध हैं। चारों 'हमर अस्पताल' में विगत सात महीनों में कुल 1611 लोगों के आंखों की जांच की गई है। गुढ़ियारी 'हमर अस्पताल' में विगत सात महीनों (अप्रैल से अक्टूबर 2021) में 1188 लोगों के दांत के इलाज के साथ ही 320 मरीजों को एक्स-रे सुविधा प्रदान की गई है। राजातालाब और गुढ़ियारी 'हमर अस्पताल' में इस साल अगस्त से सोनोग्राफी की सुविधा भी शुरू हो चुकी है। इन दोनों अस्पतालों में अगस्त से अक्टूबर के बीच क्रमशः 151 और 163 मरीजों की सोनोग्राफी की गई है। अन्य 'हमर अस्पतालों' में भी दंत चिकित्सा, सोनोग्राफी और एक्स-रे की सुविधा विकसित की जा रही है।

नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत पिछले सात महीनों में चारों 'हमर अस्पताल' में कुल 335 बच्चों को हेपेटाइटिस-बी, 282 बच्चों को विटामिन-के की खुराक तथा 405 बच्चों को बीसीजी का टीका एवं ओरल पोलियो वैक्सीन दी गई है। गुढ़ियारी 'हमर अस्पताल' की ओपीडी में बीते तीन महीनों में 8709, राजातालाब 'हमर अस्पताल' की ओपीडी में 8687, भनपुरी 'हमर अस्पताल' की ओपीडी में 7143 और भाठागांव 'हमर अस्पताल' की ओपीडी में 5441 लोगों ने अपना इलाज कराया है। इस दौरान गुढ़ियारी 'हमर अस्पताल' में 77, राजातालाब 'हमर अस्पताल' में 53, भनपुरी 'हमर अस्पताल' में 38 और भाठागांव 'हमर अस्पताल' में 35 महिलाओं का प्रसव कराया गया है।

# नक्सलियों ने दिया बड़ी घटना को अंजाम सरपंच पति की निर्मम हत्या, जेसीबी फूंका

## घर के सामने खड़ी जेसीबी मशीन को किया आग के हवाले

पायनियर संवाददाता ◂ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर नक्सलियों ने बड़ी घटना को आंजाम देते हुऐ सरपंच पति को मौत के घाट उतार दिया एवं एक जेसीबी मशीन को आग के हवाले कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने एक बार फिर बड़ी घटना को अंजाम दिया है मामला फरसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करमरी का बताया जा रहा है। बता दें सरपंच खेत कार्य करके वापस घर लौट रहा था तभी लगभग रात 10.30 बजे नक्सलियों द्वारा बाजार पसरा के पास रोक कर नक्सलियों ने ग्राम पंचायत के सरपंच पति बिरजू सलाम की गला घोंटकर हत्या कर दी। वही नक्सलियों द्वारा सरपंच के घर के सामने खडी जेसीबी मशीन को भी आग के हवाले कर दिया गया है। जेसीबी मशीन



नारायणपुर के शुक्र निषाद की बतायी जा रही हैं। बता दें की नारायणपुर जिले से 20 से 21किलोमीटर के दूरी पर ग्राम करमरी पंचायत थाना फरसगांव का यह पूरा मामला है । जहां सरपंच के गांव में नक्सली पहुंचे और पूरी घटना को रात के अंधेरे में अंजाम दिया गया।

### सरपंच पत्नी फूलदाय सलाम व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है

घटना को नेलनार एरिया कमेटी ने अंजाम दिया है। नक्सलियों ने सरपंच पति पर आरोप लगाया है कि बिरजू सरकारी कार्यक्रम एवं पुल पुलिया निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। नक्सलियों ने घटना को अंजाम देने के बाद वहा पोस्टर बैनर बांध दिया है। मृतक बिरजू सलाम के परिवार में तीन बेटी और एक बेटा है। घटना के बाद से ही इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।क्षेत्र में लगातार नक्सली अपनी उपस्थिति दर्ज कराते आ रहे हैं। घटना की पुष्टि अतरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर ने की है।

# शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अस्त्र-शस्त्र पुलिस थाना में जमा कराने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ कांकेर
www.dailypioneer.com

जिले के नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के वार्ड क्रमांक-09 में पार्षद पद के उप निर्वाचन में मतदान एवं मतगणना को निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्दन कुमार द्वारा नगर पंचायत भानुप्रतापपुर सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले समस्त शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों (लॉयसेंसियों) को अस्त्र-शस्त्र पुलिस थाना में तत्काल जमा कराने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त अनुज्ञप्तिधारी (लॉयसेंसी) अपने शस्त्र कांकेर जिला के शस्त्र डीलर, जिनके पास शस्त्र डिपाजिट करने का अनुज्ञप्ति है, वहां भी जमा करा सकते हैं, जो व्यक्ति शस्त्र डीलर के पास शस्त्र जमा करते हैं, उसकी सूचना भी संबंधित थाने में देना होगा। संबंधित शस्त्र डीलर थानावार जानकारी तैयार कर संबंधित थाना एवं जिला दण्डाधिकारी कार्यालय को प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश जिला कांकेर के नगर पंचायत भानुप्रतापपुर सीमा क्षेत्र के सभी लॉयसेंसी तथा बाहर के जिले से आये लॉयसेंसी पर भी लागू होंगे। सभी लॉयसेंसी आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए गठित जिला कमेटी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार इस आदेश से समस्त मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गार्ड, वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति के सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गार्ड मुक्त रहेंगे। ऐसे अनुज्ञप्तिधारी (लॉयसेंसी) व्यक्ति जिनके पास सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र होना अतिआवश्यक है, अनुज्ञप्तिधारी के आवेदन पर कमेटी द्वारा विचार उपरांत इस आदेश से मुक्त रखने अथवा नहीं रखने के संबंध में निर्णय लिया जा सकता है। जिला कमेटी को दिये जाने वाले आवेदन कलेक्ट्रेट कांकेर के कक्ष क्रमांक 15 में लॉयसेंस शाखा में दिया जा सकता है। ऐसे अनुज्ञप्तिधारी जिन्हें इस आदेश से मुक्त रखा गया है, उन्हें भी अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में आवश्यक रूप से तत्काल देना होगा तथा अपने अस्त्र-शस्त्र बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा क्षेत्र से बाहर नहीं ले जा सकेंगे। संबंधित थाना प्रभारी एंव संबंधित शस्त्र डीलर यह सुनिश्चित करेंगे कि इस तरह जमा किये जाने वाले शस्त्र का उचित रूप से पंजी बनाकर उसमें जमा किये जाने वाले शस्त्रों का इंद्राज करेंगे और शस्त्र जमा करने वालों को इस संबंध में पावती देंगे।

# सीएमओ ने सेना भर्ती के लिए प्रशिक्षण ले रहे जरूरतमंद युवाओं को जूता वितरण



पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

27 नवंबर 2021 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूरज सिदार द्वारा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव में बस्तर फाइटर्स, एस एस सी, एस आई, और सेना भर्ती में जाने के लिए प्रशिक्षण ले रहे जरूरत मंद बच्चो को निःशुल्क जूता का वितरण किया, और भी उनकी अन्य आवश्कताओं के बारे में पूछा । इसके साथ ही बच्चो को खूब मेहनत करने और अच्छे से पढ़ाई करने को कहा गया जिससे वे अपने लक्ष्य को हासिल कर सके तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके पूर्व भी सूरज सिदार द्वारा बच्चों को समय समय पर मार्गदर्शन दिया गया है, ताकि हमारे क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को रोजगार मिल सके और देश की सेवा कर सके। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से सीएमओ सूरज सिदार को बच्चो की मदद करने के लिए आभार व्यक्त किया गया । इस मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सरंक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सुरज कुमार यादव, सचिव उमेश साहू, मीडिया प्रभारी सोमेश्वर भारती, पूर्व सैनिक आकाश देवांगन, धँसराज टण्डन उपस्थित रहे।

# बांसकोट पुलिस ग्राम धामनपुरी में लगाया चलित थाना

- अपनी समस्यों को लेकर चौकी बांसकोट पुलिस से रूबरू हुए ग्रामीण

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक सिद्वार्थ तिवारी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भुपत सिंह धनेश्री के मार्गदर्शन में चौकी बांसकोट थाना विश्रामपुरी के ग्राम धमनपुरी चलित थाना लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी गयी।

इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच भुखराम नेताम एवं ग्रामीण उपस्थित रहे, ग्रामीण चौकी बांसकोट पुलिस को अपने बीच पाकर काफी उत्साहित व खुश दिखाई दिये ग्रामीणों ने अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को चौकी बांसकोट पुलिस के बीच में रखा गया। ग्रामीणों की समस्या का निराकरण मौके पर किया गया। ग्रामीण को सायबर अपराध ऑनलाईन फ्राण्ड, एटीएम ठगी के बारे में विस्तृत जानकारी देकर इससे बचाने के उपाय भी बताये गये। समाज में होने वाली महिला संबधित अपराध जैसे दहेज प्रताडना, दहेज मृत्यू, घेरलू हिंसा, बाल विवाह, छेडछाड तथा बच्चों के उपर होने वाली लैगिक अपराध, बाल मजदुरी एवं मानव तस्करी के बारे में विस्तृत चर्चा कर महिला एवं बच्चों को कानून के द्वारा प्रदत उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई।





वर्तमान परिवेश क्षेत्र में सडक दुर्घटना अधिक हो रही है जिससे जन एवं संपत्ती की हानी ज्यादा हो रही है यातायात के संबंध में ग्रामीण को विस्त्त जानकारी दिया गया, तथा नशे के हालत में वाहन नहीं चलाने हेतु समझाईश देकर ग्रामीणजनों को लांयसेंस बनाकर वाहन चलाने एवं वाहन म्याद खत्म होने से पहले वाहन का बीमा करने की सलाह दी गई।

बाहर से आये ढोंगीं बाबा, जेवर गहने साफ करने वाले के चक्कर में नही पडने की समझाईश दिया गया। गांव में किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने या अपराध घटित होने से तत्काल चौकी बांसकोट पुलिस को सूचित करने निर्देश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की गई एवं ग्राम रक्षा समिति के नये सदस्यों का विस्तार भी किया गया। जिला पुलिस कोण्डागांव के द्वारा चलाये जा रहे। अमचों पुलिस आमचों संगी समुदायिक पुलिसिंग के तहत गांव के नवयुवको को खेल समाग्री का वितरण भी किया गया।

इस कार्यक्रम में चौकी प्रभारी बांसकोट उपनिरीक्षक विवेंक सेंगर प्रधान आरक्षक राजेन्द्र बघेल आरक्षक फासुर्राम नेताम भारत नेताम, सत्येन्द्र कुमारउपरिथत रहें।

# सूरजपुर कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुई केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह

पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ भाजपा महिला मोर्चा के कार्य समिति की एक दिवसीय बैठक सूरजपुर के सेवाकुंज में आयोजित की गई थी जिसमें केंद्रीय जनजाति राज्यमंत्री रेणुका सिंह महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत, प्रदेश पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य एवं समस्त जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा की गरिमामय उपस्थिति में एक दिवसीय कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में भाजपा महिला मोर्चा दंतेवाड़ा से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ओजस्वी भीमा मंडावी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमन प्रभा



यादव, महामंत्री पायल गुप्ता, ममता गुप्ता, जनपद अध्यक्ष गीदम अंती वेक, लता मरकाम, किरण भदौरिया, विमला नाग, श्रीमती रीना कश्यप, युगेश्वरी देवांगन शामिल हुए।

# मंडी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 28 नवंबर को होगी सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ,रायपुर के द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड, रायपुर के अतंर्गत मंडी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 परीक्षा 28 नवंबर 2021 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से 1.15 बजे तक (05) परीक्षा केन्द्रों में संचालित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु जिला परियोजना अधिकारी वेणु गोपाल राव, प्राचार्य एकलव्य विद्यालय गोलावण्ड दवल सिंह पोटाई, एमआईएस प्रशांसक सियाराम नेताम, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी देवेन्द्र सोरी एवं सहायक जिला परियोजना अधिकारी कमलसाय मरकाम को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है साथ ही इसके लिए जिला मुख्यालय में पांच परीक्षा केन्द्र शासकीय गुण्डाधूर महाविद्यालय, चांवरा हायर सेकेण्डरी स्कूल, शा. बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, शा. कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय तथा शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल तहसीलपारा को बनाया गया है। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशा निदेर्शानुसार सोशल डिस्टेसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निदेर्शों का पालन करना अनिवार्य होगा।

# नगरपालिका उप निर्वाचन के संबंध में सम्पत्ति विरूपण अधिनियम लागू

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेश के तहत् निर्धारित कार्यक्रम अनुसार नगरपालिका के 01 वार्ड में उप निर्वाचन 2021 की कार्यवाही प्रारंभ हो चुकी है। जिसके अनुसार जिले के नगरपालिका कोण्डागांव हेतु मतदान 20 दिसम्बर 2021 व मतगणना 23 दिसम्बर 2021 को निर्धारित है। निर्वाचन के दौरान चुनाव प्रचार-प्रसार करने के लिए शासकीय, अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाते हैं एवं बैनर एवं विद्युत खम्बों में झण्डियां इत्यादि लगायी जाती है। जिससे शासकीय/अशासकीय सम्पत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सम्पत्ति विरूपण अधिनियम 1994 की धारा-3 के अनुसार कोई भी जो सम्पत्ति स्वामी के लिखित अनुज्ञा के बिना, सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी सम्पत्ति को स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थो से लिखकर या चिन्हित करके उसे विरूपित करेगा, वह जुमार्ने से जो 1000 रूपये तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा। इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा।

अतः छ.ग. सम्पत्ति विरूपण अधिनियम 1994 की धारा-5 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किया गया है कि चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में ऐसे कृत्यों के निवारण के लिए प्रत्येक थाने में लोक सम्पत्ति सुरक्षा 'दस्ता' संबंधित थाना प्रभारी की देख-रेख में कार्य करेगा तथा भ्रमण करते समय सम्पत्ति को विरूपित होने से रोकेगा। इस दस्ते में राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगरपालिका/नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहेंगे।

## पशुरुग्ण आवास और मुक्तिधाम की स्थापना पर चर्चा हुई

# राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष रामसुंदर दास की अध्यक्षता में पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

छग राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महामंडलेश्वर राजेश्री डॉ महन्त रामसुंदर दास की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें उनके साथ पधारे सदस्य नरेन्द्र यादव, निर्मल दास जी वैष्णव एवम सुखराम दास जी पधारे। बैठक में माननीय आकाश छिकारा मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में अध्यक्ष के साथ पधारे डॉ अमित जैन छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग रायपुर एवं समिति के अन्य पदाधिकारी, सचिव- डॉ अजमेर सिंह कुशवाह उपसंचालक पचिसे जिला दंतेवाड़ा, कार्यकारी सचिव-लालसिंह मरकाम(नगरपालिका दंतेवाड़ा), उपाध्यक्ष डॉ अभिषेक पल्लव के स्थान पर प्रतिनिधि के रूप में आशा रानी एवं प्रशासकीय सदस्य के रूप में संदीप बलगा (वनमंडलाधिकारी दंतेवाड़ा), राजेश कर्मा (जिला शिक्षा अधिकारी जिला दंतेवाड़ा), डॉ श्यामा मालवीय (प्रभारी डॉ जिला पशु चिकित्सालय दंतेवाड़ा), डॉ सुरेंद्र मरकाम (प्रभारी पशु चिकित्सालय किरंदुल), डॉ मनोज यादव (प्रभारी कृत्रिम गर्भाधान केंद्र बचेली),



अशासकीय सदस्य के रूप में बचेली में कार्यरत ह्नह्न एनिमल एंड एनवायरनमेंट कंजर्वेशन सोसाइटी के सदस्य उपस्थित हुए। आयोजित बैठक में सचिव डा अजमेर सिंह कुशवाह द्वारा समिति के कार्यो को विस्तार पूर्वक समझाया गया एवं क्रूरता अधिनियम से संबंधित जानकारी प्रदाय की गयी। अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा से जिले में पशुरुग्ण आवास एवम मुक्तिधाम की स्थापना के विषय में चर्चा की गई। बैठक उपरांत माननीय महंत डॉ रामसुंदर दास जी एवम उनके साथ पधारे अतिथियों द्वारा जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के अध्यक्ष कलेक्टर दीपक सोनी से भेंट की गई एवम पुष्प गुच्छ से स्वागत उपरांत कलेक्टर के साथ पशु क्रूरता अधिनियम के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। तत्पश्चात पधारे अतिथिगणों द्वारा माँ दंतेश्वरी गौ संवर्धन एवम शोध केंद्र टेकनार का संचालन कर रही दृष्टि रात्रि फाउंडेशन वेलफेयर सोसायटी (महादेव गौशाला)का भ्रमण किया गया।

महंत जी को टेकनार गौ संवर्धन केंद्र संचालन समिति दृष्टिदात्री फाउन्डेशन वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्षा कुमारी प्रेमशीला नाग, सचिव विमल सिंह के द्वारा गिर और साहीवाल गायों से उत्पादित दुग्ध एवम दुग्ध उत्पादों ए. 2 मिल्क एवम ए.2 घी के विषय मे विस्तृत जानकारी दी गयी एवम माननीय महंत जी द्वारा टेकनार प्रक्षेत्र के सुचारू संचालन को देख कर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की गयी और प्रशासन के द्वारा गौशाला के लिए सारा सहयोग दिया जाएगा उन्होंने आश्वस्त किया ।

### गौ सेवा के लिए सभी मिलजुल कर कार्य करें : राजेश्री महंत

जिले में प्रथम बार पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट की सभा कक्ष में संपन्न हुई इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने कहा कि एक गौ माता में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है अर्थात एक गौ माता की सेवा 33 कोटि देवी देवताओं के समतुल्य है उन्होंने आज संविधान दिवस के अवसर पर सभी को संविधान दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज ही के दिन हमे अधिकार और कर्तव्य दोनों प्राप्त हुए थे छत्तीसगढ़ शासन की महती योजना गोठान योजना का जि करते हुए श्री महंत ने कहा कि नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी प्रदेश की महत्वपूर्ण योजना है जिसके तहत प्रत्येक पंचायतों में गोठान बनाया गया है यहीं से गोधन नया योजना की शुरुआत की गई है जो की एक ऐतिहासिक कार्य है गौठानो से निर्मित गौ दीपक दीपोत्सव के अवसर पर सात समुंदर पार ब्रिटेन और अमेरिका तक भेजे गए हैं और विदेशी मुद्रा अर्जित की गई है गाय के गोबर से प्रदेश में पेंट बनाया जाएगा इसके लिए 75 गोठानों का चयन किया गया है जिला स्तरीय पशु क्रूरता निवारण शिविर के संदर्भ में उन्होंने कहा कि सबसे पहले समिति की विधिवत पंजीयन कराएं एवं इसकी हर 4 माह में बैठक आयोजित की जाए, कि कौन-कौन से कृत्य पशु करूरता की श्रेणी में आते हैं हैं उन पर पहले समझाइश दें और यदि ना माने तो कार्यवाही करें।

# खेत, खलिहान और घर से हुए बाहर...! कारीगर और बाजार को मांग का इंतजार

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



टूट रहा बाजार। खत्म हो रहा कारोबार। कुल जमा सार, यह कि शून्य पर आ चुका है बांस से बनी टोकरी, सूपा, झउहा और पर्रा । हद तो यह कि फसल कटाई मौसम तक में इनकी मांग खत्म हो चुकी है क्योंकि प्लास्टिक ने इन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

हर घर की पहचान थी टोकनियां। हर खलिहान के लिए जरूरी था सूपा। ग्वालों के लिए बांस से बना, झउहा तो पहली जरूरत थी। अब भी बनते हैं, लेकिन बिकते नहीं। बड़ा बदलाव यह आया है कि खेत- खलिहान और घर से बाहर कर दिए जाने के बाद, इनकी मांग केवल शादी-ब्याह जैसे आयोजनों तक आकर सिमट चुकी है। ऐसे में यह कारोबार अपने जीवन की संध्या बेला में पहुंच चुका है।

**अर्श से फर्श पर :** 90 का दशक, बांस से बनी इस सामग्रियों के लिए स्वर्ण काल था। घर से लेकर खेत-खलिहान तक में इनकी मौजूदगी अनिवार्य होती थी। कारीगरों के पास आर्डर और कारोबारियों के पास मांग भरपूर थी। एक समय ऐसा भी आया, जब ग्रामीण क्षेत्रों की मांग पर, यह बाजार खुद चलकर उनके पास पहुंचा। धीरे-धीरे प्लास्टिक का प्रवेश, इस क्षेत्र में हुआ और दशक पूरा होते-होते यह तेजी से कम होता गया। अब यह फर्श पर आ चुका है।

**यहां से हुए बाहर :** ग्रामीण क्षेत्र, बांस से बने सूपा, टोकनी, झउहा और पर्रा के लिए आदर्श बाजार था। पूरे साल मांग में बनी रहने वाली यह सामग्री तो फसल कटाई के दिनों में शॉर्टेज की स्थिति में आ जाया करती थी। अब स्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। ग्रामीण अंचलों में बिकना तो दूर, दिखाई तक नहीं देते। हद तो यह कि ग्वालों तक ने इससे दूरी बना ली है। बताते चलें कि खरीददारों का यह वर्ग पर्रा, झउहा के लिए सबसे बड़ा उपभोक्ता था।

**अब सिर्फ यहां :** बांस से बनी यह सामग्रियां अब केवल शादी-ब्याह से निकलने वाली मांग पर निर्भर हो चुकी है। परंपरा है। इसलिए केवल इन्हीं दिनों इनकी पूछ-परख और खरीदी निकलती है। अन्यथा पूरा साल इंतजार में ही बीतता है। दुकानदार जहां कारोबार बदलने की सोच रहे हैं तो कारीगरों की संख्या लगातार घट रही है।

**इस कीमत पर :** खेत-खलिहान के दिन हैं। शादियों की तारीख भी लग चुकी है। तैयार बैठा यह कारोबार 50 से 150 रुपए में टोकनी, 50 से 130 रुपए में झउहा, पर्रा का चार नग का सेट 500 से 600 रुपए, सूपा 100 से 120 रुपए, झाड़ू बुहारी 10 से 100 रुपए और लाठियां 40 से 150 रुपए में बेचने के लिए तैयार है।

# कोरोना प्रतिवचन कार्यक्रम के तहत सहायता सामग्री का वितरण




पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

2017-18 से संचालित अंचल में हेल्प एज इंडिया द्वारा वृद्ध स्व सहायता समूह को दी जाने वाली सहायता सामग्री के श्रृंखला अंतर्गत विभिन्न प्रकार के फल और सब्जी के बीज का वितरण किया गया। जिसमें आसपास के कडार, लेवई, धौराभाठा एवं सिंगारपुर के लगभग 200 हितग्राही वृद्ध महिला पुरुष उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए हेल्प एज इंडिया संस्था छत्तीसगढ़ प्रमुख शुभंकर विश्वास जी ने बताया कि वृद्धों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ एवं स्वावलंबी बनाने हेतु पूर्व में हमने कोरोना काल से सतत राहत सामग्री, सुखा राशन, फलदार पौधे वितरण किए हैं इसी कड़ी में अब हम वृद्धों की आर्थिक दशा सुधारने के लिए सब्जी बीज का निःशुल्क वितरण सभी समूहों को कर रहे हैं जिसमें अनेक प्रकार के फल एवं सब्जियों का बीज शामिल है। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार भाटापारा डॉ.गोपाल प्रसाद साहू ने कहा कि इस तरह से विगत तीन-चार वर्षों से किए जा रहे हेल्प इज इंडिया के सहायता से वृद्धों में आत्म विश्वास, जीवन्तता एवं नवऊर्जा का संचार हुआ है। जैविक पद्धति से सब्जी की खेती को प्रोत्साहित करने से हमारे वृद्ध जनों को पौष्टिक सब्जियां एवं फल प्राप्त होगी जिससे उनके सेहत में आशातीत सुधार होती है जो एक इस कार्यक्रम की सफलता का परिचायक है, तथा वृद्धों ने इस संस्था की भूरी भूरी प्रशंसा की है। और इस तरह के आयोजन के लिए सभी को आभार माना है।

# चोरी के आरोपी को धरदबोचा, आरोपी से एक मोटर सायकल जब्त किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिले में अपराधों पर रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विजय चौधरी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार ने चोरी के आरोपी इमरान खान पिता जलील खान को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मामला इस प्रकार है कि प्रार्थी अपने मोटर सायकल को अपने दोस्त सतीश कुमार वर्मा पिता पिलूराम वर्मा वैष्णव कालोनी हाई स्कूल के सामने में रहने वाले को चलाने के लिये दिया था । जिसने 16.अग,2021 के सुबह करीबन 06.00 बजे सूचना दिया कि मोटर सायकल को वह अपने घर के आंगन में रात्रि में खड़ी किया था, जिसे कोई अज्ञात चोर 15/16अग.2021 के मध्य चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात चोर का पता तलाश किया जा रहा था 26.नव.को मुखबीर की सूचना पर संदिग्ध आरोपी इमराख खान को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना जूर्म स्वीकार किया व आरोपी से मोटर सायकल जप्त कर रिमाण्ड में जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में प्रआर निशांत दुबे आर.रवि कैवर्त्य एवं नरेन्द्र चंद्रा का योगदान रहा ।

# उपजेल में 3 सौ से अधिक कैदियों की हुई हेपेटाइटिस की जांच, 12 मिले पॉजिटिव

■ सभी मरीजों को हो रहा है जिला अस्पताल में इलाज

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देश पर जिला मुख्यालय स्थित उपजेल बलौदाबाजार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैदियों की हेपेटाइटिस जांच हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें 305 मरीजों की जांच की गई उसमें से 12 मरीज पॉजिटिव मिले है। सभी मरीजों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। इस संबंध में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने बताया कि एक शोध के अनुसार जेल में बंद बंदियों के सामान्य लोगों की तुलना में हेपेटाइटिस से संक्रमित होने की आशंका अधिक होती है। जेल में भीड़-भाड़, चिकित्सा देखभाल की कमी,पोषण की कमी, कुछ ऐसे कारक हैं। जो हेपेटाइटिस की जोखिम को बढ़ा देते हैं। शिविर में उपस्थित नोडल अधिकारी डॉक्टर नवदीप बाँधे ने हेपेटाइटिस मूल रूप से लीवर से जुड़ी बीमारी है,जो वायरल इन्फेक्शन के कारण होती है। इस बीमारी में लीवर में सूजन आ जाती है। हेपेटाइटिस में 5 प्रकार के वायरस होते हैं, जैसे ए.बी.सी.डी. और ई। हेपेटाइटिस का टाइप बी और सी लाखों लोगों में क्रोनिक बीमारी का कारण बन रहे हैं क्योंकि इनके कारण लीवर सिरोसिस और कैंसर होते हैं। वर्ष 2021 में अब तक जिले में हेपेटाइटिस बी के लिए 9 हजार 8 सौ 3 लोगों की जाँच हुई जिसमें से 92 पॉजिटिव पाए गए। इसी प्रकार 1836 लोगों की हेपेटाइटिस सी की जाँच के बाद 4 पॉजिटिव मिले। हेपेटाइटिस की शुरुआत में बहुत स्पष्ट लक्षण नहीं दिखायी पड़ते हैं। फिर भी पीलिया, पेशाब का रंग बदलने,बहुत अधिक थकान,उल्टी या जी मिचलाना, खुजली,भूख न लगना,वजन में कमी ये कुछ लक्षण हैं जो हेपेटाइटिस संकेत करते है। उक्त शिविर में उक्त शिविर में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी नोडल अधिकारी डॉ नवदीप बांधे जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनुपमा तिवारी एवं विभाग के अन्य कर्मचारी एवं अधिकारी गण उपस्थित थे।

## सेमरिया घाट प्रवेश द्वार में ज़िले का नाम उल्लेखित नहीं



**भाटापारा।** भाटापारा से बिलासपुर जाने वाले मार्ग स्थित समरिया घाट का यह प्रवेश द्वार है जो कि बिलासपुर दिशा से आने पर बलौदाबाजार भाटापारा अम्बुजा, एलएण्डटी सीमेंट कम्पनियों के दूरी को उक्त स्वागत गेट के माध्यम से इंगित कर रहा है। परंतु गेट के सबसे उपरी भाग मे रायपुर जिला मे आपका स्वागत है दर्शाया गया है, परंतु अब नया जिला बलौदाबाजार होने के कारण इस बोर्ड के उपरी हिस्से को सफेद कलर से पेंट कर दिया गया है परंतु वास्तविक जिला का उल्लेख अभी तक नही किया गया। जिसके कारण इस मार्ग से गुजरने वाले अक्सर कई नये राहगीर दिगभ्रमित हो जाते है जिसका कब सुधार होगा यह अभी तक कोई निश्चित समय सीमा नही है। जबकि हजारों संख्या मे इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों के साथ साथ सम्बंधित विभाग को भी उक्त विडम्बना की जानकारी है।

# संविधान दिवस विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करहीबाजार भाटापारा में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र पर माल्यर्पण कर विचार गोष्ठि का आयोजन किया गया। व्याख्याता कृष्ण कुमार जांगड़े, लक्ष्मी नारायण सोनी, आशिष कुमार राय के द्वारा संविधान के प्रस्तावना का पाठ, संवैधानिक मूल्यों की जानकारी, संविधान में निहित मौलिक अधिकारों एवं कर्त्तव्यों से छात्र छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी गई। प्रभारी प्राचार्य ईश्वर देवदास ने संविधान के उद्देशिका का वाचन करते हुए उपस्थित छात्रों स्टॉफ को शपथ दिलाये। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक चेतन उन्द्रे एवं आभार शिक्षक पदुमलाल विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता डीके ध्रुव, सुनीता ध्रुव, अल्का राठौड़, सरिता खलको, शिवम दीक्षित, रितेश मेश्राम, नेहा नेताम, शिखा शुक्ला, तन्मय सेन, बेबी पटेल आदि सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## आपदा पीड़ित दो परिवारों को 8 लाख की सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से पीड़ित जिले की दो परिवारों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक परिवार के लिए 4-4 लाख की स्वीकृति कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने आरबीसी 6-4 योजना के अंतर्गत प्रदान की है। लाभान्वित हितग्राहियों में रूपसिंह ध्रुव ग्राम कुकुरदी तहसील बलौदाबाजार एवं तुलसीबाई ग्राम डोगरा वर्तमान पता पैजनी तहसील लवन शामिल हैं। पानी में डूबने एवं सर्प काटने से उनके निकट परिजनों की मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिए उनके खाते में स्वीकृत राशि जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

# नये मतदाताओं को लकी ड्रा जीतने का सुनहरा मौका

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नये पंजीकृत मतदाताओं के लिए लकी ड्रा के तहत पुरस्कार जीतने का सुनहरा मौका आया है। गौरतलब है कि 1 नवम्बर से नये मतदाताओं के नाम जोड़ने का काम निकटतम मतदान केन्द्र में चल रहा है। ऑनलाईन भी फार्म भरा जा सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र बंजारा ने बताया कि लकी ड्रा नये मतदाताओं के पंजीयन नम्बर के आधार पर निकाला जायेगा। राज्य स्तर पर इसका ड्रा निकलेगा। प्रत्येक जिले से एक मतदाता का लकी ड्रा में चयन किया जायेगा।चयनित मतदाता को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार जैन ने जिले के सभी पात्र युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाकर अपना राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने के साथ ही लकी ड्रा प्रतियोगिता में विजेता बनने का सम्मान प्राप्त करने की अपील की है।

## युवाओं के गौ सेवा के प्रति समर्पित कार्य को देखकर वरिष्ठजनों की सराहना

# गौ उपासना सेवा समिति के सदस्यों का हुआ सम्मान




पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

गौ उपासना सेवा समिति के असहाय व दुर्घटनाग्रस्त गायों की सेवा से प्रभावित होकर वरिष्ठजनों ने इस समिति से जुड़कर निस्वार्थ सेवा करने वाले युवाओ को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यअतिथि बलदेव भारती ने गौ माता के चित्र के सामने दीपप्रज्जवलित कर इस सम्मान सम्मान समारोह का प्रारंभ किया। मुख्य अतिथि के आसंदी मे विराजमान भाटापारा के वरिष्ठ शिक्षक बलदेव भारती ने उपस्थित नागरिको के साथ युवाओ को संबोधित करते हुए कहा कि गौ माता हमारे घर की सदस्य है जैसा कि लोग कहते है कि मृत्यु शैय्या पर लेटे हुए व्यक्ति को उसकी पूछ पकड़ाई जाती है तात्पर्य यह है कि परिवार के सभी सदस्य मिल चुके होते है पर गाय रूपी माता नहीं मिल पाई थी इसलिए उसे सामने लाया जाता है । जिस प्रकार हम अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ अपने परिवार के बच्चों का पालन पोषण करते है उसी प्रकार हमें हमारी गौ माता की सेवा करनी चाहिए । यह जिस धर मे रहती है या जहां पर इनका आवभगत स्वागत सत्कार होता है उस धर मे आने वाले विपत्ती भी छोटी बनकर निकल जाती है । मुझे भाटापारा के गौ उपासना सेवा समिति के युवा सदस्यों को देखकर बड़ा आनंद आ रहा है कि युवा अपने शिक्षा के साथ अपनी संस्कृति को बचा रहे है इन मूक पशुओं की सेवा कर इन्हे जीवनदान देकर पुण्य के भागीदार बन रहे है यह बडे ही गौरव की बात है और मै इसके लिए सभी युवाजनो को साधुवाद देता हूं और आशिर्वाद देता हूं कि आपका जीवन सुख समृद्धि और ऐश्वर्य से परिपूर्ण हो ।

विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित किरण वर्मा ने बताया कि गायों की सेवा करने से घर में आने वाले रोग भी दूर हो जाते है और ऐसा मेरे साथ हुआ है । मेरे ही परिवार मे घटीघटना है जिसे डाक्टर ने आपरेशन करने कहा था उसे मेरे विश्वास और गौ माता के आशीर्वाद से आपरेशन की जरूरत नहीं पड़ी और पूर्णत स्वस्थ है औ अपनी डयूटी निभा रहे है । पहले वे भी इस पर विश्वास नहीं करते थे पर जबसे यह घटना हुई वे पूर्णत विश्वास कर गायों की सेवा कर रहे है । ऐसा ही सेवा कार्य गौ उपासना समिति के मेरे भाई बहन कर रहे है जो कि दुर्घटना ग्रस्त गायों को अपने धर मे रखकर उपचार कर रहे है उनके बच्चों को हाथों से दूध पिला रहे है नया जीवन दे रहे हैं विश्वास करिये आपके जीवन की बाधाओं को गौमाता दूर कर देगी आप ऐसा ही कार्य करते रहिये। भाटापारा के पशु चिकित्सक डा एस एन अग्रवाल ने बताया शासन गौ माताओं की रक्षा एवं उनके विकास के लिए अनेक योजनायें चला रही है पर यह तभी संभव हो सकेगा जब हम सब मिलकर सहयोग करेगे । मुझे बहुत हार्दिक प्रसन्नता होती है कि भाटापारा मे संचालित गौ उपासना सेवा समिति के सदस्य जहां कही भी दुर्घटना मे धायल गायो की या फिर मरणासन्न अवस्था की सूचना मिलती है तत्काल पहुंच जाते है जिससे हमें उस गाय को बचाने मे मदद मिलती है । यह जरूर है कि पूरा उपचार वहां पर नहीं मिल पाता है पर इन युवाओं के मदद से हमें गौ माता को एक नया जीवन देने मे मदद मिलती है । मैं आप सबसे अनुरोध करूंगा कि आप सभी कृषक भी है तो अपने कुछ जगहों में इन गौमाताओ के लिए चारा जरूर उगाये साथ ही जो पैरा हम फेक देते है उसे गौशाला में या इस समिति को दान करे ताकि गायों को भरपूर चारा दिया जा सके ।

गौ उपासना सेवा समिति के अध्यक्ष गणेश्वर ने बताया कि मेरी छोटी बहन प्रगति शुक्ला ने जब यह कार्य करने की मंशा बतायी थी तो हमने भी मना किया था कारण था समय दान और वह नही हो पा रहा था पर उसकी एक जिद ने कर दिखाया और मात्र चंद सदस्यो के साथ शुरू की गयी।

# कोरोना वायरस रोकने के महाभियान में नागरिकों ने बढ़चढ़ कर लगवाया टीका

## टीकाकरण महाभियान ने तोड़ी लोगों का भ्रम





पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु संचालित टीकाकरण के प्रति कुछ लोगों के मन में विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां व्याप्त थी। कलेक्टर एवं टीकाकरण महा अभियान के चैम्पियन अजीत वसंत के मार्गदर्शन में आयोजित टीकाकरण महा अभियान ने कुछ लोगों के मन में व्याप्त भ्रांतियों को तोड़ दिया। जिसके फलस्वरूप 18 वर्ष व 18 वर्ष से अधिक आयु समूह के जो नागरिक अब तक कोविड-19 का टीका नहीं लगवाया था। उन्होने अभियान में बढ़चढ़ हिस्सा लेकर अपना प्रथम डोज का टीका लगवाया और ऐसे व्यक्ति जो कोरोना का प्रथम डोज का टीका लगवा चुके थे और उनके टीकाकरण की अवधि पूर्ण हो गई थी। वह भी बिना डरे इस अभियान का हिस्सा बने और आगे ब?कर कोरोना का दूसरा डोज का टीका लगवाया। इस प्रकार जिले में आयोजित टीकाकरण महा अभियान के दौरान शाम 06 बजे तक 51 हजार नागरिकों ने टीका लगवाया। इनमें विकास खण्ड मुंगेली में 22 हजार, विकास खण्ड लोरमी में 21 हजार और विकास खण्ड पथरिया में 08 हजार लोगों ने टीका लगवाकर स्वस्थ नागरिक का परिचय दिया।

कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु कोविड-19 टीकाकरण के लिए कोविशील्ड के 01 लाख 70 हजार डोज और को-वैक्सीन के 21 हजार डोज प्राप्त हुये थे। इस हेतु टीकाकरण के लिए 288 केंद्र बनाये गये थे। जिसमें मुंगेली विकास खण्ड के 115, लोरमी विकास खण्ड के 110 एवं पथरिया विकास खण्ड के 63 केंद्र शामिल है। इन केंद्रों में जो नागरिक अब तक कोविड-19 का टीका नहीं लगवाया था। उन्होने महा अभियान के दौरान अपना प्रथम डोज का टीका लगवाया। इसी तरह ऐसे व्यक्ति जो कोरोना का प्रथम डोज का टीका लगवा चुके थे और उनके टीकाकरण की अवधि पूर्ण हो गई थी। वे भी कोरोना का दूसरा डोज का टीका लगवाकर टीकाकरण के प्रति भरोसा जताया। टीकाकरण महा अभियान के सुचारू संचालन एवं निरीक्षण तथा पर्यवेक्षण कार्य हेतु 50 जिला स्तरीय अधिकारियों का दल तैनात किया गया था। इन अधिकारियों द्वारा अपने टीकाकरण केंद्रों का भ्रमण कर टीकाकरण कार्यो का जायजा लिया गया और नागरिकों को टीकाकरण के प्रति प्रेरित किया। इसके अलावा जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों यथा सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों, पार्षदगण एवं वरिष्ठ नागरिकों एवं विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधियों ने भी अपना बहुमूल्य समय निकालकर टीकाकरण महा अभियान में शामिल हुये और स्वस्थ तथा सुरक्षित रहने के लिए नागरिकों को टीकाकरण के लिए समझाईश दी गई। इसी तरह कलेक्टर श्री वसंत और जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी श्री रोहित व्यास द्वारा संयुक्त भ्रमण कर अब तक टीका नहीं लगवाने वाले लोगों के घरों में दस्तक देकर उन्हे टीकाकरण के लिए जागरूक किया और टीकाकरण के विभिन्न फायदों के बारे में जानकारी दी। जिसके फलस्वरूप भी नागरिकों ने अपने घरों से निकले और टीकाकरण केंद्र में पहुँचकर टीका निःशुल्क लगवाया।

जिले के नागरिकों ने टीकाकरण महा अभियान की सफलता पर अपनी प्रशन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन का यह पहल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु सार्थक साबित होगी। इस महा अभियान से लोगों में जागरूकता आई है। आज प्रथम डोज का टीका लगवाने वाले नागरिक टीकाकरण की दूसरी अवधि का समय आने पर वे स्वतः टीकाकरण केंद्रों में पहुँचकर टीका लगवाएंगे और स्वयं की, परिवार की एवं समाज की सुरक्षा में भागीदारी बनेंगे।

# शुभ सिंह कुरेटी के नेतृत्व में सैकडों लोगों ने की भाजपा की सदस्यता ग्रहण

पायनियर संवाददाता ◄ दल्ली राजहरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति, योजनाओं एवं कार्यक्रमों से प्रभावित होकर डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने शुभ सिंह कुरेटी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

बालोद जिला भाजपा की कार्यसमिति के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के महामंत्री एवं दुर्ग संभाग के प्रभारी किरण देव एवं बालोद जिला भाजपा के प्रभारी केदार गुप्ता, बालोद जिला भाजपा के अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, भाजपा डौंडी मंडल के अध्यक्ष मनीष झा, दल्ली राजरा मंडल के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी एवं डौंडीलोहारा के मंडल अध्यक्ष रुपेश सिन्हा सहित बालोद जिले के समस्त वरिष्ठ भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता शुभ सिंह कुरेटी के नेतृत्व में डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों से 150 प्रमुख लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिनमें प्रमुख रूप से सरोज सलाम दल्ली राजहरा, हेमंत कुमार साहू घोटिया, पवन कुमार गोटा बेलरगोंदी, रूपेश कुमार मंडावी, रमेश मंडावी मरदेल, धन्नू राम सिन्हा भिंदो, योगेश कुमार मसिया परसोदा, सुनील कुमार कुमेटी लिमऊडीह आदि शामिल हुए। शुभ सिंह कुरेटी ने भाजपा प्रवेश करने वाले साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# संविधान दिवस पर महाविद्यालय कोंडागांव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित, आकर्षक रंगोली की लोगों ने खूब की सराहना

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोण्डागांव में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों एवं अधिकारियों कर्मचारियों ने संविधान की शपथ लिया एवं संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कोंडागांव के बैनर तले संविधान से संबंधित विभिन्न प्रकार की कार्यक्रम भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, नारा लेखन, वाद विवाद आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रम संविधान व संविधान के शिल्पकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के कार्यों पर आधारित किये गए।

साथ ही इस कार्यक्रम में आयोजित सभी गतिविधियों में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कीया गया। इस अवसर पर शासकीय गुंडाधुर महाविद्यालय कोण्डागांव के प्रभारी प्राचार्य पुरोहित सॉरी, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक शशि भूषण कन्नौज, सहायक प्राध्यापक रूपा सोरी, नसीर अहमद, आशीष आस्टकर, चित्र किरण पटेल, हनी चोपड़ा, लक्ष्मीकांत सिन्हा आदि प्राध्यपक उपस्थित रहे।

# अग्रवाल समाज के तलाकशुदा एवं विधवा विधुर प्रत्याशियों का 7वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन रायपुर में 2 जनवरी को

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन सभा भवन में अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा अग्रवाल समाज के तलाकशुदा एवं विधवा/ विधुर प्रत्याशियों के सातवें परिचय सम्मेलन का आयोजन सत्यनारायण मित्तल रायपुर के संयोजकत्व में किया गया है,तथा यह आयोजन पूर्णता निशुल्क होगा, एवं इस सम्मेलन में जरूरतमंद तलाकशुदा या विधवा/ विधुर अपना बायोडाटा सत्यनारायण मित्तल के मोबाइल नंबर/ व्हाट्सएप नंबर 98261 83171 पर प्रेषित कर सकते हैं, तथा इस संबंध में जानकारी देते हुए सम्मेलन के संयोजक सत्यनारायण मित्तल ने बताया कि 2 जनवरी को आयोजित परिचय सम्मेलन में प्रत्याशियों को कोविड-19 नियम का पालन करना आवश्यक है,तथा मास्क लगाकर ही कार्यक्रम स्थल में प्रवेश दिया जाएगा, एवं एक प्रत्याशी के साथ केवल 2 अभिभावकों का ही प्रवेश होगा,तथा 24 दिसंबर 2021 तक प्राप्त बायोडाटा को ही पुस्तक में प्रकाशित किया जाएगा, इस परिचय सम्मेलन में 24 दिसंबर तक पंजीकृत होने वाले प्रत्याशी ही सम्मेलन में भाग ले सकेंगे, कोविड-19 के दिशा- निर्देशों को देखते हुए सिर्फ 180 लोगों के बैठने की ही व्यवस्था की जा सकेगी, तथा बिना पंजीयन के कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा, संयोजक सत्यनारायण मित्तल ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन का आयोजन विगत 6 वर्षों से किया जा रहा है, तथा 2 जनवरी को होने वाला परिचय सम्मेलन सातवा परिचय सम्मेलन होगा, तथा इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से समाज बंधु शामिल होंगे एवं परिचय सम्मेलन को लेकर व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है, मित्तल ने सभी अग्रवाल बंधुओं से आग्रह किया है कि वे इस परिचय सम्मेलन की जानकारी अपने परिचित के लोगों या कि जरूरतमंदों को अवश्य दें ताकि इस परिचय सम्मेलन का लाभ उठाया जा सकें

# नवनिर्मित मन पुष्प टावर में होगा 1 दिसंबर को एस के इलेक्ट्रिक वर्ल्ड का भव्य शुभारंभ

**सक्ती।** शक्ति को जिले का दर्जा मिलने के बाद निरंतर व्यापार के क्षेत्र में शक्ति बड़े महानगरों एवं शहरों की तरह प्रगति कर रहा है, तथा इसी श्रृंखला में शहर के बाराद्वार रोड में उप पंजीयक कार्यालय के सामने नवनिर्मित मन पुष्प टावर में आगामी 1 दिसंबर को एसबके इलेक्ट्रिक वर्ल्ड का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है, जो कि दोपहर 3:00 से रात्रि तक आयोजित होगा,एवं एस के इलेक्ट्रिक वर्ल्ड में जहां इलेक्ट्रिक बाइक एवं स्कूटरो की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी, तो वही इस प्रतिष्ठान में सेल्स के साथ-साथ सर्विस का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा, उक्तआशय की जानकारी देते हुए एस के इलेक्ट्रिक वर्ल्ड के संचालक ने बताया कि 1 दिसंबर को मन पुष्प टावर (सब्जी मंडी) के सामने बाराद्वार रोड शक्ति में यह प्रतिष्ठान प्रारंभ होने जा रहा है, तथा शक्ति अंचल का जिला बनने के बाद यह एक बड़ा टू व्हीलर इलेक्ट्रिक बाइक, स्कूटरो का शोरूम होगा, जहां आकर्षक साज-सज्जा के साथ आने वाले ग्राहकों के लिए उनकी सुविधा तथा सेवा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचहरी पारा कवर्धा में यूथ क्लब गठित



**कवर्धा।** शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा मे बाल सभा आयोजित कर मतदान पद्वति से विद्यालय के यूथक्लब का गठन किया गया। संस्था के प्राचार्य प्रमोद शुक्ला के निर्देश पर , कवर्धा जिला निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त स्वीप कार्यक्रम का जीवंत प्रदर्शन करते हुए दिनेश ठाकुर, वैजयंती गुप्ता एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा लोकतांत्रिक चुनाव पद्धति का पालन करते हुए यूथ क्लब का गठन किया गया। प्राचार्य महोदय ने बाल सभा मे कहा कि जिस चुनाव में जितना अधिक प्रतिशत में मतदाता भाग लेते हैं उनके द्वारा चयनित प्रतिनिधि को उतना ज्यादा महत्वपूर्ण माना जाता है। अतः सभी मतदाताओं को मतदान में हिस्सा अवश्य लेना चाहिए । साथ ही योग्यता होते ही अपना नाम मतदाता सूची मे अवश्य जुड़वाना चाहिए। चुनाव के द्वारा कु. लता साहू को प्रधानमंत्री, विनिता खरे को गृहमंत्री (अनुशासन प्रभारी) , शीतला मानिकपुरी को सांस्कृतिक मंत्री, वर्षा चौहान को पर्यावरण मंत्री, राखी जायसवाल को परिवहन मंत्री ( सायकल व्यवस्था प्रभारी), मधु देवांगन को क्रीड़ा मंत्री के रूप में छात्राओं द्वारा चुना गया। चुनाव के खुशयाली मनाने कु. दिव्या तिवारी, रेणुका पटेल एवं लक्ष्मी यादव द्वारा देशभक्ति गीत गाया। छात्राएँ उनके स्वर में स्वर मिलाते हुए प्रसन्न थीं। प्राचार्य के अतिरिक्त चुनाव प्रभारी राकेश पाण्डेय, दिनेश ठाकुर एवं वैजयंती गुप्ता द्वारा आशीर्वचन के दो शब्द कहे गये तथा संस्था के सभी शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक छात्र प्रतिनिधियों के चुनाव मे योगदान दिया।

# छत्तीसगढ़ में पुनः भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प के साथ महिला मोर्चा की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




कांग्रेस सरकार की विफलताओं को घर घर पहुंचाने तथा छत्तीसगढ़ में पुनःभाजपा की सरकार बनाने का संकल्प के साथ भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सूरजपुर में संपन्न हुई । उक्त जानकारी भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संगीता पाण्डेय ने सूरजपुर में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक में शामिल होकर वापस आने के बाद दी ।

संगीता पाण्डेय ने बताया कि 24 नवंबर को सूरजपुर में आयोजित इस प्रदेश कार्यसमिति बैठक में विभिन्न विषयों पर वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमें मुख्य रूप से भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने महिला मोर्चा को मजबूत बनाने विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के बीच जाकर संगठन की रीति नीति को पहुंचाने की बात कही । केन्द्रीय मंत्री रेणुका चौधरी ने केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने के साथ ही राष्ट्र हित में लिए गए केन्द्र सरकार के निर्णय को भी लोगों तक पहुंचाने की बात कही । छत्तीसगढ़ में ÷कांग्रेस सरकार के कुशासन और विफलता÷ विषय मे पूर्व मंत्री लता उसेंडी जी का मार्गदर्शन मिला । संगठन की विचारधारा संगठन की मजबूती विषय में वरिष्ठ नेता रामसेवक पैकरा का मार्गदर्शन मिला । झारखंड से आई भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीमा पात्रा ने मुख्य आतिथ्य की आसंदी से संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार किसी खेल में 11 खिलाड़ियों की आवश्यकता होती है उसी प्रकार मोदीजी ने अपने मंत्रिमंडल में 11 महिलाओं को स्थान देकर मान सम्मान बढ़ाया है । संगीता पाण्डेय ने आगे बताया कि सम्मेलन के रूप में आयोजित इस प्रदेश कार्यसमिति बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों कार्यसमिति के सदस्यों के अलावा सभी जिलों की महिला मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री शामिल हुए थे। इस संगठनात्मक बैठक को लेकर महिलाओं मे काफी उत्साह था वे एक दिन पूर्व ही बैठक स्थल ÷सेवा कुंज÷ पहुंचे थे जिनकी भोजन व्यवस्था से लेकर आवास व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने में सूरजपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

सत्रों के बीच लोककलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पाण्डेय ने आगे बताया कि बैठक में मंचासीन नेताओं, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य पूजा विधानी, शताब्दी पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष लखन लाल देवांगन सहित सभी कार्यकर्ताओं को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। सत्रों का संचालन प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी एवं चंपा देवी पावले ने किया तथा आभार व्यक्त प्रदेश उपाध्यक्ष डा. रेखा मेश्राम ने किया।

## नांदघाट में दिवाली मिलन समारोह में शामिल हुए पूर्व मंत्री अग्रवाल, बड़ी संख्या में एकजुट हुए भाजपा संगठन

# कार्यकर्ताओं की संख्या बता रही नवागढ़ में इस बार फिर खिलेगा कमल : बृजमोहन अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भाजपा मारो मण्डल युवा मोर्चा एवं किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत नांदघाट में गुरुवार को दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बृजमोहन अग्रवाल विधायक रायपुर दक्षिण एवं पूर्व केबिनेट मंत्री शामिल हुए। उन्होंने उद्बोधन में कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा और जूठी सरकार की संज्ञा दी।

अध्यक्षता ओम प्रकाश जोशी जिला अध्यक्ष भाजपा बेमेतरा ने किया। साथ ही विशिष्ट अतिथि स्वरूप संध्या परगनिहा प्रदेश मंत्री भाजपा, विकास धर दिवान जिला महामंत्री भाजपा, नरेंद्र वर्मा जिला महामंत्री एवं अजय तिवारी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा नरेंद्र शर्मा दयावनद धर बांधे मधु राय सहित जिला व नवागढ़ विधानसभा भर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति में सपंन्न हुआ। मुख्य अतिथि के आगमन पर नांदघाट चौक सैकड़ो की संख्या कार्यकर्ताओं में आतिशबाजी एवं रामधुनि की मंडलियों के बीच अग्रवाल का भव्य स्वागत किया, जँहा से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए सभी सभास्थल तक पहुँचे। दोपहर से ही छत्तीसगढ़ी गायक पं शिवकुमार तिवारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वहीं नांदघाट के युवाओं ने पूर्व मंत्री अग्रवाल के समक्ष भाजपा प्रवेश भी किया। मुख्य अतिथि अग्रवाल ने कहा कि नांदघाट क्षेत्र सहित नवागढ़ विधानसभा के कार्यकर्ताओं का उत्साह अद्भुत है, जो इस तरह का बड़ा आयोजन किया गया। आज यहाँ पुराने दिग्गज नेताओं के साथ साथ युवाओं का जोश देख कर लग रहा है कि निश्चित रूप से नवागढ़ में इस बार फिर कमल खिलेगा।

पूर्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि भूपेश सरकार पूरी से निक्कमी सरकार है। लगातार किसानों की आत्महत्या, उनके रकबे काटने, धान खरीदी में हो रही परेशानियों, अपराध और बलात्कार जैसी घटनाओं के बढ़ने, युवाओ को बेरोजगारी भत्ता न दे पाने, प्रदेश के आर्थिक संकट से जूझने जैसी अनेक नाकामियां सामने है. प्रदेश सरकार माफिया की सरकार बन गई है. जहां शराब, रेत, ड्रग्स, टेंडर, खनिज, कोयला, भूमाफिया का बोलबाला है. शांत प्रदेश में अशांति का वातावरण निर्मित हो रहा है। उन्होंने पीएम आवास को लेकर भी राज्य सरकार को जमकर घेरा और कहा कि यह सरकार निक्कमी और नकारा है, जिसके चलते लाखों गरीब आज भी बेघर रह गए। किसानों की सबसे बड़ी शोषक कांग्रेस की सरकार है। हम एक नवंबर से धान खरीदी की मांग कर रहे थे, मगर सरकार ने धान खरीदी में देरी की है। इसकी वजह से किसानों को नुकसान हो रहा है।

# आमगांव में 10वां बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती पर आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ जैजेपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ का प्रथम ग्राम आमगांव हैं जहां पर 10 वॉ संविधान दिवस मनाया गया। वहीं पर आज शहर एवं ग्राम में संविधान दिवस बनाने का मार्ग खुल गया । जांजगीर चांपा जिले के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत आमगांव में 10 वर्ष से संविधान दिवस मनाए जाते आ रहा है, जहां पर सविधान दिवस पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण हमारे क्षेत्र के माननीय विधायक केशव प्रसाद चन्द्रा के द्वारा किया गया। जहां पर भारी संख्या में बाबा साहब मिशन के अनुयायी उपस्थित रहे। गर्मजोशी से बाबा साहब का अनावरण किया गया जहां पर नेताओं ने उनके मूल अधिकार, कर्तव्य को आम जनता तक पहुंचाने की बात कहीं। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में हमारे क्षेत्र के ओजस्वी विधायक केशव चंद्रा एवं मुख्य विशिष्ट अतिथि के रूप में सी आर धिरही, सरपंच संघ अध्यक्ष छोटे लाल भारद्वाज, अरुण महिलांगे अध्यक्ष विधानसभा बसपा, किशन साहू बीडीसी एवं सभापति, अध्यक्षा कर रहे ग्राम के सरपंच सावित्री बर्मन वहीं पर मनहरण मनहर विधानसभा अध्यक्ष बसपा, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत जैजैपुर चंद्र कुमार चंद्र, परदेसी खुटे के साथ में अनेकों नेताद्वय तथा मितानिन लोग भारी संख्या में आमगांव में 10 वॉ संविधान दिवस 26 नवंबर को पूरे देश में मनाते आ रहे हैं।

## संपादकीय

# राजनीति का अपराधीकरण

### कठोर नियंत्रण आवश्यक

**आपराधिक** रिकार्ड वाले उम्मीदवारों को चुनने वाली पार्टियों का पंजीकरण समाप्त करने की संभावना पर विचार होना चाहिए। न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका इस बात पर सहमत हैं कि राजनीति के अपराधीकरण पर विराम लगना चाहिए। लेकिन वे अपराधीकरण समाप्त करने की श्रेणी पर असहमत हैं। न्यायपालिका ने विधायिका और कार्यपालिका से वर्तकान कानूनों में संशोधन का आह्वान किया है ताकि दोषसिद्ध लोगों के चुनाव लड़ने पर स्थाई रोक लगाई जा सके। कार्यपालिका यह कदम उठाने की इच्छुक नहीं है। इसके परिणामस्वरूप अपराधीकरण समाप्त करने की प्रक्रिया लोकतंत्र के स्तंभों के बीच असहमति की बंधक बन गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को एक बार फिर यह मुद्दा उठाते हुए सरकार से पूछा कि क्या वह कानून में संशोधन की इच्छुक है। सरकार की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है। यह मामला ऐसे समय उठा है जब उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं जहां वर्तमान व भूतपूर्व विधायकों के खिलाफसबसे ज्यादा संख्या में आपराधिक मामले लंबित हैं। ऐसे मामलों की 63 विशेष रूप से गठित अदालतों में सुनवाई हो रही है जिनमें से अनेक सालों से लंबित हैं। असोसियेशन फार डेमोक्रेटिक राइट्स के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर 363 सांसदों व विधायकों ने अपने खिलाफ लंबित आपराधिक मामले स्वीकारे हैं। आरोपपत्र पेश हो चुके इन मामलों में पांच से लेकर सात साल तक सजा हो सकती है। अनेक सांसदों के खिलाफ43 तक तथा 100 से अधिक विधायकों पर 315 मामले 10 साल या उससे अधिक समय से लंबित हैं। 170 से अधिक ऐसे मामले हैं जिनमें आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। अभी यह पता नहीं कि कितने वर्तमान सदस्यों ने अपने खिलाफ मामलों का खुलासा नहीं किया है।

ऐसे में सवाल यह है कि क्या राजनीति को अपराधीकरण से पूर्ण मुक्ति मिलेगी। वर्तमान समय में अपराध की दोषसिद्धि तथा अधिकतम दो साल कैद की सजा वाले विधायक अयोग्य हैं। सर्वोच्च न्यायालय के एक उल्लेखनीय निर्णय के अनुसार वे रिहा होने के 6 साल बाद तक चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। हजारों आपराधिक मामलों का सामना करने वाले सैकड़ों विधायकों में से केवल 11 को अब तक अयोग्य ठहराया जा सका है। यह किसी भी मानक से सजा की खराब दर है। इसका कारण यह है कि मामले खिंचते रहते हैं या आरोप है कि उनको लंबा खींचा जाता है ताकि आरोपी इनके लंबित रहते चुनाव लड़ सकें। सर्वोच्च न्यायालय ने यह सवाल भी उठाया है कि क्या विधायी संस्था में किसी व्यक्ति को केवल उनके खिलाफ आपराधिक आरोप लगने पर प्रवेश से रोका जा सकता है, लेकिन पांच सदस्यों वाली एक पीठ ने कहा कि उनको इस चरण पर नहीं रोका जा सकता है। इसके बजाय उसने सरकार से ऐसा कानून लाने को कहा। लेकिन इन संस्तुतियों के खिलाफसरकार राजनीति का अपराधीकरण समाप्त करने के सिद्धान्त पर स्पष्ट जवाब देने से बच रही है। केवल एक समय तक अयोग्य ठहराने से राजनीति का अपराधीकरण समाप्त नहीं हो सकता है। गंभीर अपराधों में दोषसिद्ध होने पर यह अयोग्यता स्थाई होनी चाहिए। अपराधों के आरोपपत्र पेश हो जाने पर अदालतों को इन्हें एक निश्चित समय में निपटाना चाहिए ताकि आरोपियों को दोषसिद्ध होने पर स्वतः और स्थाई रूप से अयोग्य ठहराया जा सके। आपराधिक रिकार्ड वाले उम्मीदवार चुनने वाली राजनीतिक पार्टियों का पंजीकरण समाप्त करने पर भी विचार होना चाहिए। लेकिन क्या बिल्ली स्वयं अपने गले में घंटी बांध सकती है?

# हानिकारक हो सकता है अति राष्ट्रवाद

### मार्क्सवाद का विश्वास है कि राष्ट्र-राज्य पूंजीपतियों का एक शोषणकारी उपकरण है, जबकि इस्लाम का विश्वास है कि यह उनके विश्वास का अंत है।



प्रफुल्ल गोराड़िया
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



हाल में लोकप्रिय बालीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की गिरफ्तारी तथा कुछ सप्ताह जेल के सीखचों के पीछे रखे जाने के बाद कानून और राजनीति पर गरमागरम बहस शुरू हुई है। वाम-उदारवादियों ने आरोप लगाया कि इसका कारण उनका मुसलमान होना है, लेकिन वे भूल गए कि खान आधे हिंदू भी हैं। भारतीय गेंदबाज मुहम्मद शमी द्वारा हालिया टी 20 विश्व कप मैच में पाकिस्तानी बल्लेबाजों को कथित रूप से कुछ रन देने पर यह विवाद और तेज व तीखा हो गया। मेरे विचार से यह निराधार आरोप है, जबकि मैं न उदारवादी हूं न वामपंथी। पाकिस्तानी गृह मंत्री शेख रशीद ने घोषणा कर दी कि 'भारतीय मुसलमान इसी भावना का साझा करते हैं।' इसका अर्थ है कि वे सभी मुसलमान पहले हैं तथा हिंदुस्तानी या पाकिस्तानी बाद में।

उत्तर प्रदेश के इटावा में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पाकिस्तान के संस्थापक एम.ए. जिन्ना की तुलना नेहरू, सरदार पटेल व यहां तक कि गांधी से कर दी। अखिलेश ने कहा था, 'उन सबने स्वतंत्रता दिलाने में योगदान किया था।' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस तुलना पर गंभीर प्रतिक्रिया की, लेकिन किसी मुसलमान ने अखिलेश की बात का खंडन नहीं किया है। मुस्लिम पहचान से जुड़ी ऐसी असंख्य घटनायें हैं। स्वर्गीय सैयद शहाबुद्दीन ने बार-बार अधिकांश मुद्दों पर मुस्लिम पहचान के महत्व की पैरवी की थी। वे 'मुस्लिम भारतीय' कहना पसंद करते थे और उन्होंने 'भारतीय मुसलमान' कहने से इनकार किया था। स्पष्ट रूप से इसका अर्थ व्यापक इस्लामवादी प्रतिबद्धता है जो राष्ट्रीय पहचान से आगे जाती है। हालिया टी 20 क्रिकेट मैच में पाकिस्तानी विजेताओं ने जोर दिया कि यह न केवल पाकिस्तान, बल्कि इस्लाम की विजय है। यह उदाहरण किसी प्रकार भी अकेला नहीं है। कुछ साल पहले जब वसीम अकरम पाकिस्तानी टीम के कैप्टेन थे और वह बांग्लादेश में मैच हार गई थी तब अकरम ने कहा था कि उनको पाकिस्तान द्वारा 'मुस्लिम भाई' के खिलाफ मैच हारने पर चिन्ता नहीं है। स्पष्ट है कि उनके विचार से उम्मा, यानी वैश्विक मुस्लिम पहचान किसी भी देश से ऊपर है। लेकिन यह इस्लामवादी अति-राष्ट्रवाद लोकप्रिय नहीं हुआ। इसी प्रकार 'यहूदी पहले तथा जर्मन, ब्रिटिश या फ्रेंच बाद में' की यहूदी भावना भी लोकप्रिय नहीं हुई थी। अति-राष्ट्रवाद का जन्म संभवतः एक यहूदी अवधारणा है। यहूदियों को मिस्त्रवासियों ने पकड़ कर उनसे पत्थर पर पत्थर रखने का बंधुआ मजदूर वाला काम लिया था। यह स्पष्ट था कि उनको रिहा करने का फिरौन का कभी इरादा नहीं था। यहूदी इस दयनीय स्थिति से बहुत परेशान थे तथा असहाय अनुभव कर रहे थे। इसके बाद उनके पैगंबर मूसा ने हर्कुलिस जैसे कठोर प्रयास से उनको मुक्त कराया और इस्त्राइल भेजा। ऐसे में वे केवल देवता की बात सोच सकते थे तथा कोई राज्य या देश उनके

> **नागरिक की अपने देश के प्रति प्रतिबद्धता पर सीमाओं से परे कोई प्रतिबद्धता हावी होती है जो किसी साम्राज्य, धर्म या इससे उच्चतर किसी चीज के प्रति हो सकती है। एक प्रकार से यह संप्रभुता पर आधिपत्य का हावी होना है।**

विचार में नहीं था। विडंबना है कि वे शताब्दियों तक अपने प्रयास में उस समय तक सफल नहीं हुए, जब तक अंग्रेजों ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद उनकी 1948 में सहायता नहीं की। अति-राष्ट्रवाद को अक्सर परा-राष्ट्रवाद के रूप में परिभाषित किया जाता है। यहां इसका अर्थ होता है कि नागरिक की अपने देश के प्रति प्रतिबद्धता पर सीमाओं से परे कोई प्रतिबद्धता हावी होती है जो किसी साम्राज्य, धर्म या इससे उच्चतर किसी चीज के प्रति हो सकती है। एक प्रकार से यह संप्रभुता पर आधिपत्य का हावी होना है। एक यहूदी की सर्वोच्च प्रतिबद्धता किसी एक देश के प्रति न होकर यहूदीवाद के प्रति होती है। यहां तक कि 1948 में इस्त्राइल नामक देश बनाने के बाद भी यहूदी के लिए जेहोवा के प्रति प्रतिबद्धता इससे अधिक है। यहूदियों के लिए एक अलग देश स्थापित करने वाले आंदोलन की प्रमुख शक्ति तथा इस्त्राइल के पहले राष्ट्रपति चैम वीज़मान ने इस बिंदु की व्याख्या करते हुए कहा था, 'कोई ब्रिटिश या फ्रेंच यहूदी नहीं है, बल्कि ब्रिटेन और फ्रांस में यहूदी हैं। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि यूरोप से वापस आ कर 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा' लिखने वाले प्रख्यात कवि इकबाल परा-राष्ट्रवादी हो गए थे और वही बने रहे। इसके बावजूद वे जिन्ना की तरह संपूर्ण अलगाववादी नहीं थे। पूरी संभावना है कि बहुत से मुसलमान इसी प्रकार भ्रमित होकर अपनी भावनाओं के गुलाम बन गए हैं। अमीर परिवारों को छोड़ कर उनका कहीं स्वागत नहीं होता है। ऐसे में उनकी परा-राष्ट्रवादी भावनाओं को कहां जगह मिलेगी? क्या उन्होंने इस बात पर विचार किया है कि यहूदियों के साथ जर्मनी तथा अन्य स्थानों पर कैसा व्यवहार हुआ? अब्राहम परिवार का चौथा बेटा मार्क्सवाद भी अपनी प्रकृति से परा-राष्ट्रवादी है। मार्क्सवादी अपनी प्रकृति व सोच से परा-राष्ट्रवादी होते हैं और उन्होंने अपने मूल देशों को नष्ट किया है। क्या इसका अर्थ है कि परा-राष्ट्रवादी मुसलमान भी अंततः अपने देशों को नष्ट करने की ओर बढ़ रहे हैं? प्राकृतिक रूप से न चलने के कारण उनके देश गरीब होते जा रहे हैं। उनकी सोच स्वाभाविक रूप से उत्पादन या उत्पादक संस्कृति को बढ़ावा नहीं देती है। इसकी सर्वाधिक प्रभावी रूप से व्याख्या प्रोफेसर तिमूर कुरान ने की है। उन्होंने सिद्ध किया है कि इस्लामी कानूनों ने किस प्रकार मुस्लिम उम्मा को आर्थिक प्रगति करने से रोका है। इसके एकदम उलट परा-राष्ट्रवाद में विश्वास रखने वाले यहूदियों ने एक प्रकार की जादुई शक्ति प्रदर्शित की है। उनकी प्राथमिकता संपत्ति अर्जित करना है और वे इसमें सफल हुए हैं। लेकिन यहूदी यूरोप में अलोकप्रिय हैं क्योंकि उनको अपने देश के बजाय अपनी चिन्ता अधिक करने वाले माना जाता है। मार्क्सवादी परा-राष्ट्रवादियों का अपने किस्म का एक और समुदाय है जो किसी ईश्वर या धर्म में विश्वास नहीं करते हैं। वास्तव में ईश्वर के अस्तित्व से इनकार करते हैं तथा धर्म को 'जनता की अफीम' बताते हैं। कम्युनिस्टों का उद्देश्य दुनिया के मजदूरों को एकजुट करना है। उनके दुश्मन अमीर थे या जिनको वे बुर्जुआ कहते थे जिनको उखाड़ फेंकना जरूरी है। मार्क्सवादियों का विश्वास है कि सत्ता औद्योगिक कामगारों या सर्वहारा को सौंपी जानी चाहिए। एक दुष्टतापूर्ण तरीके से मार्क्सवादी छोटे किसानों के भी दुश्मन बन गए और सामूहिकीकरण के माध्यम से उनके खेत छीन लिए गए।

अंततः जैसा कि इतिहास ने सिद्ध किया है, मार्क्सवादियों ने पूरे-पूरे देशों को नष्ट कर दिया। परा-राष्ट्रवादी विचारधारा की खोज में लगे मार्क्सवादियों का यह विश्वास भी था कि अलग-अलग देशों का ज्यादा महत्व नहीं है। वास्तव में मार्क्सवाद का विश्वास है कि राष्ट्र-राज्य पूंजीपतियों का शोषणकारी उपकरण है। यह उसी तरह है जैसे इस्लामवादियों का विश्वास है कि राष्ट्र-राज्य उनके विश्वास की मौत है।

# विषम और विपरीत परिस्थितियों में मनोबल और साहस ही सफलता के प्रेरक है

> **सफलता के पीछे विषम परिस्थितियों से लड़ते हुए सफलता प्राप्त करने के पीछे सबसे ज्यादा मनोबल एवं आत्म संयम की आवश्यकता होती है और तब सफलता उसके कदम चूमने लगती है।**


संजीव ठाकुर
चिंतक-लेखक
रायपुर छ.ग.



विषमताओं में घबराइए मत, क्योंकि हर इंसान के जीवन में विषम परिस्थितियां और बुरा समय अवश्य आता है। विषम परिस्थितियां विविधता लिए हुए आती है, ऐसे समय में यदि साहस के साथ बुरे समय का सामना किया जाए तो सफलता आपके सामने होगी। विषम परिस्थितियों का डटकर मुकाबला ही जीवन की सफलता है। जिस व्यक्ति में विकट परिस्थितियों में जूझने की क्षमता तथा जीजिविषा होती है,वही व्यक्ति समाज में सफल व्यक्ति के रूप में स्थापित हो पाता है और समाज का प्रेरणाश्रोत बन जाता है।

सफलता का आधार केवल आत्मविश्वास और परिश्रम ही है। किसी भी प्रतियोगिता में हारने के बाद भी आप अपने प्रयास परिश्रम व जुझारू पन से लोगों का दिलजीत कर उन्हें प्रेरित कर सकते हैं। दीपा करमाकर बिना पदक प्राप्त किए भी आज युवा प्रतीक बन गई है। इसके साथ यदि आप अपनी हार से कुछ सीखते हैं, अनुभव प्राप्त करते हैं और पुनः लड़ने के लिए दुगनी ऊर्जा से खड़े होते हैं तो वह भी एक बड़ी सफलता है। जीवन में सफलता की परिभाषा बड़ी व्यापक है। जब व्यक्ति अपनी विषम परिस्थितियों में मार्ग खोजने का प्रयास करता है तो उसके मनोबल का वेग अपने चरम सीमा पर होता है, नेपोलियन बोनापार्ट ने भी शक्ति, अस्त्र, नेतृत्व में मनोबल को ही सर्वशक्तिमान एवं प्रमुख माना है। सफलता के पीछे विषम परिस्थितियों से लड़ते हुए सफलता प्राप्त करने के पीछे सबसे ज्यादा मनोबल एवं आत्म संयम की आवश्यकता होती है और तब सफलता उसके कदम चूमने लगती है। मनोबल होने से सदैव आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। आत्मविश्वास से दृढ़ता बढ़ती है, और वह सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए जुजुत्सा को प्रेरित करता है, और यही जुझारू पन सफलता प्राप्ति का एक बड़ा मापदंड है। जुझारू पन विषम परिस्थिति रूपी तूफान में लंगर का कार्य करता है इस प्रकार व्यक्ति समूह या समाज अपने परिणाम तक पहुंचने के लिए पूरी ऊर्जा का उपयोग कर सफलता को प्राप्त करता है। विपन्न व्यक्ति यह जानता है कि उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं वह खाली हाथ है और इन परिस्थितियों में वह परिस्थितियों से लड़ने का साहस जुटाता है और कुछ अलग करने का प्रयास करता है।

जोखिम उठाने से नहीं डरता है और जुझारू पन के साथ एक पृथक सोच उसे अपने लक्ष्य प्राप्ति करने की ओर प्रेरित करती है। जब व्यक्ति विषम परिस्थितियों से लड़ने का साहस जोर आता है तब वह मानसिक रूप



से दूर होकर सकारात्मक हो जाता है और विषम परिस्थितियों को एक चुनौती के रूप में स्वीकार कर उससे जुड़ने लगता है फल स्वरूप उसे आशा की किरण नजर आती है। वह परिस्थितियों से विचलित ना होकर सफलता की ओर आगे बढ़ता है, यही कोशिश उसे अपने मुकाम तक पहुंचाने का यत्न होती है। उन परिस्थितियों में साहस दिखाने वाले ही सफल व्यक्तित्व के महान नेता बनते हैं। साहस तथा मनोबल विषमताओं में लड़ने की एक बड़ी ऊर्जा एवं शक्ति होती है। विषम परिस्थितियों में साहस दिखाने वाला व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार रहता है और यदि ऐसा व्यक्ति असफल हो भी जाए तो उसकी असफलता कई व्यक्तियों की प्रेरणा का स्त्रोत होती है। मिल्खा सिंह अपनी उपलब्धियों के लिए नहीं अपितू विषम परिस्थितियों में साहस करने के लिए जाने जाते हैं। रानी लक्ष्मी बाई का अदम्य साहस आज भी हम सबके लिए बहुत बड़ा प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनके साहस, शक्ति,मनोबल, संयम और प्रेरणा को अंग्रेजों ने भी स्वीकार कर उनकी प्रशंसा की थी। व्यक्ति को विषम परिस्थितियों में तथा कठिन परिस्थितियों में जूझने का साहस स्वयं होकर ही दिखाना पड़ता है। विषम परिस्थितियों में जोड़ने का जो उत्प्रेरक का कार्य करता है वह निसंदेह गुरु या शिक्षक होता है और यदि कठिन परिस्थितियों में ऊर्जा के लक्ष्य को अपने साथ में केंद्रित करें तो वह अवश्य सफलता की सीढ़ी चढ़ने लगता है। विषम परिस्थितियों में साहस करने वाला व्यक्ति हमेशा सफल होता है। जिस तरह आग में तपने से सोना कुंदन बन जाता है, फलस्वरूप वह ज्यादा मूल्यवान एवं शुद्ध हो जाता है, ठीक उसी तरह विषम परिस्थितियां भी आग हैं और आग में साहस दिखाने वाला व्यक्ति कुंदन बन जाता है। समाज में उसकी एक अलग जगह बन जाती है और समाज के लिए वह व्यक्ति एक मार्गदर्शक तथा बहु उपयोगी महान व्यक्तित्व बन जाता है। ऐसे अनेकों उदाहरण हैं जिन्होंने कठिन तथा विषम परिस्थितियों में अपने को परिस्थितियों की ऊष्मा में झोंक कर अपने आप को शक्तिशाली प्रमाणित कर समाज व देश का मार्गदर्शन किया है एवं राष्ट्र का नाम उज्जवल किया है। सफल व्यक्ति के पीछे सदैव उसके शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक तथा आर्थिक मेहनत तथा अथक प्रयास का ही समावेस होता है। मनुष्य को सदैव धैर्यवान, संघर्षशील, साहस से ओतप्रोत उच्च मनोबल वाला होना चाहिए जिसके फल स्वरूप व अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनता है।

## फरमाया



**मुझे** सीएम के रूप में चार महीने मिले हैं, लेकिन मैं चार साल का काम करूंगा। न मैं सोता हूं, न अधिकारियों को सोने देता हूं।

**- चरणजीत सिंह चन्नी**
पंजाब के मुख्यमंत्री



**यदि** कोई सहयोगी दल सरकार छोड़ने का विकल्प चुनता है तो सत्तासीन गठबंधन सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए।

**- मैगडालीना एंडरसन**
स्वीडन की प्रधानमंत्री



**'खेला** होबे' का आप कुछ भी मतलब समझें लेकिन यह उकसाने वाला नहीं हो सकता। हमारी जीत में इसका अहम योगदान रहा है।

- संयोनी घोष
तृणमूल नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### देश से पहले

**मुंबई** पर 26/11 पाक प्रायोजित आतंकी हमले को 13 साल पुरे हुए। इस हमले के सूत्र को लेकर खास कर मुंबई के नागरिकों में खासा गुस्सा है। यही स्थिति देश के नागरिकों के साथ है। देश की आर्थिक राजधानी पर हुए हमले को तत्कालीन केंद्र सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया। अगर लिया होता तो पाकिस्तान को तब ही सबक मिल सकता था। भारत-पाक युद्ध छिड़ गया, तो पाकिस्तान परमाणु बम का इस्तेमाल करेगा। तत्कालीन सरकार के इस भय से उन्होंने पाकिस्तान पर आक्रमण नहीं किया। उस समय कई लोग आतंकी हमलों में मारे गए और इन्हे परमाणु बमों का प्रयोग होने की चिंता होना, क्रोधजनक है। असली वजह यह हो सकती है कि अगर पाकिस्तान पर भारत से हमला होता, तो यहा के अल्पसंख्यक समुदाय को कैसा लगेगा? अगर उन्हें दुःख पहुचाने वाला काम किया तो हमें राजनीति से ही बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। पाकिस्तान से अधिक डर तो इसी विचार का होगा। दुश्मन पर हमले की तुलना में वोट बैंक को प्राथमिकता दी गई। पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे से मिटा देना होगा। अगर यहां एक भी नागरिक आतंकवादी हमले में मारा जाता है, तो पाकिस्तान को इसकी कीमत कैसे चुकानी पड़ सकती है?

**- जयेश राणे,** मुंबई

### राष्ट्रवाद की भावना का महत्व

'राष्ट्रवाद' की अवधारणा उस 'विचार' एवं 'आंदोलन' की ओर इशारा करती है जो किसी राष्ट्र के हितों को उसकी मातृभूमि पर तरजीह देती है। राष्ट्रवाद में निहित अर्थ यह मांग करता है कि राष्ट्र स्वयं शासन चलाए जिसमें किसी भी प्रकार बाहरी हस्तक्षेप न हो, जिसे अपना निर्णय लेने की छूट हो वह राष्ट्र अकेले ही प्राकृतिक तौर पर राजनैतिक सत्ता का स्त्रोत हो । राष्ट्रवाद का उद्देश्य एक राष्ट्रीय पहचान बनाना व इसे कायम रखना है जो सांस्कृतिक, जातीय, भौगोलिक स्थिति, भाषा, राजनीति, धर्म, परंपरओं तथा विश्वास का साझा सामाजिक चरित्र है जिसका इकलौते इतिहास में अटूट विश्वास होता है। राष्ट्रवाद, राष्ट्र की पारंपरिक संस्कृतियों व सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजकर उनके पोषण की मांग करता है। इसके अलावा, वह राष्ट्र की उपलब्धियों के प्रति गर्व महसूस करने की भावना को बढ़ाता है और देशभक्ति की भावना से जुड़ा होता है। दुनिया भर में राष्ट्रवाद की अवधारणा 'औद्योगिक क्रांति' के साथ उपजी तथा बाद में यह 'राष्ट्र-राज' के वजूद में आने के साथ-साथ बढ़ती रही। इसका अर्थ यह भी है कि लोगों की समझ में यह परिवर्तन हुआ कि उनमें ये जिज्ञासा हुई कि ये कौन हैं और उनकी पहचान व इस 'अपनेपन की भावना' को कैसे परिभाषित किया जा सकता है। नए चिन्ह व प्रतीक, नए गीत व विचारों ने नए संबंध बनाएं और विभिन्न समुदायों की सीमाओं को पुनः परिभाषित किया।

**- शाहिद खान,** रायपुर

### अच्छा संकेत

**सवा** अरब आबादी वाले देश भारत मे लिंगानुपात की समस्या थी। लेकिन बेटी पढ़ाओ,बेटी बचाओ जैसे अभियानों और सरकारी अस्पतालों में प्रसव की सुविधाये बढ़ाने से लिंगानुपात में सकारात्मक परिवर्तन हुए है।नेशनल फेमिली हेल्थ मिशन के सर्वे के अनुसार 1000पुरुषों पर महिलाओ की संख्या 1020 हो गई है। जबकि 2016-17 में यह अनुपात1000-991 था। आज सरकारी अस्पतालों में 88.5 प्रतिशतप्रसव करवाने लोग गए। लोग अस्पतालों में प्रसव को प्राथमिकता दे रहे है।लड़का-लडकी एक समान और छोटा परिवार के महत्व का असर भी दिखाई देने लगा है। प्रजनन डर में गिरावट आ रही है। जिससे जनसंख्या भी धीरे धीरे कम हो रही है।जो भारत देश के विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होने का सुखद संकेत है।समाज मे लड़कियों का महत्व बढ़ रहा है। लोग लड़कियों का महत्व समझ रहे है। हर क्षेत्र में महिलाएं उन्नति कर रही है और पुरुषों के साथ कंधा मिलाकर चल रही है। महिला सशक्तिकरण के लिये सरकार द्वारा किये गए प्रयासों का यह परिणाम है।

**- कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव

# नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कहा...शिक्षा के साथ सुरक्षा जरूरी

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



क्या आपको कोरोना टीका लगा है...नही लगा है तो आपके कैंपस में कोरोना टीका लगाने हेतु नगर पालिका की टीम पहुंचा हुआ है प्लीस आप पहले टीका लगवायें....पहली खुद की सुरक्षा उसके बाद शिक्षा...जितना जरूरी शिक्षा है उतना ही जरूरी खुद की सुरक्षा है उक्त बातें आज पीजी कॉलेज में क्लास चल रहे छात्र-छात्राओं को बीच पहुंचकर नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कहा। उन्होने महाविद्यालय के अलग-अलग कक्षाओं में जाकर कोरोना टीका लगवाने प्रेरित की तथा टीकाकरण अभियान को सफल बनाने सहयोग करने की अपील कीं।

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा आज आचार्य पं.श्री गृ.मुनि नाम साहब महाविद्यालय में चल रहे कोरोना टीकाकरण कैंप में पहुंचे। उन्होनें महाविद्यालय के अध्यापकों से मिलकर कोरोना टीकाकरण के संबंध में चर्चा की तथा छात्र-छात्राओं को कोरोना टीका लगाने हेतु प्रेरित करते हुए उनके क्लास रूम तक पहुंचे। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा कॉलेज के सभी क्लास रूम में घुम-घुमकर कोरोना टीका लगाने हेतु प्रेरित किया। उन्होनें उपस्थित प्रथम डोज व द्वितीय डोज लगाने वाले छात्र-छात्राओं से रूबरू हुए व टीका नही लगाने वाले छात्रों को तत्काल कैंप के पास भेजा। उन्होने कहा कि आप सभी अभी शिक्षा के क्षेत्र में है और आपकी जिम्मेदारी सबसे पहले खुद को सुरक्षित रखना है इसलिए सबसे पहले खुद को सुरक्षित करते हुए सुरक्षा टीका लगवायें फिर शिक्षा ग्रहण करें।

## वार्डों में भी पहुंचे नपाध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा वार्ड क्रं. 02, 03, 05, 14, 15 व 17 में पहुंचकर कोरोना टीकाकरण कार्य की मॉनिटरिंग की। उन्होनें टीकाकरण केन्द्र में उपस्थित नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग टीम, शिक्षकगणों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति सेंटर तक नहीं पहुंच रहे उनके घर जाकर टीका लगायें तब हमारा कोरोना मुक्त छत्तीसगढ़ व शत् प्रतिशत टीकाकरण अभियान सफल होगा। उन्होनें टीकाकरण कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारी, नगर पालिका, स्वास्थ्य टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी। निरीक्षण अवसर पर एल्डरमेन जाकीर चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता एम.एल.कुर्रे, पीजी कॉलेज प्राचार्य, अध्यापकगण उपस्थित थे।

## टीकाकरण अभियान को सफल बनाने की अपील

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ सरकार कोरोना मुक्त छत्तीसगढ़ व 100 प्रतिशत टीकाकरण अभियान को सफल बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है उन्होनें बताया कि कैबिनेट मंत्री मो. अकबर भाई द्वारा कबीरधाम जिले में शत-प्रतिशत कोरोना टीकाकरण किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है निर्देशानुसार जिले सहित शहरी क्षेत्रों में दिनांक 22 नवंबर से 28 नवंबर तक शत् प्रतिशत टीकाकरण किये जाने हेतु टीकाकरण महा अभियान चलाया जा रहा है नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कवर्धावासियों से अपील की है कि टीकाकरण अवश्य करावें। ताकि आपका व आपका परिवार सुरक्षित रहे।

# संतगण और दुर्गेश देवांगन ने किया 108 फीट के स्तंभ का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < थानखमरिया
www.dailypioneer.com



परम पूज्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के संकल्प 108 फीट के स्तंभ में विशाल भगवा ध्वजारोहण कार्यक्रम जो कि 10 दिसम्बर 2021 को होना है उक्त स्थल लोहारा नाका कवर्धा में भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया था।

भूमिपूजन धर्मवीर दुर्गेश देवांगन, ब्रम्ह्चारी सर्वभुत हृदयानंद, ब्रम्ह्चारी ज्योतिर्मयानंद, ब्रम्ह्चारी केशवानंद, ब्रम्ह्चारी सिद्धेश्वरानंद, महंत राजमणि, ब्रम्ह्चारी राजेंद्र चैतन्य के द्वारा किया गया भूमिपूजन कार्य को पौराणिक आचार्य पंडित शिवविलास शर्मा, पंडित प्रमोद शर्मा और वैदिक ब्राह्मणो के द्वारा पूर्ण कराया गया।

कार्यक्रम में शंकराचार्य जनकल्याण न्यास के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी चंद्रप्रकाश उपाध्याय, ट्रस्टी गिरिराजदास वैष्णव, ट्रस्टी अतुल देशलहरा, ट्रस्टी उमंग पांडेय, चंद्रिका चौबे, पंडित चंद्रकिरण तिवारी, सतीश जैन, नरेश ठाकुर, हरिहर उपाध्याय, मुकेश बैद, रामकृपेश्वर उपाध्याय, वीरेंद्र साहू, सुधीर केशरवानी नगर पालिका के पार्षद रिकेश वैष्णव, प्रमोद शर्मा, मनहरण कौशिक, मनीषा साहू, पवन जयसवाल, ब्राह्मण महिला समाज के जिलाध्यक्ष मधु तिवारी, भगवंतीन अहिरवार, संजय मिश्रा, दुर्गेश ठाकुर, सौरभ शर्मा, अजय ठाकुर, श्रीकांत उपाध्याय, सौखी अहिरवार, डोनेश ठाकुर, लोकनाथ देवांगन, ठाकुर समाज के रामसिंग ठाकुर, गुड्डू ठाकुर, सुरेश मोदी के साथ सैकड़ो की संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन धर्मलंकार डॉक्टर पवन मिश्रा एवं धर्मासंद आनंद उपाध्याय द्वारा किया गया उक्ताशय की जानकारी शंकराचार्य जनकल्याण न्यास के मीडिया प्रभारी पंडित देवदत्त दुबे ने दिया।

# बालोद जिले में 59 लाख क्विंटल धान खरीदी का रखा गया लक्ष्य, नए 9 खरीदी केंद्रों में की गई वैकल्पिक व्यवस्था

## 8 हजार से अधिक नए पंजीकृत किसान समर्थन मूल्य पर बेचेंगे धान

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



1 दिसम्बर से शुरू होने वाले समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। कलेक्टर जनमेजय महोबे लगातार बैठके लेकर सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देशित कर रहे हैं। साथ ही कमियों को दुरुस्त करने की बात कह रहे हैं। इतना ही नहीं स्वयं कलेक्टर अंदरूनी क्षेत्रों के खरीदी के केंद्रों में जाकर व्यवस्थाओं जायजा ले रहे हैं।उल्लेखनीय हो कि जिले में इस बार 9 नए खरीदी केंद्र सुरडोंगर, पटेली, खरथुली, माहुद/अ, कन्याडबरी, सिंगारपुर एवं खपरी बनाये गए है। जिसके बाद खरीदी केंद्रों की संख्या कुल 135 हो गई है। पिछले साल 1 लाख 30 हजार 880 किसानों ने धान बेचा था, लेकिन इस बार 1 लाख 38 हजार 984 पंजीकृत किसान धान बेच पाएंगे। 8 हजार से अधिक नए पंजीकृत किसानो की संख्या भी बड़ी है। वही इस वर्ष 59 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 7 लाख क्विंटल अधिक है। पिछले 2020-21 वर्ष में 52 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया था। धान खरीदी की तैयारियों को लेकर जिला सहकारी नोडल कार्यालय के जिला नोडल अधिकारी सत्येंद्र वैदये ने बताया कि धान खरीदी की शुरुआत से ही किसानों के खातों में पैसे डलने शुरू हो जाएंगे। किसानों द्वारा धान के साथ दिए जाने वाले बारदाने के भी पैसे साथ में डाले जाएंगे। इसके अलावा नए स्वीकृत खरीदी केंद्रों में चबूतरों का निर्माण नही हो पाया है, जिसे लेकर वहां वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। किसी केंद्र में अगर जो भी कमी है। उसे 30 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

# उप एवं आम निर्वाचन के मद्देनजर शांति एवं सुरक्ष व्यवस्था बनाये रखने दिशा निर्देश जारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोसकर संदीपान ने एक आदेश जारी कर नगर पंचायत मारो, नगर पंचायत देवकर, नगर पंचायत थानखम्हरिया (वार्ड क्रमांक 11) एवं नगर पालिका परिषद बेमेतरा (वार्ड क्रमांक 5 एवं 11) में आम/उप निर्वाचन 2021 के मद्देनजर धारा 144 लागू किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि बेमेतरा जिले के नगर पंचायत मारो, नगर पंचायत देवकर (वार्ड क्रमांक 07), नगर पंचायत थानखम्हरिया (वार्ड क्रमांक 11) एवं नगर पालिका परिषद बेमेतरा (वार्ड क्रमांक 5 एवं 11) में आम/उप निर्वाचन 2021 अंतर्गत मतदान 20 दिसम्बर 2021 को सम्पन्न होने जा रहा है तथा चुनाव संबंधी सारी तैयारियां/प्रक्रियाएं प्रारंभ हो रही है। संबंधित नगरीय निकाय क्षेत्रों में समुचित शांति एवं सुरक्ष व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिले में लोक परिशांति बनाये रखना आवश्यक प्रतीत होता है। अतएव मै भोसकर विलास संदीपान जिला दण्डाधिकारी, बेमेतरा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी करता हूं। बेमेतरा राजस्व जिला अंतर्गत नगर पंचायत मारो, नगर पंचायत देवकर (वार्ड क्रमांक 07), नगर पंचायत थानखम्हरिया (वार्ड क्रमांक 11) एवं नगर पालिका परिषद बेमेतरा (वार्ड क्रमांक 5 एवं 11) के सम्पूर्ण क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का घातक शस्त्र यथा बंदूक, रायफल, पिस्टल, रिवाल्वर, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क/रास्ता, सार्वजनिक सभाएं एवं अन्य स्थानों पर लेकर नहीं चलेगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक नारे लगायेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें अपने कार्य के सम्पादन के लिये लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हे चुनाव/मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हे शारीरिक दुर्बलता/वृद्धावस्था तथा लंग?पन होने के कारण लाठी रखना आवश्यक है। बेमेतरा राजस्व जिला के उपरवर्णित कंडिका (1) में उल्लेखित सीमा क्षेत्र के अंतर्गत विनिर्दिष्ट मतदान केन्द्र, मतगणना स्थल, तहसील, ब्लाक/अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय/जिला कार्यालय (कलेक्टोरेट)/ जिला पंचायत कार्यालय/ संयुक्त जिला कार्यालय के परिसर के बाहर न तो भीड़ होगी न धरना दिया जावेगा और न ही नारेबाजी की जावेगी। बेमेतरा राजस्व जिला के उपरवर्णित कंडिका (1) में उल्लेखित सीमा क्षेत्र के अंतर्गत कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा आम सभा, जुलूस आयोजित करने के पूर्व उसकी विधिवत लिखित सूचना कानून व्यवस्था से जुड़े संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी/ तहसीलदार को देगा, तथा विधिवत लिखित अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही संबंधित राजनैतिक दल/ व्यक्ति आमसभा, जुलूस का आयोजन कर सकेगा। कोई भी राजनैतिक दल या व्यक्ति बेमेतरा राजस्व जिला के उपरवर्णित कंडिका (1) में उल्लेखित सीमा क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी धार्मिक संस्थान या उसके आस-पास न तो आमसभा का आयोजन करेगा और न ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करेगा न ही धार्मिक स्थानों का आमसभा/जुलूस के लिये उपयोग करेगा। बेमेतरा जिले के उपरोक्तानुसार सीमा क्षेत्र में किसी भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा बिना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी/ तहसीलदार की अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा किसी प्रकार का नारेबाजी, प्रचार-प्रसार एवं वक्तव्य का उद्घोष नही करेगा। इस आदेश का उल्लंघन यदि किसी व्यक्ति द्वारा किया जाना पाया जायेगा तो यह भा.द.वि. की धारा-188 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। यह आदेश जारी दिनांक से 23 दिसम्बर 2021 तक नगर पंचायत मारो, नगर पंचायत देवकर (वार्ड क्रमांक 07), नगर पंचायत थानखम्हरिया (वार्ड क्रमांक 11) एवं नगर पालिका परिषद बेमेतरा (वार्ड क्रमांक 5 एवं 11) के सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रभावशील रहेगा।

# संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या शाला साजा के छात्राओं ने किया थाना साजा भ्रमण

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक बेमेतरा अरविंद कुजूर के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में आज दिनांक 26.11.2021 को संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या शाला साजा के छात्राओं को शिक्षको की उपस्थिति में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह के द्वारा थाना साजा का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान भरतीय संविधान के संबंध में जानकारी दी गई एवं संविधान के द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारो के बारे में बताया गया। थाना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां छात्राओं को प्रदान कर उनमें सृजनात्मक कौशल का विकास किया। थाना साजा प्रभारी एवं साजा स्टाफ बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हे भविष्य में अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा दी एवं बच्चों को महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को यातायात सड़क संकेत तथा बिना लायसेंस वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन में तीन सवारी ना बैठने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहन कर वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग ना करने, यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने के संबंध में बच्चों को जगरूक किया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान अध्यापक रूपेश मिश्रा, सउनि भानु पटेल, प्र. आरक्षक अनुपम शर्मा, आरक्षक जय किशन, नागेश सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# नवाचारी गतिविधि समूह ने जिले के चार शिक्षिकाओं का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारत के सभी राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ा देश का सबसे बड़ा नवाचारी शिक्षक समूह 'नवाचारी गतिविधियां समूह' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हुआ जिला के चार शिक्षिकाओं का सम्मान मंजू साहू (शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका विकासखंड बेमेतरा) शालिनी दुबे (शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कारेसरा विकासखंड साजा), समता सोनी (शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमोरा विकासखंड नवागढ़) कांति नागे (शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंडेरका विकास खंड बेरला) सक्रिय शिक्षिका ज्योति बनाफर (शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका) नवाचारी गतिविधियां समूह नोडल बेमेतरा बताती है कि इस ग्ररुप का निर्माण की योजना 2015 में संजीव सूर्यवंशी द्वारा किया गया जो 2017 में साकार रूप लिया।इस ग्ररुप छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक विकासखंड से शिक्षक साथी जुड़े हुए हैं। प्रत्येक वर्ष इस ग्ररुप द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक गतिविधियां कराई जाती है इसी तारतम्य में इस वर्ष 16,17, 19 अक्टूबर को वेबीनार का आयोजन किया गया था। जिसमें निम्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए नवाचार/ अन्य उत्कृष्ट कार्यों की आवश्यकता। देशभर के शिक्षकों के स्वयं के नवाचार/अन्य उत्कृष्ट कार्य एवं लाभ ।कोविड-19 के दौरान पढ़ाई जारी रखने के लिए सभी राज्य के शिक्षकों का प्रयास। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्य के विभिन्न जिलों के शिक्षकों द्वारा गूगल फॉर्म भरा गया था तथा उनकी जानकारी मंगाई गई थी। चयनित शिक्षकों को नवाचारी गतिविधियां समूह द्वारा मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट नोडल के यहां पोस्ट किया गया।जिला से चयनित शिक्षक कोरोना काल में देश में शिक्षा को लेकर वेबीनार और घरेलू सामान के माध्यम से बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने और शिक्षित करने की महत्वपूर्ण चुनौतीपूर्ण अपनी दायित्वों का निर्वाह करने के लिए सम्मान मिलने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएंदेश में ऐसे शिक्षकों से ही शिक्षा क्षेत्र का भविष्य उज्जवल होगा। ज्योति बनाफर बताती है कि समाज में स्त्री किसी भी रूप में अपनी भूमिका निभाए वह अपना श्रेष्ठ देने का प्रयास करती है और सीमित संसाधनों में भी बेहतर परिणाम देती है।

# सहस्त्रबाहु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए समाज में एकजुटता बनाए रखे: योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा के ग्राम कौशलपुर मोहरेंगा में सिन्हा समाज के द्वारा सहस्त्रबाहु जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम समाज के लोगो ने अपने ईष्ट की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आरती की गई। इस दौरान अतिथि किसान नेता योगेश तिवारी ने भगवान के कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वे हैहय वंश के राजा थे। उनकी मां रानी पद्मिनी और पिता राजा कृतवीर्य थे। वे भगवान दत्तात्रेय के अनन्य भक्त थे। अपने तप के बल पर कई वरदान प्राप्त किया था। उनके एक हजार अक्षौहिणी सेना थी। सहस्त्रार्जुन भगवान विष्णु के चक्र के अवतार थे। चक्र में हजार आरे होते हैं, इसलिए उनके एक हजार हाथ थे। उनकी राजधानी नर्मदा नदी के किनारे महिष्मती थी। जो वर्तमान में मध्यप्रदेश का महेश्वर नगर है। किसान नेता ने भगवान सहस्त्रार्जुन के बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हुए समाज में एकजुटता बनाये रखने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में स्नेह भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षत ईश्वर कुमार सिन्हा मंडलेश्वर बेरला ने की। इस दौरान रामलाल सिन्हा, दुर्गा शरण सिन्हा, भरत लाल सिन्हा सदस्य जिला कार्यकारिणी बेमेतरा, सेवती बाई सिन्हा जिलाध्यक्ष महिला मंच बेमेतरा, रघुवीर सिन्हा जिला संयोजक राजनीति प्रकोष्ठ, कामता प्रसाद सिन्हा भवन निर्माण समिति, मदनलाल सिन्हा, वीरेंद्र यादव, सुरेश सिहोरे आदि उपस्थित थे।

## दिवाली एवं छठ पूजा मिलन समारोह आयोजित

# केबिनेट मंत्री भेड़िया ने यूपी-बिहार समन्वय समिति के मांगों पर जताई सहमति





पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छग यूपी बिहार सांस्कृतिक समन्वय समिति के द्वारा छठ पूजा स्थल में 26 नंवबर को दीपावली एवं छठ पूजा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया उपस्थित थीं। अध्यक्षता छग यूपी बिहार सांस्कृतिक समन्वय समिति की अध्यक्ष चिंतामणि सिंह ने किया। विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर ,ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर ,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संगीता नायर ,महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष शिरोमणि माथुर ,मंत्री मीडिया प्रभारी विवेक मसीह ,सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पांडेय सहित नगर के पार्षद/एल्डरमैन व जनप्रतिनिधिगण मंचस्थ थे।

केबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया ने छग यूपी बिहार समन्वय समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के विभिन्न मांगों पर सहमति जताते हुए,सभी मांगों को अतिशीघ्र पूरा करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण छग यूपी बिहार सांस्कृतिक समन्वय समिति की अध्यक्ष चिंतामणि सिंह ने प्रस्तुत किया, कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव व एल्डरमैन प्रमोद तिवारी ने किया और आभार प्रदर्शन महिला समिति की सदस्य अनुराधा सिंह जी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में छग यूपी बिहार समन्वय समिति के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ,संस्थापक सदस्य कृष्णा सिंह ,अभय सिंह ,रवि जायसवाल, सुनील गुप्ता रामु शर्मा ,पार्षद स्वप्निल तिवारी, शीला भारद्वाज ,एल्डरमैन ममता पांडेय ,पूर्व अध्यक्ष विजय बहादुर ,राम, विजय सिंह भगवान शर्मा ,सुभाष शर्मा सजी, संतोष बरनवाल ,सुमन,आरती पांडेय ,मिक्की सिंह जी,सीमा जी,कालिंदी तिवारी मीना रंजना तिवारी का विशेष योगदान रहा।

## ग्राम मोहरेगा से ग्राम कंदई तक निकाला गया पद यात्रा

# जन जागरण पदयात्रा में शामिल हुए विधायक आशीष छाबड़ा



**बेमेतरा।** केन्द्र सरकार की नाकामियों के खिलाफ बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहरेगा से ग्राम कंदई तक आयोजित जन जागरण पद यात्रा में विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए, पदयात्रा के जरिए विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि बहुत हुई महंगाई की मार, गद्दी छोड़ो मोदी सरकार 7 साल पहले झूठ बोलकर भाजपा ने केन्द्र में सरकार बनाई और नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तब कहा था कि 2 करोड़ लोगों को हर वर्ष रोजगार देंगे, 15 लाख रूपये हर भारतीयो के बैंक खाते में जमा करने का वायदा झूठा निकला,मोदी सरकार की नीतियों से देश के किसान, मजदूर, मध्यमवर्गीय परिवार, सरकारी कर्मचारी लगातार परेशान एवं हलाकान है, वहीं रसोई गैस, डीजल और पेट्रोल की बेलगाम बढ़ती हुई महंगाई, खाद्य तेलों की महंगाई, सब्जियों की महंगाई ने गरीबों की थाली से दाल और सब्जी गायब कर दिया है, शिक्षा महंगा, मकान बनाना महंगा हुआ, जिससे आमजनता त्रस्त हो चुकी है। मोदी सरकार को देश की जनता से कोई लेना-देना नहीं मोदी सरकार भारत की जनता की सरकार नहीं बनकर, चंद लोगों की सरकार के रूप में काम कर रही है, देश में बढ़ती हुई महंगाई से लोगों का जीना दूभर हो गया है, इसके विरोध में जन जागरण पदयात्रा निकाला गया। ताकि लोगों के बीच मोदी के जनविरोधी नीतियों को बताया जा सके।कहा कि जब से देश में मोदी की सरकार बनी है तब से महंगाई चरम पर है। पेट्रोल एवं डीजल की कीमत आसमान छू रही है, गैस सिलेंडर के बेतहाशा बढ़ोतरी से गृहणियों को रसोई चलाना दुभर हो गया है, इस अवसर पर सूर्यप्रकाश शर्मा विधायक प्रतिनिधि, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला, अजय ठाकुर, जितेंद्र साहू, धनराज बंजारे, अशोक पटेल, भारतभूषण साहू, कविता साहू, ओनी महीलांग, दुर्गाराम साहू, ऋषि साहू, भागवत साहू, दिनानाथ, टिकम साहू, दशरूराम, रामायण साहू, बिरेंद्र पाठक,नेहा सुराना,सविता हिरवानी, वन्दना नेताम, युगलकीशोर राय, रोहित साहू,सुरेश साहू,माधव साहू, भूपेस्वारी राय, प्रीति साहू, पुनऊ राम साहू, संस्कार साहू,विष्णु पटेल,राजकुमार सेन,गुड्डू सेन,गोविंदा राजपूत, उमाशंकर पाटिल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित।

# कांग्रेस के कृष्ण कुमार गबेल ने किया सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रवेश

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य के 2023 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को देखते हुए तथा शक्ति को 15 अगस्त को राजस्व जिले का दर्जा मिलने के बाद से ही राजनैतिक उठापटक तेज हो गई है, तथा राज्य की विपक्षी राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी जहां अपनी खोई हुई सत्ता को छत्तीसगढ़ में पाने के लिए आतुर नजर आ रही है, तो वही राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस के अंदर ही कहीं ना कहीं आपसी समन्वय की कमी एवं गुटबाजी के चलते कार्यकर्ता भी मायूस होकर पाला बदलने में लगे हुए हैं,इसी श्रृंखला में 25 नवंबर को शक्ति शहर के अग्रसेन चौक में देर शाम आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश स्तर के नेताओं की मौजूदगी में शक्ति विधानसभा क्षेत्र में वर्षो पूर्व कांग्रेस पार्टी का युवा चेहरा रहे पूर्व जिला पंचायत के सदस्य एवं वर्ष- 2013 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधायक का चुनाव लड़ने वाले कृष्ण कुमार गबेल ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का दामन थाम लिया, तथा कृष्ण कुमार गबेल शक्ति



विकासखंड के ग्राम- देवरी के निवासी हैं, तथा उनकी धर्मपत्नी ग्राम पंचायत- देवरी की सरपंच भी रह चुकी है, साथ ही इस परिवार का विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की राजनीति में भी एक बड़ा प्रभाव देखा जाता था, किंतु अचानक ही कृष्ण कुमार गबेल के भाजपा प्रवेश से लोग अचंभित हैं, तथा जिस उत्साह के साथ कृष्ण कुमार गबेल ने 25 नवंबर को भाजपा प्रवेश कर उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी संगठन के दिशा- निर्देश पर वे पूरी सक्रियता के साथ काम करेंगे, एवं आने वाले विधानसभा चुनाव में शक्ति विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का विधायक बनाएंगे,तो वही जिले की जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व में जनपद पंचायत जैजैपुर के अध्यक्ष रहे सत्यनारायण चंद्रा ने भी इसी कार्यक्रम के दौरान अपने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का दामन थामा है, तथा सूत्रों की मानें तो सत्यनारायण चंद्रा वर्तमान में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में राजनीति के क्षेत्र में कार्य कर रहे थे, तथा उन्होंने भी भाजपा प्रवेश के बाद कहा है कि जय जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का विधायक बनाने के लिए वह दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करेंगे, उल्लेखित हो कि 25 नवंबर की देर शाम शक्ति शहर के अग्रसेन चौक में भारतीय जनता पार्टी ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री एवं मस्तूरी विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी, छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के महामंत्री जांजगीर-चांपा विधायक नारायण चंदेल, जांजगीर-चांपा जिले के भाजपा के सह प्रभारी इंद्रजीत सिंह गोल्डी, शक्ति विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री मेधाराम साहू, शक्ति विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा सहित शक्ति विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों के भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, सैकड़ों की संख्या में अन्य राजनीतिक दलों के भाजपा प्रवेश से उत्साहित भाजपा नेताओं ने कहा कि आज शक्ति क्षेत्र के कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के क्रियाकलापों से त्रस्त होकर भारतीय जनता पार्टी के प्रति उसकी रीति- नीति एवं सिद्धांतों पर आस्था व्यक्त करते हुए शामिल हो रहे हैं, एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की सरकार हवा- हवाई सरकार है, एवं सरकार की कथनी एवं करनी में अंतर है,भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस के संगठन में भी जमकर गुटबाजी चल रही है, जिसे देखते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं का भी मोहभंग हो रहा है, वही इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने भाजपा प्रवेश करने वाले लोगों को भारतीय जनता पार्टी का गमछा पहनाकर एवं माला पहनाकर उनका भाजपा परिवार में स्वागत किया।

# जेठा कालेज में संविधान दिवस पर क्विज प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com




शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ति के राजनीति विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डॉ पी आर कठौतिया विभागाध्यक्ष एवं कार्य म अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना) तथा नोडल अधिकारी (रेड रिबन क्लब) के द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतिथियों का स्वागत के साथ अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में सर्वप्रथम संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार , महानदी हे अपार की प्रस्तुति कुमारी भुनेश्वरी साहू बीएससी भाग-3, छाया देवांगन बीएससी भाग-3 एवं कुमारी गंगा मंहत बीए भाग-1 के द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ हुआ तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया और पूजा श्रीवास बीएससी भाग-1, चंद्रप्रभा सोनी एवं वैदेही श्रीवास बीएससी भाग - 3 के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात डॉक्टर ए के चतुर्वेदी प्राचार्य महोदय द्वारा संविधान की शपथ दिलाई गई और संविधान के प्रस्तावना का वाचन करवाया गया इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के चतुर्वेदी, वरिष्ठ प्राध्यापक यू एन कुर्रे, डॉ. डी पी पाटले, डॉ. शकुंतला राज, प्रो पी सिदार, प्रो अजय कुमार देवांगन, प्रो विजय देवांगन, महेंद्र कुमार यादव, कु सीमा साहू, विश्वंत कुमार ध्रुव, डॉ हरिशंकर प्रसाद, कोमल प्रसाद दास, कांता प्रसाद पटेल तथा कृष्ण कुमार अनंत अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. पी आर कठौतिया ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए संविधान के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए छात्र छात्राओं को संविधान दिवस पर विचार रखने के लिए निम्नलिखित विद्यार्थियों को आमंत्रित किए- आकाश कुमार यादव एम ए प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान,कु श्रेया कुर्रे ,बीएससी भाग-1, अंजलि साहू, लकेश्वरी पटेल बीएससी भाग-3, लंबोदर प्रसाद साहू, वीरेंद्र कुमार गिरी, बी ए भाग-3, अंजू प्रधान, बबली बरेठ, देवकी उरांव, रोशनी महिलांगे, जमुना साहू ,मनीषा यादव और श्याम कुमार टंडन सभी एम ए राजनीति विज्ञान, तृतीय सेमेस्टर, दुर्गा सिदार, शीतम रानी बीए भाग-2 ने अपने विचार रखें तत्पश्चात राजनीति विज्ञान विभाग के व्याख्याता महेंद्र कुमार यादव ने संविधान के संबंध में अपने विचार रखें,अंत में कार्यक्रम में अपना विचार रखते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के चतुर्वेदी ने कहा कि संविधान केवल राजनीति विज्ञान के छात्रों के ही विषय नहीं हैं, बल्कि हम सबके जीवन शैली के विषय है और होना चाहिए। इसलिए हम सभी को संविधान के बारे में अवगत होना चाहिये।

# अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के द्वितीय अधिवेशन को लेकर हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के 3 एवं 4 जनवरी को सम्मेलन की दिल्ली प्रांतीय एनसीआर शाखा के आतिथ्य में द्वारका के ब्लू रेडिसन में आयोजित अधिवेशन एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सभा को लेकर दिल्ली एनसीआर शाखा एवं आयोजन समिति के सदस्यों के तैयारी बैठक प्रांतीय अध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई, इस बैठक में जहां अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के मार्गदर्शन में दो दिवसीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई तो वही अधिवेशन के दौरान आगंतुक प्रतिनिधियों के बेहतर आवागमन व्यवस्था, आवास व्यवस्था, अधिवेशन के दौरान पंजीयन, सभागार, स्वागत सत्कार समारोह, स्थानीय अतिथियों के आमंत्रण एवं उनके स्वागत की व्यवस्था सहित अधिवेशन को लेकर पूरे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मेलन के सदस्यों तक अग्रिम आमंत्रण फोन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से देने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई,तथा बैठक के दौरान जहां दिल्ली एनसीआर शाखा के सभी सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए तो वहीं इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि दो दिवसीय अधिवेशन की भव्यता को देखते हुए आयोजन समिति में अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली शहर एवं आसपास के क्षेत्र के सदस्यों को शामिल कर नियमित रूप से आयोजन समिति की बैठक अधिवेशन दिनांक तक होती रहे, एवं आयोजन समिति के सभी सदस्य सतत एक दूसरे से संपर्क में रहते हुए अपने कार्यों का निर्वहन करें, साथ ही दो दिवसीय अधिवेशन के दौरान आगंतुक प्रतिनिधियों के अग्रिम पंजीयन हेतु भी उन्हें पूर्व सूचना देकर बैठक स्थल तक आने में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इस दिशा में भी कार्य करें।

## शहीद विप्लव का बलिदान देश याद रखेगा : सुनील लेन्ध्रा



**रायगढ़।** शहीद विप्लव का बलिदान पूरा देश याद रखेगा। उक्त बाते समाजसेवी सुनील लेन्ध्रा ने त्रिपाठी परिवार के निवास स्थान पर शहीद विप्लव को श्रद्धान्जलि अर्पित करने के दौरान कही। पिता सुभाष त्रिपाठी को इस दुःख की घड़ी में ढाढस बंधाते हुए कहा कि शहर का एक एक व्यक्ति इस घटना से आहत हुआ है। आपके बेटे ने रायगढ की माटी को गौरान्वित कर दिया। इस दौरान पिता सुभाष त्रिपाठी ने भी बेटे के साथ बिताए गए पलों की यादों को साझा करते हुए भावुक हो गए। सुनील अग्रवाल ने कहा कि मातृ भूमि के लिए जान देने वाला यह सपूत जनता के दिलो में सदा जीवित रहेगा। विप्लव ने जान देकर भारत माता के प्रति अपना ऋण चुका दिया। वे भारत माता कस सच्चे सपूत थे।

# 5 दिसंबर को युवक-युवती परिचय सम्मेलन, रक्तदान और वस्त्रदान भी होगा

पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर
www.dailypioneer.com




यूँ तो जांजगीर-चांपा और उसके अंतर्गत आने वाले विकासखंड जैजैपुर में चन्द्रनाहू (चंद्रा) समाज का विशेष महत्व हर क्षेत्र में रहा है फिर चाहे वह राजनीति का क्षेत्र हो, धार्मिक कार्यक्रम या फिर सामाजिक आयोजनों की ही बात क्यों ना हो हर क्षेत्र में इस समाज का बहुमूल्य योगदान अन्य समाज के लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहा है, इसी कड़ी में चंद्रनाहू (चन्द्रा) समाज के वैवाहिक परिचय सम्मेलन के तत्वाधान में केंद्रीय युवा समिति व युवा समिति जिला जांजगीर चांपा द्वारा जैजैपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत नंदेली में बस स्टैंड के पास आगामी 5 दिसंबर को युवक-युवती, विधवा-विधुर, परित्यक्ता-परित्यक्त, लोगों के जीवन साथी चुनाव के लिए एक विषेश मंच के रूप में परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें इस बार कुछ विशेष तत्व भी शामिल किए गए हैं, जिनमें इसी दिन स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं आगामी दिसंबर-जनवरी की ठंड के मौसम को देखते हुए गरीबों व निसहाय लोगों की मदद के लिए स्वैच्छिक वस्त्र दान शिविर का भी आयोजन इस कार्यक्रम में समाहित किया गया है जो कि अपने अपने क्षेत्र में किया जाने वाला पहला आयोजन होगा जिसके तहत सामाजिक लोगों के अलावा अन्य लोगों से भी आग्रह किया गया है कि अपने घर में अतिरिक्त अथवा उपयोग में नहीं ले रहे वस्तुओं को एक थैले में बांधकर लाएं और इस शिविर में जमा कराएं जिससे युवा समिति के द्वारा ना सिर्फ अपने समाज बल्कि हर उस व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा जो इसे खरीदने में सक्षम नहीं है ताकि ठंड में यह वस्त्र उसके सही हकदार लोगों के काम आ सके और इसी बहाने दानदाता भी पुण्य के भागी हो सकें, जिसके लिए यह युवा समिति बधाई पात्र हैं, हालांकि इससे पहले भी अनेकों आयोजन क्षेत्र भर के सभी वर्गों और समाज के द्वारा किया जाता रहा है।

## पालकों को समझना होगा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का महत्व

शहरों में अक्सर देखने को मिल ही जाता है कि विशेष वर्गों द्वारा अनेकों अवसर पर युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाता है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इसे नकारात्मक दृष्टिकोण से देखा जाता है अक्सर लोगों के मन में यह धारणा बन जाती है, कि ऐसे परिचय सम्मेलन में केवल वे लोग परिचय देते हैं जो किसी न किसी तरह से अयोग्य या अक्षम होते हैं या फिर जिनकी विवाह होने में कठिनाई आ रही हो सिर्फ वही लोग इस परिचय सम्मेलन में शामिल होते हैं जो कि अपने आप में पूर्ण रूप से गलत धारणा है जिसे ना सिर्फ युवक-युवतियों को बल्कि पालकों को विशेष रूप से समझना होगा क्योंकि ऐसे सम्मेलन न सिर्फ अपने जीवनसाथी चुनाव का एक विशेष अवसर होते हैं बल्कि अपने चिर परिचित रिश्तेदारों और सामाजिक लोगों के बीच अपने वाक्कौशल के प्रदर्शन के भी विशेष अवसर प्रदान करते हैं। युवा समिती के केन्द्रिय अध्यक्ष महेन्द्र गुड्डु चन्द्रा और जिलाध्यक्ष जितेश चन्द्रा ने इस तरह के आयोजनों में सामाजिक युवक-युवतियों से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की है जिसकी जानकारी चन्द्रा ,चन्द्रनाहू युवा समिती के जिला मीडिया प्रभारी अनिल कुमार चन्द्रा ने दिया।

# बेटे की हत्या कर साक्ष्य छिपाने की थी कोशिश, शव को कुंए से निकालकर आरोपी को लिया गया हिरासत में


पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



लैलूंगा पुलिस द्वारा बेटे की हत्या कर अपराध से बचने शव को खेत के कुंए में फेंकने वाले आरोपी को हिरासत में लिया गया है। आरोपी को कल ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा जाएगा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना लैलूंगा आकर ग्राम सुकवास निवासी सोनभद्र नाग (26) द्वारा उसके छोटे भाई उमेश नाग (22) को उसके पिताजी जगमोहन नागवंशी (45) द्वारा धान कुटने वाले मूसर से मारकर हत्या के बाद शव को कुंए में फेंक देना बताया। रिपोर्टकर्ता बताया कि छोटा भाई उमेश नाग जब भी शराब पीता तो घर देर रात आता था और घर में पूरे परिवारवालों को परेशान करता था। बीते मंगलवार 23 नवंबर की रात उमेश घर नहीं आया था जिससे पूरे परिवार वाले खोज रहे थे। आज सुबह करीब 08 बजे पिताजी बताया कि मंगलवार की रात्रि करीब 11 बजे उमेश शराब पीकर आया और गाली गलौज कर परेशान कर रहा था। तब गुस्से में आकर धान कुटने वाला मूसर से एक मूसर उमेश नाग के बाएं कनपटी में मारा, जिससे उमेश वहीं घर में गिरकर मर गया, डर से घर में किसी को नहीं बताया और लाश को कंधे में उठाकर खेत के पास ले गया और एक साड़ी में बडा सा पत्थर बांध कर उमेश के गला में बांध कर कुंआ में डाल दिया था। हत्या की बात सुनकर सब घरवाले गांववालों के साथ खेत के कुंआ जाकर देखे शव पानी के ऊपर आ गया था। थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक रूपेन्द्र नारायण साय, उप निरीक्षक बी.एस. पैंकरा हमराह स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंचे। मौके पर मृतक के बड़े भाई की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर शव को कुंए से निकालकर शव का पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजे और आरोपी जगमोहन नागवंशी पिता जीतन नागवंशी उम्र 48 वर्ष निवासी सुकवास थाना लैलूंगा से घटना में प्रयुक्त धान कुटने वाला टुटा हुआ मूसर जप्त कर आरोपी को थाना लाया गया है। आरोपी पर हत्या एवं साक्ष्य छिपाने का अपराध दर्ज किया गया है।

## कोरोनाकाल में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बंगाल रत्न अवार्ड से सम्मानित हुए नील रतन अग्रवाल






**सक्ती।** कोविड-19 काल मे उत्कृष्ट कार्यों एवं लोगों को सेवा तथा राहत पहुंचाने की दिशा में विशेष योगदान हेतु समाजसेवी नीलरतन अग्रवाल को बंगाल प्राइड अवार्ड बंगाल रत्न से सम्मानित किया गया, तथा यह अवार्ड 22 नवंबर को आयोजित एक भव्य समारोह में संस्था के डायरेक्टर भास्कर कुमार एवं संस्था के हेड सुमोदीप घोष द्वारा प्रदान किया गया, नीलरत्न अग्रवाल को मिले इस अवार्ड पर लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है, तो वहीं नीलरत्न में भी इस अवार्ड से सम्मानित होने पर कहा है कि आज सभी के सहयोग से उन्होंने कोरोना काल में जरूरतमंदों को आवश्यकता अनुरूप सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए सकारात्मक पहल की, तथा कोविड-19 के दौरान उनका पूरा परिवार इन कार्यों में तत्परता के साथ जुटा रहा, वही नीलरत्न अग्रवाल भी सदैव समाज सेवा, जनकल्याण एवं जन सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय होकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं एवं उनके इस कार्य में उनके परिवार जन भी पूर्ण रूप से उन्हें सहयोग देते हैं, नीलरत्न अग्रवाल को मिले इस अवार्ड से वे काफी प्रसन्न है, एवं आने वाले दिनों में भी इसी तरह से सेवा कार्यों को सतत जारी रखने की बात कहते हैं।

# संविधान दिवस पर शपथ, संविधान की प्रस्तावना,उद्देशिका का वाचन किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अमोरा अकलतरा जिला जांजगीर चाम्पा के प्रांगण में संविधान दिवस के अवसर पर संस्था के प्रचार्य आशीष मिश्रा के द्वारा संविधान के प्रस्तावना के उद्देशिका को समस्त स्टाफ के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्रों रा से यो के स्वयंसेवकों को पढ़कर सुनाया गया एवं शपथ दिलाया गया। संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना और संवैधानिक मूल्यों पर चर्चा, गोष्ठी एवं भाषण का आयोजन किया गया।जिसमे रा से यो के स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संस्था के व्याख्यता पुरबल देवांगन के द्वारा संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बारे ,प्रस्तावना ,उद्देश्य, महत्व, नागरिकों के मौलिक अधिकार, कर्तव्य, कब मनाते हैं और क्यों मनाते हैं के बारे में रा से यो के स्वयंसेवकों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। व्याख्याता नवल किशोर पांडेय के द्वारा बतलाया गया की वर्ष 2015 में संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 125 वीं जयंती वर्ष के रूप में 26 नवंबर को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने इस दिवस को संविधान दिवस के रूप में मनाने के केंद्र सरकार के फैसले को अधिसूचित किया था। संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों को सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। संजय कुमार यादव कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा बतलाया गया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। इसके कई हिस्से यूनाइटेड, किंगडम, अमेरिका, जर्मनी, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और जापान के संविधान से लिए गए हैं। इसमें देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, सरकार की भूमिका, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री की शक्तियों का वर्णन किया गया है विधान पालिका ,कार्यपालिका और न्यायपालिका का क्या काम है उनकी देश को चलाने में क्या भूमिका है इन सभी बातों का जिक्र संविधान में है।संविधान को तैयार करने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगे थे। यह 26 नवंबर 1949 को पूरा हुआ था। 26 जनवरी 1950 को भारत गणराज्य का यह संविधान लागू हुआ था। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार यादव रा से यो अधिकारी के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन रामकुमार कैवर्त सहायक कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा किया गया।

**शिविर में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच**

# छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की नि: शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के अंबिकापुर शहर के संकल्प हॉस्पिटल के सहयोग से छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की अंबिकापुर सरगुजा शाखा द्वारा 26 नवंबर को एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन संकल्प हॉस्पिटल परिसर में किया गया,जिसमें संकल्प हॉस्पिटल अंबिकापुर के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय गोयल,डॉ. अक्षय गोयल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. लता गोयल, डॉ अंकिता गोयल, सहित हॉस्पिटल के अन्य प्रशिक्षित चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी, तथा इस शिविर के दौरान नेत्र रोग एवं स्त्री रोग से संबंधित विभिन्न प्रकार के रोगों की जहां निशुल्क जांच करते हुए लोगों को चिकित्सीय परामर्श दिया गया, तो वही शिविर में नेत्र रोग से संबंधित 24, स्त्री रोग से संबंधित 38 एवं शुगर से संबंधित 44 लोगों की जांच की गई, कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन अंबिकापुर सरगुजा इकाई के सभी पदाधिकारी/ सदस्य शिविर को सफल बनाने में जुटे रहे, तो वही संकल्प हॉस्पिटल अंबिकापुर के भी सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया,कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संकल्प हॉस्पिटल अंबिकापुर के चेयरमैन डॉ. संजय गोयल ने कहा कि आज उनका हॉस्पिटल अंबिकापुर क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में चिकित्सा के क्षेत्र में सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है, तथा आवश्यकतानुसार उनके द्वारा समय-समय पर स्वयंसेवी, सामाजिक संस्थाओं के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों में भी अपने हॉस्पिटल के चिकित्सकों की निशुल्क सेवाएं एवं चिकित्सा परामर्श दिया जाता है, साथ ही उनके हॉस्पिटल में निरंतर स्वास्थ्य चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में कार्य किया जा रहा है, एवं विगत महीनों ही हॉस्पिटल परिसर में अतिरिक्त कमरों का निर्माण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया गया है, इस दौरान संकल्प हॉस्पिटल की चिकित्सक डॉ.लता गोयल एवं डॉ अंकिता गोयल ने भी छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन अंबिकापुर सरगुजा इकाई के सभी सदस्यों को ऐसे शिविरों के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया, साथ ही आगामी भविष्य में भी शिविरों में हॉस्पिटल की ओर से पूर्ण सहयोग करने की बात कही, कार्यक्रम के दौरान आभार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के संगठन मंत्री एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष गोयल ने कहा कि संकल्प हॉस्पिटल के चिकित्सकों के सहयोग से यह शिविर संभव हो सका है, एवं संकल्प हॉस्पिटल के पूरे प्रबंधन के वे आभारी हैं कि उन्होंने इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के लिए अपने हॉस्पिटल परिसर तथा अपने चिकित्सकों की निशुल्क सेवाएं उपलब्ध करवाई, साथ ही समय-समय पर आने वाले दिनों में भी संकल्प हॉस्पिटल का इसी तरह से सहयोग जनसेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में मिलेगा ऐसी अपेक्षा करते हैं, वहीं पूरे शिविर के दौरान अंबिकापुर के दूरदराज सहित सरगुजा संभाग के विभिन्न ग्रामीण इलाकों से लोग अपनी जांच करवाने पहुंचे थे, तथा संकल्प हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने भी आगंतुक सभी मरीजों की पूर्ण जानकारी लेते हुए उन्हें चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध करवाया तथा लोगों ने भी संकल्प हॉस्पिटल की इस सुविधा को देखते हुए उनका आभार व्यक्त किया, शिविर को सफल बनाने में संकल्प हॉस्पिटल बिलासपुर के सभी कर्मचारी भी लगे रहे, तथा सभी कर्मचारियों ने अपना विशेष योगदान दिया, 26 नवंबर को छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की अंबिकापुर सरगुजा जिला इकाई द्वारा संकल्प हॉस्पिटल अंबिकापुर के सहयोग से संपन्न एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा जहां शिविर को सफल बनाने में प्रांतीय संगठन मंत्री सुभाष गोयल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष महिला इकाई सिया अग्रवाल, प्रांतीय मंत्री महिला इकाई मंजू गोयल, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन अंबिकापुर की युवती इकाई की अध्यक्ष प्रियल अग्रवाल, रिद्धि आनंद अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी/ सदस्यों का योगदान रहा।

## भकुर्रा व गजाईभौना में थाना प्रभारी केडार ने लगाया चलित थाना



**रायगढ़।** थाना केडार अंतर्गत ग्राम भकुर्रा एवं ग्राम गजाईभौना में शुक्रवार को थाना प्रभारी केडार उप निरीक्षक झामलाल मार्को एवं थाना स्टाफ द्वारा चलित थाना का आयोजन किया गया। चलित थाना में थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों से उनकी व्यक्ति गत एवं सार्वजनिक कोई समस्या हो तो मौखिक अथवा लिखित रूप से देने कहा गया जिससे उसका समाधान किया जा सके। उनके द्वारा ग्रामीणों को डॉयल 112, पुलिस कन्ट्रोल रूम, थाना प्रभारी एवं जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नम्बर दिये गये। थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र में जुआ, सट्टा, अवैध शराब, गांजा की बिक्री करने वालों की सूचना बीट के पुलिसकर्मी अथवा थाना प्रभारी के मोबाइल नम्बर पर देने कहा गया जिससे इस पर कार्यवाही किया जा सके। थाना प्रभारी बताये कि नशे के कारण ही अपराध पनपता है, इसलिए नशे को रोकना पुलिस की जिम्मेदारी के साथ जागरूक नागरिक का कर्तव्य भी है। थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों को साईबर क्राइम से संबंधित जानकारी देते हुए मोबाईल से ऑनलाइन होने वाली ठगी, फेक कॉल, टावर लगाने, ईनामी कूपन के नाम पर ठगी करने वालों से सावधान रहने कहा गया। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित होने वाले अपराध, यातायात नियमों के बारे में जानकारी दिया गया।


# जब तक न्याय नहीं तब तक चुनाव नहीं- अपनी बात पर अड़े सभी राजनीतिक दल

## कोरिया जिले का विभाजन बना मुख्य मुद्दा

पायनियर संवाददाता ✓ बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com

कोरिया जिले में नगर पालिका चुनाव अपने आप में पहला चुनाव होगा जिसे कराने को लेकर प्रशासन के साथ-साथ सरकार के भी हाथ-पांव फूल रहे हैं। कोरिया की जनता अपनी मांगों पर अडिग है तो, प्रशासन चुनाव कराने को लेकर अपनी हर तरह की तैयारी पूरी कर ली है। जिले में चुनाव बहिष्कार को लेकर जनता का रुख एकदम साफ नजर आ रहा है चुनाव को लेकर कहीं कोई उल्लास नजर नहीं आ रहा है सिर्फ बहिष्कार के पोस्टर शहर में पटे पड़े है। नगर पालिका बैकुंठपुर नगर पालिका शिवपुर चर्चा के चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय लेकर अपनी एकजुटता साबित कर दी है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी राजनैतिक दलों के लोगो ने पूर्ण बहिष्कार की बात कही थी। और आज राजीव भवन में कांग्रेस पार्टी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें चुनाव प्रभारियों के साथ-साथ कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमे कांग्रेश चुनाव प्रभारी जेपी श्रीवास्तव और गोपाल थवाईत उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सभी कांग्रेस के लोगो ने एक स्वर में कहा कि जब तक कोरिया जिले के साथ न्याय नही होगा चुनाव में भाग नही लेंगे। इसके बाद ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही भाजपा के द्वारा भी बैठक कर यह निर्णय लिया जाएगा और चुनाव बहिष्कार का संदेश ऊपर तक दिया जाएगा।





शपथ पत्र
मतदाता / प्रत्याशी / पार्टी कार्यकर्ता / प्रदाधिकारी

आज कोरिया की जनता के समक्ष यह शपथ लेता हूँ कि, कोरिया जिले के साथ न्याय ना होने के तक आगामी नगरीय निकाय चुनाव में ना ही प्रत्याशी के रूप में भागीदार बनूंगा, ना ही मतदाता के रूप में मतदान करूंगा।

मेरे लिये मेरे जिले वासियों की भावनाओं से बढ़कर कुछ भी नही हैं, अतएव उनके निर्णय का सम्मान करते हुए किसी ठोस निर्णय ना होने की स्थिति में आगामी निकटस्थ चुनाव में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से शामिल नही होऊंगा।

नाम-
पता-
मो.न.-

### दिलचस्प दिख रहा है नगर पालिका चुनाव

शासन प्रशासन नगर पालिका चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर आमदा है तो, नगर की जनता अपने साथ अन्याय नहीं होने की बात कर पूर्ण रूप से चुनाव का बहिष्कार करने के मूड में है। इसलिए पालिका का चुनाव दिलचस्प होता जा रहा है जिसके परिणाम को लेकर कोरिया जिला नहीं वरन नया बना जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर वासियों के अलावा शासन के लोगों की भी नजर टिकी हुई है की वो कोरिया वासियों की मांग पूरी कर वह चुनाव सम्पन्न करा पाते हैं या चुनाव बहिष्कार सफल होगा।

### पहले दिन नहीं हुआ एक भी नामांकन दाखिल

जिले में निर्वाचन को लेकर प्रशासन की ओर से नामांकन मतदान व मतगणना की तारीख फाइनल कर दी गई है जिसमें 1 दिसंबर से नामांकन दाखिल करने का दिन तय किया गया था लेकिन आज पहले दिन एक भी नामांकन दाखिल नहीं हो सका। हालांकि जिला प्रशासन चुनाव को लेकर मुस्तैद रही बैकुंठपुर नगरपालिका के लिए स्वयं जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर श्याम धावड़े और चरचा शिवपुर के लिए एसडीएम बैकुंठपुर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में उपस्थित रहे।

### संभावित प्रत्याशी बहिष्कार का दे रहे शपथ पत्र

नगर पालिका चुनाव को लेकर कांग्रेस ,भाजपा, बसपा, सपा व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी सहित सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी पूर्व में ही बहिष्कार की बात कर चुके हैं अब जैसे-जैसे तारीख नजदीक आती जा रही है संभावित प्रत्याशी शपथ पत्र के अलावा चुनाव बहिष्कार का पोस्टर लेकर अपनी मंशा साफ कर दे रहे हैं कि हम अपने जिले के साथ हैं और जब तक न्याय नहीं होगा तब तक चुनाव नहीं होगा।

## संविधान दिवस पर प्रस्तावना पाठ किया गया



दल्लीराजहरा। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर पंचायत चिखलाकसा क्षेत्र में संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ .भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र एवं भारतीय संविधान पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व सदस्य अनिल खोबरागडे ने कहा कि हमारे देश का संविधान ,विश्व का सबसे बड़ा ,लिखित संविधान है जो नागरिक को संवैधानिक अधिकार देता है ,नागरिको को मौलिक कर्तव्यों के माध्यम से उनके कर्तव्यों का बोध कराता हैं।देश में बनाए जाने वाले कानून का उद्देश्य भी ,आम जनता के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना ही है। संविधान कानून की उत्पत्ति का स्रोत है। देश का शासन चलाने वाले कार्य पालिका ,विधायिका, एवं न्यायपालिका को भी उनका कर्तव्य बोध संविधान कराता है।

# लोधी समाज के सामाजिक समागम में नारी उत्थान और सामाजिक विकास पर दिया गया जोर

## लोधेशवरधाम में मिलन समारोह, कई प्रदेश से पहुंचे बिरादरी के लोग



रायपुर। लोधी क्षत्रिय समाज, चंगोराभाठा (इकाई) के बैनर पर एक बड़ा सामाजिक मिलन समारोह स्थानीय लोधेश्वर धाम में हुआ जिसमें छग ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों से भी बिरादरी के लोग पहुंचे हुए थे। समाज के विकास में मातृशक्ति की भूमिका अहम हैं इसलिए नारियों की सुरक्षा व सम्मान के साथ समूचे समाज को किस तरह से विकसीत करें,हर सदस्य की महती जिम्मेदारी बनती है उसके लिए इस प्रकार का कार्यक्रम एक बड़ा प्लेटफार्म होता है। समाज द्वारा प्रकाशित स्मारिका का भी विमोचन हुआ। हरियाली को बढ़ावा देने व पर्यावरण के प्रति सजगता बढ़ाने का सभी ने संकल्प लिया वनौषधि पौधे गिलोय, ऐलोविरा आदि वितरण किया गया। पूरा कार्यक्रम कोविड 19 के नियमों का पालन करते हुए संपन्न हुआ। लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा ईकाई के सचिव प्रहलाद दमाहे ने बताया कि इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, टाटानगर झारखंड, दिल्ली, उत्तरप्रदेश के सामाजिक लोग शामिल हुए। लोधेश्वर महाराज की जयकारे व अमर शहीद वीरागना अवंती बाई लोधी अमर रहे ... का उद्घोष के साथ दीप प्रज्जवलन के बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई। दीपावली मिलन, युवक-युवती परिचय एवं बुजुर्गों तथा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कुम्हारी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजेश सोनकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि मै सौभाग्यशाली हूँ कि हमारे पालिका क्षेत्र के तहत लोधेश्वरधाम स्थित है। इसके विकास के लिए हम आवश्यक कार्य जरूर करेंगे । इस अवसर पर स्थानिय पार्षद भी मौजूद थे । उन्होने स्मारिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर सदगुरू कबीर हंसा साहेब मठ सेवा समिति भिलाई एवं रजेगाव बालाघाट सेवाधाम के पूज्य संत लोधी कुमार साहेब के मुखारविंद से आध्यात्मिक चिंतन एवं संस्कार परक ज्ञान की बातों का अमृत पान कराया गया। इस धाम में विगत वर्षो से धार्मिक, आस्था एवं शैक्षणिक कार्य आदि सामाजिक कार्यक्रम किया जा रहा है। पहले प्रतिवर्ष होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक जोड़ो का रिश्ता भी हुआ हैं। समाज निःशुल्क सामूहिक विवाह करने के लिए कृतसंकल्पित है और पंजीयन का कार्य भी जारी हैं। कार्यक्रम में लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा ईकाई के अध्यक्ष सुरेश सुलाखे, जयप्रकाश लोधी अध्यक्ष, पथरिया मुंगेली, पूर्व जिला पंचायत सदस्य आशा वर्मा राजनांदगाँव, कबीर साहेब कुमार लोधी रजेगाव, उत्तम वर्मा, संयोजक लोधेशवरधाम भिलाई, उपाध्यक्ष ज्ञानीराम मच्छिरके, कोषाध्यक्ष राजेश नगपुरे, विष्णु लोधी व बी एल वर्मा प्रोफेसर डोगरगढ, सुनीता जंघेला मंडला-बालाघाट, एडवोकेट लोधी कंचन बाला, विधि सलाहकार, लोधी मूलचंद वर्मा भिलाई, के सी गिरिया भिलाई के अलावा काफी संख्या में महिला सदस्य व युवक युवतियां उपस्थित रहे।

## शिवाजी स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया

रायपुर। छत्रपति शिवाजी स्कूल, पुरानी बस्ती में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। स्कूल संचालक मुकेश शाह व प्राचार्या नफीसा रंगवाला ने विद्यार्थियों को संविधान दिवस मनाने का महत्व व संविधान के विषय में जानकारी प्रदान की। संविधान की आवश्यकता व इसके सकारात्मक परिणामों को भी उन्होंने बताया। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर विद्यार्थियों ने सामूहिक रुप से दोहराया। कार्यक्रम में निर्मला बिसेन, पूनम पांडे, भरत गोहिल भी शामिल रहे।



## शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई

रायपुर। मुंबई में ताज होटल व रेलवे स्टेशन में 13 वर्ष पूर्व हुए आतंकी हमलों की बरसी पर शहीद हुए पुलिस अधिकारियों व नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने तिरंगा वंदन मंच द्वारा शुक्रवार 26 नवंबर को जयस्तंभ चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मोमबत्ती जलाकर व दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर मुकेश शाह, विजय भट्टाचार्य, संजय नायक, राजीव जैन, सुरिंदर सिंह, अनिल केवलानी, हितेश दीवान, प्रकाश दीवान, इंद्रकुमार डोडवानी, राजू झामनानी, सुनील नारवानी, धनेश मटलानी, राजकुमार मंगतानी, कविता गोस्वामी, अंजू गोस्वामी, रानू धनगर, अलका जैन, आशी गोस्वामी आदि मोजूद रहे।



# संविधान ने हमें भारत के नागरिक होने का एहसास कराया

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

संविधान दिवस के दिन नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा में मुख्य नगरपालिका अधिकारी नारायण साहू ने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर हमें न सिर्फ स्वतंत्र भारत का नागरिक होने का एहसास होता है बल्कि संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकारों से हमें अपना हक मिलता है साथ ही लिखित मूल कर्तव्यों से हमें नागरिक के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों को याद दिलाता है।

हमारे देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है भारत की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था। जो 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ विदित हो कि बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 125 वीं जन्म दिवस के अवसर पर भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाये जाने की घोषणा की थी। तब से हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है । संविधान दिवस के अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी नारायण साहू द्वारा संविधान की उद्देशिका का शपथ नगर पालिका के शिवाजी प्रसाद, राकेश पाठक, भूपेंद्र दिल्लीवार, घनश्याम शर्मा, एलन चंद्राकर, विपिन बेहरा, राजेंद्र साहू ,बुद्धिमान सिंह, आनंद साहू ,के पी सिंह, गोविंद साहू ,धरमुराम बक्शी, इंद्र यादव, मनोज साहू, सुशील टंडन, अब्दुल कलीम, धन साय ठाकुर, निर्भय राम नरेटी सुनील ताराम ,दशरथ, कुंदन निषाद, देव नारायण , अभिजीत भगत, उमेश्वरी नेताम, ज्योति एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों को दिलाया गया।



## सर्किट हाउस का आरक्षण प्रतिबंधित

बैकुण्ठपुर कोरिया। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के द्वारा दिनांक 24 नवम्बर 2021 को नगरीय निकाय निर्वाचन 2021 के लिये कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही कोरिया जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर के वार्ड क्रमांक 01 से 20 तथा नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 01 से 15 में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने बताया कि प्रावधानानुसार निर्वाचन घोषणा होने की तिथि 24 नवम्बर 2021 से निर्वाचन समाप्ति की तिथि के मध्य कोई भी राजनैतिक दल के सदस्य, कोरिया जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर के वार्ड क्रमांक 01 से 20 तथा नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 01 से 15 में स्थित शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विश्राम भवनों, सर्किट हाऊस और गेस्ट हाऊस में चुनाव प्रचार-प्रसार अथवा राजनीतिक उद्देश्य से न तो ठहर सकते हैं, और ना ही वहां पर राजनैतिक गतिविधियाँ कर सकते हैं। उन्होंने आदेश जारी कर कहा है कि शासकीय एवं अर्धदशासकीय सर्किट हाउस, रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस तथा ऑफीसर्स मेस इत्यादि का आरक्षण संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा किया जाएगा। जब कभी भी निर्वाचन प्रेक्षक या निर्वाचन आयोग के पदाधिकारी द्वारा अभिलेखों की मांग की जाए तो उन्हें रिकॉर्ड उपलब्ध कराया जा सके।

# प्रयाग ने मेगास्टार अजय देवगन को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर




रायपुर। भारत के प्रमुख फॉसेट एवं सैनिटरी वेयर ब्रांड प्रयाग ने बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन को अपने उत्पादों की पूरी श्रृंखला का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। अजय देवगन के साथ यह एसोसिएशन डिजिटल एवं ट्रेडिशनल मीडिया कैंपेन के द्वारा देश के हर कोने में ब्रांड प्रयाग के पहुंच और लोकप्रियता को और आगे बढ़ाएगा।

मेगास्टार अजय देवगन के साथ एसोसिएशन की घोषणा के साथ ही प्रयाग ने अपना नया कैंपेन- ÷प्रयाग क्वालिटी बेमिसाल- लिख के ले लो ÷ लांच किया है जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। गौरतलब है कि एक कुशल और भरोसेमंद अभिनेता अजय देवगन कई दशकों से सिल्वर स्क्रीन पर अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके हैं और भारत के साथ ही दुनिया भर में भारतीय प्रवासियों के बीच उनकी जबर्दस्त फै न फॉलोइंग है। प्रयाग के बेहद लोकप्रिय उत्पादों से मेल खाने वाले अपने बहुमुखी व्यक्तित्व के साथ वे भारतीयों के दिलों पर राज कर रहे हैं। उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीय उत्पाद पोर्टफोलियो की अपनी बेजोड़ रेंज के माध्यम से विश्व स्तर पर हर घर और संस्थान के लिए एलिगेंस को परिभाषित करने के लिए प्रतिबद्ध, प्रयाग का लक्ष्य सुपरस्टार अजय देवगन के साथ एसोसिएशन के द्वारा ब्रांड प्रयाग को सफलता की नई उंचाईयों पर पहुंचाना है।

## कलयुगी पिता ने किया दुष्कृत्य का प्रयास

कुम्हारी। एक पिता द्वारा अपनी ही पुत्री से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है जिसमें आरोपी पिता द्वारा छेड़छाड़ करने पर 13 वर्षीय पुत्री द्वारा अपने पिता के विरुद्ध थाना कुम्हारी में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई जिसमें प्रार्थिनी ने उल्लेख करते हुए लिखा कि मेरी मां बचपन में ही हम लोगों को छोड़कर चली गई है जो अब पाटन में रहती है पिता के द्वारा इस प्रकार के कुकृत्य का प्रयास सर्वप्रथम दिनांक 10/05/2018 सुबह सोई हुई थी लगभग 7:00 बजे गलत नियत से वाह पकड़ा तो दादी ने ऐसा करने से रोका तब से पिताजी कभी ना कभी गलत हरकत करने का प्रय करते रहते थे दादी और मेरे भाई बहन मुझे उनसे छुड़ाते थे मैं सारी बातें दादा दादी जी को बताती थी उनके भय से अपनी छोटी बहन के घर पर रहने लगी दिनांक 13:10 2021 को दोपहर घर वापस आई तो पुनः पिता ने वैसा ही बर्ताव करते हुए हाथ वाह और शरीर को गलत नियत से पकड़ लिया था दादी ने मना किया तो उन्हें ही मारने लगा तब प्रार्थिनी ने अपने पिता के विरुद्ध साहस दिखाते हुए शिकायत थाने में दर्ज कराया उपरोक्त शिकायत पर महिला थाना दुर्ग सेक्टर 6 विवेचना अधिकारी मोहिनी साहू ने मामले को संज्ञान में लेते हुए पड़ताल कर कार्यवाही करते हुए देर रात आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया तथा कोर्ट में धारा 354 509 ख10 पाक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला पाए जाने पर चालान प्रस्तुत कर जिला कारागार दुर्ग भेज दिया ।

# प्रत्येक ग्राम पंचायत क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में ग्राम सरपंचों की भूमिका सर्वोपरि : सीइओ

पायनियर संवाददाता ✓ मनेंद्रगढ़/कोरिया
www.dailypioneer.com



ग्राम विकास की संकल्पना को ग्राम पंचायत सरपंच अपनी सकारात्मक सहभागिता और कुशल नेतृत्व से ही पूरा कर सकते हैं इसके लिए उन्हे नियमों के साथ ही जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी होना आवश्यक है। किसी भी ग्राम पंचायत का चहुंमुखी विकास करने के लिए उस ग्राम पंचायत के सरपंच की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। उक्त शय के विचार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुणाल दुदावत ने सरपंचों के आधारभूत प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर व्यक्त किए। दुदावत ने जिला पंचायत संसाधन केंद्र के तत्वावधान में आयोजित सरपंचों के आधारभूत प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र से भली भांति परिचित होते हैं कहां पर किस तरह के कार्यों से जनता को अधिकतम लाभ मिलेगा यह आपको सबसे बेहतर पता होता है। इसलिए आप सभी सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन कराएं। जिला पंचायत सीइओ ने कहा कि सरपंच पंचायती राज व्यवस्था की सबसे अहम कड़ी हैं इसलिए आपको शासन की जनहितकारी योजनाओं का पूरा ज्ञान होना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान अलग अलग विषयों पर दिए गए प्रशिक्षण के विषयों पर उन्होंने सरपंचों से सीधे संवाद करते हुए उनके प्रशिक्षण की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं महात्मा गांधी नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास सहित सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। सरपंचों का तीन दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत संसाधन केंद्र के तत्वाधान में लाइवलीहुड कॉलेज में संपन्न हुआ। इसमें जिले के चयनित ग्राम पंचायतों के सरपंचगण शामिल हुए। इस प्रशिक्षण के दौरान उन्हे ग्राम पंचायत की कार्यवाही, ग्राम पंचायतों के अधिकार, ग्राम सभाओं के आयोजन, क्रियान्वयन और उसके अधिकारों से अवगत कराया गया। इसके अलावा विषय विशेषज्ञों के द्वारा अलग अलग जनहितकारी योजनाओं के उद्देश्य और उनके बेहतर ि यान्वयन की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं को समूह बनाकर किस तरह बेहतर स्वरोजगार से जोड़ा जा सकता है।

## संविधान दिवस पर कलेक्टर धावड़े की उपस्थिति में संविधान की प्रस्तावना का किया गया सामूहिक रूप से पठन



पायनियर संवाददाता ✓ कोरिया
www.dailypioneer.com

26 नवम्बर संविधान दिवस के अवसर पर प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टोरेट परिसर में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन किया गया। कलेक्टर श्याम धावड़े के नेतृत्व में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पठन किया और संविधान की मूलभावना को सर्वोपरि एवं अक्षुण्ण रखने, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा देश के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित कराने एवं बंधुत्व बढ़ाने का संकल्प दिलाया। उल्लेखनीय है कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान के रूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया था। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में भी संविधान की उद्देशिका का पठन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुखनाथ अहिरवार, संयुक्त कलेक्टर अंकित सोम, संयुक्त कलेक्टर अनिल सिदार एवं जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर प्रगतिशील यादव महासंघ ने समरसता और एकता का दिया संदेश



रायपुर। संविधान दिवस के विशेष अवसर पर शुक्रवार 26 नवंबर 2021 को सिविल लाइन स्थित न्यू सर्किट हाउस में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को स्मरण कर उनके द्वारा दिए गए समरसता, समभाव और अंतिम वंचित व्यक्ति के उत्थान संबंधी संदेश को सर्वोपरि मानते हुए अखिल भारतवर्षीय यादव महासंघ एवं छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ के पदाधिकारियों ने एक बैठक का आयोजन किया जिसमें सौजन्य भेंट के अतिरिक्त यादव समाज को संगठित करने, विभिन्न शाखाओं - वर्गो को एक प्लेटफार्म पर लाने तथा शासन और प्रशासन में यादवेश भागीदारी को सुनिश्चित करने के उपायों पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर लखनऊ से पधारे अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रमुख महासचिव प्रमोद चौधरी का, अध्यक्ष राम मणि यादव ने पुष्पगुच्छ देकर, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बेहरा को पटका पहनाकर महासचिव निरंजन सिंह यादव ने, ग्वालियर से पधारे बलवीर सिंह यादव जी का उपाध्यक्ष शोभा यादव ने स्मृति चिन्ह देकर एवं उप महासचिव रजनीश यादव ने कृष्ण भगवान का छायाचित्र, रायगढ़ निवासी शंभू दयाल यादव, महामंत्री को भेंट कर उनका स्वागत वंदन और अभिनंदन किया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित इस मीटिंग में सर्वश्री जितेंद्र बहादुर यादव, प्रयासम की अध्यक्ष अरुणा श्रीकांत यादव, नीरु यादव, हेमंत यादव, सुनील यादव गरियाबंद, भुनेश्वर यादव जी बिलासपुर, कुम्हारी के पूर्व पार्षद मिथिलेश यादव जी एवं अन्य गणमान्य यादव बंधु उपस्थित थे।

# नगर पालिका का 35 नग पाइप चोरी मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com




थाना भाटापारा शहर में प्रार्थी रितेश स्थापक इंजिनियर नगर पालिका लिखित रिपोर्ट जलआवर्धन योजना के 35 नग पाईप ढेड़ सौ एमएम वाला हथनीपारा पानी टंकी के पास से दिनांक 21.10.2021 को कार्य एजेंसी के द्वारा रावणभाठा पानी टंकी के पास से 35 नग डीआई पाईप जिसके प्रत्येक पाईप की लंबाई 5.5 मीटर है कुल लागत 2 लाख 10 हज़ार रूपये की चोरी होने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 508 / 2021 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। संदेह के आधार पर आरोपी योगेन्द्र गोलू साहू को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार कर देवेन्द्र साहू पार्षद प्रतिनिधि हथनीपारा भाटापारा के कहने पर देवेन्द्र साहू के ब्यारा में मजदूर लगवाकर पाइप को लोड करवाकर उक्त पाइप को अडबंधा सिमगा में देवेंद्र साहू के द्वारा कटिंग कराकर आकाश वर्मा उर्फ सानू निवासी मोहंदी एवं निलेश्वर वर्मा सोनू निवासी टाड़ा के पास ले जाकर बेचा गया। जंहा से आकाश वर्मा द्वारा निलेश्वर से मिलकर सत्री सहाय के पास मेटल पार्क सिलतरा जयंत मंडल दलाल से मिलकर बेचना बताए। आरोपी गोलू साहू द्वारा देवेन्द्र साहू को 51 हज़ार देना जिसमे 1500 रूपए मिलना बताया है। पांचों आरोपीयों को अपराध धारा 379,411,34 भादवि में गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण के फरार आरोपी देवेन्द्र साहू पार्षद प्रतिनिधि हथनीपारा फरार है। कार्यवाही में एएसआई साहू, प्रधान आरक्षक राजकुमार ठाकुर, आरक्षक उमेश वर्मा, आरक्षक श्रीचंद्र ध्रुव शामिल रहे।

## भाजपा संगठन क्षेत्र में सत्ता पक्ष से कहीं ज्यादा मजबूत : विकास दीवान



बेमेतरा। भाजपा में संगठन विस्तार का कार्य उसके कार्यकर्ता ही करते हैं और इसके लिए संगठन की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने का कार्य मंडल के कार्यकर्ताओं को करना चहिए। यह बात प्रभारी व जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने नवागढ़ मण्डल की मंडल कार्यसमिति की बैठक में में कही। शनिवार को नवागढ़ मंडल की कार्यसमिति बैठक महामाया मन्दिर में सम्पन्न हुई। जिसमें भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान, मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, एससी मोर्च जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय, पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। प्रभारी वर्मा ने पदाधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिए किये जो काम करेगा उसी को दायित्व मिलेगा, घर बैठने वालों के लिए अन्य बहोत से काम है। जिला महामंत्री दीवान ने कहा कि हमारी पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र है और इसमें बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक जिसे जो दायित्व दिया जाता है उसका निर्वहन वह पूरी निष्ठा के साथ करता है। यही कारण है कि भाजपा को कार्यकर्ता आधारित दल कहा जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता न सिर्फ राजनीतिक दायित्व का निर्वहन करता है।

## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्री ब्रजभुषण अग्रवाल वल्द स्व. रोशन लाल अग्रवाल उम्र-70 वर्ष, निवासी ग्राम-कुनकुरी बाजार डांड रोड, तहसील-कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.) में स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. (211/6/2, 211/13) रकबा 0.057 हे. भूमि स्थित है जो परिवर्तित भूमि है जिस पर मकान बनाना चाहता है उक्त भूमि का बंटवारा विलेख क्र. ए.डी.आई. 615 पेज क्र. 21 से 25 क्रमांक-475 दिनांक-26/10/2006 की मूल प्रति कहीं गुम हो गया जिसका थाना में प्रथम सूचना दर्ज कराया गया है एवं उक्त विलेख का सत्यप्रतिलिपि के आधार पर उपरोक्त संपत्ति को भारतीय स्टेट बैंक एस.एम.ई.शाखा रायगढ़ में रखना चाहता है जिस किसी को कोई उजर आपत्ति न हो अगर किसी प्रकार का किसी को उजर आपत्ति हो तो 15 दिन के भीतर आपत्ति प्रस्तुत करें।

कुनकुरी
दिनांक-27/11/2021

अधिवक्ता वास्ते
श्री भुवनेश्वर मिश्रा
मो. नं. -9399166902

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं PRIYANSHU KUMAR KUMBHAKAR S/O SHRI BHARAT LAL KUMBHAKAR निवासी HOUSE. NO. 230, WARD NO. 40, ATAL CHOWK NR. GOVT. HOSPITAL, GRAM & POST-BARAHI DIST.- BALOD (C.G.) यह शपथ करता हूं यह कि पूर्व में मेरा नाम PRIYANSHU KUMAR था। अब मैने अपना यह पुराने नाम को त्याग कर नया नाम PRIYANSHU KUMAR KUMBHAKAR रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम PRIYANSHU KUMAR KUMBHAKAR के नाम से जाना पहचाना जावें।

PRIYANSHU KUMAR KUMBHAKAR
HOUSE. NO. 230, WARD NO. 40, ATAL CHOWK NR. GOVT. HOSPITAL, GRAM & POST-BARAHI, DIST.- BALOD (C.G.)

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
Email Id : eocghbzone1@gmail.com

### -: आम सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कॉलोनी कबीर नगर रायपुर में निर्मित **एम.आई.जी. II** योजना में से भवन के **एल.आई.जी.-II/48** में **श्रीमति सरस्वती अग्रवाल पति श्री बृज बिहारी अग्रवाल** को आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा दिनांक **31.08.06** को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया।

मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक **28.04.21** को हो जाने के कारण **श्री बृज बिहारी अग्रवाल पिता श्री स्व. काशी विशेश्वर** द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र वारिसों (**1. शरद अग्रवाल 2. श्रीमती शारदा अग्रवाल दोनों के पिता श्री बृज बिहारी अग्रवाल**) की सहमति पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन **श्री बृज बिहारी अग्रवाल पिता श्री स्व. काशी विशेश्वर** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

मुहर

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,
कबीर नगर रायपुर

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
Email Id : eocghbzone1@gmail.com

### -: आम सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डगनिया रायपुर में निर्मित 29 **एम.आई.जी.-1** योजना के अंतर्गत, भवनों/भूखण्डों में से भवन/भूखंड क्रमांक **एल.आई.जी.-1/05 सेक्टर-4 में श्री प्रकाश चन्द नाहटा पिता श्री हीरालाल नाहटा** को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **30.03.2001** को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया।

आबंटी उक्त भवन/भूखण्ड के विक्रय हेतु दिनांक **12.11.2021** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन/भूखण्ड **(1) श्री रितेश मिश्रा पिता श्री रमेश कुमार मिश्रा, (2) श्रीमती श्रद्धा मिश्रा पति श्री रितेश मिश्रा** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

मुहर

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,
कबीर नगर रायपुर

# पत्रकार को धमकी देने वाले के विरुद्ध हुआ केश दर्ज

## एफआईआर की मांग लेकर जिला के पत्रकार देर रात तक डटे रहे

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



गंडई के एक पत्रकार से गाली गलौच करने और उठा लेने की धमकी देने वाले एबीएम कंट्रक्शन के श्रेयांस बाफना के ख़िलाफ़ प्रेस क्लब ने बीते शुक्रवार को गंडई थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। इस दौरान जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष कमलेश स्वर्णकार व अन्य पत्रकार साथी के साथ गंडई थाना में मौजूद रहे। जहां देर रात में अभियुक्त के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज कराया गया। वहीं पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध धारा 507 कायम कर जांच में लिया है।

जिला पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष एवं गंडई पत्रकारों ने सबंधित व्यक्ति के ख़िलाफ़ कार्यवाई नही करने की स्थिति में प्रदेश के सभी पत्रकार द्वारा गंडई थाने का घेराव कर उग्र आंदोलन करने की बात की है। इस समय जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष कमलेश स्वर्णकार, राकेश यादव, जुनैद कुरैशी, सन्नी वर्मा, खेमराज वर्मा, रवि रजक, विनोद नामदेव, रत्नेश कुलदीप, सुखनन्दन चतुवेदी, रोहित देवांगन, हरिशंकर साहू, नन्दकिशोर साहू, दामोदर वैष्णव एवं ओमकार साहू शामिल रहे।

### पत्रकारों को मनाने गंडई पहुंचे अशोक बाफना

बीते शुक्रवार की रात्रि करीब 11 बजे एबीएम कंट्रक्शन के मालिक एवं अहिवारा के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना के भाई अशोक बाफना अपने पुत्र द्वारा किये गए कृत्य की मांफी मांगने गंडई थाना पहुंचे। जहां पर उनके द्वारा समझौता करने की दलील की जाती रही। लेकिन पत्रकारों ने इस मामले में किसी भी तरह से समझौता करने से साफ मना कर दिया।

### दस्तावेज नही होने के बावजूद छोड़ दी गाड़ी

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जिस एबीएम कम्पनी की गाड़ी को खनिज विभाग द्वारा जप्त कर गंडई थाने में रखा गया था उस गाड़ी का फिटनेश, पॉल्यूशन, इन्श्युरेन्स सहित अन्य जरूरी दस्तावेज नही होना बताया जा रहा है। इसके बावजूद खानापूर्ति कर गाड़ी को छोड़े जाने को लेकर तरह तरह के सवाल खड़े हो रहे है। वहीं जानकार इसे राजनीतिक दबाव से जोड़ कर प्रतिक्रिया दे रहे है। अगर प्रशासनिक कार्यवाही ही इतनी लचर रहेगी तो ऐसे खनन माफियाओं के हौसले बुलन्द होना लाजिमी है।

मामले की जानकारी मिली है जिसकी शिकायत पत्रकारों ने की है। संबंधित युवक के ख़िलाफ़ धारा 507 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी युवक को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा, फिलहाल विवेचना जारी है।
**-अनुराग झा,** एसडीओपी गंडई

# प्रभारी बीएमओ पर शारिरिक शोषण के आरोप, बयान में पीड़ितों ने बताया हमें प्रताड़ित किया जा रहा

■ मानपुर विकासखंड के बीएमओ पर लगे गंभीर आरोप, जांच जारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/मानपुर
www.dailypioneer.com

मानपुर विकासखंड के प्रभारी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोविंद कौशिक पर विभागीय कर्मियों ने संगीन आरोप लगाए हैं। महिला अधिकारियों का आरोप है कि डॉ. कौशिक उनसे छेड़खानी करते हैं। यही नहीं उनके खिलाफ मानसिक प्रताड़ना के भी आरोप हैं। अन्य कर्मियों ने भी बीएमओ के खिलाफ बयान दर्ज कराते हुए कहा कि छुट्टियां मांगने पर बीएमओ द्वारा धमकाया जाता है। तनख्वाह काटने, रोकने की धमकी दी जाती है। दर्जनभर से ज्यादा आरोपों को लेकर बीएमओ के खिलाफ जांच जारी होना बताया जा रहा है। खबर है कि शनिवार को इसी मसले को लेकर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी मानपुर पहुंचे थे।

प्रभारी बीएमओ के खिलाफ महिला कर्मियों ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। इसमें बेड टच, वेतन रोकना, छुट्टी के दौरान भी काम लेने सहित कई अन्य आरोप हैं। महिला चिकित्सक व अन्य महिला कर्मियों ने आरोप लगाया है कि बीएमओ मानसिक व शारिरिक शोषण करते आ रहे हैं। बताया जाता है कि इस पूरे मामले में बीपीएम समेत करीब आधा दर्जन स्वास्थ्य कर्मियों ने शिकायतकी है।

यह शिकायत सीधे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से की गई जिस पर उन्होंने एक महिला अधिकारी को जांच का जिम्मा सौंपा है। बताया जा रहा है कि जांच उपरांत डॉ. कौशिक पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। उनके खिलाफ तथ्यों के साथ शिकायत की गई है। वहीं शिकायतकताओं ने भी अपने बयान में प्रभारी बीएमओ की करतूतों का काला-चिट्ठा खोल कर रख दिया है। कुछ कर्मियों ने बताया कि प्रभारी बीएमओ मानसिक यातनाएं देते हैं। वे हाजिरी रजिस्टर में ड्यूटी करने के बाद भी गैरहाजिरी लगा देते हैं। यही नहीं बीते कुछ महिनों पहले उन्होंने 6 कर्मियों का वेतन रोक दिया था। लेकिन इसमें से एक का वेतन बाद में जारी कर दिया गया जबकि पांच कर्मियों का वेतन लंबित है। कर्मियों ने बताया कि उन्हें बर्खास्त करने, वेतन रोक देने की लगातार धमकियां मिलती है।

### कठघरे में स्वास्थ्य विभाग

वनांचल औंधी में डॉ. यशपाल सुमन द्वारा ग्रामीण से रिश्वत मांगने के मामले के तत्काल बाद इस मामले का खुलासा हुआ है। वनांचल में चिकित्सा विभाग की इन करतूतों ने यहां विभाग को कठघरे में खड़ा कर दिया है। प्रभारी बीएमओ डॉ.गोविंद कौशिक पर लगे इल्जाम काफी संगीन हैं। ऐसे मामलों पर तात्कालिक कार्रवाई की आवश्यकता है। दूसरी ओर डॉ. यशपाल सुमन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। बताया गया है कि उन पर कार्रवाई के लिए हेल्थ डायरेक्टर से अनुशंसा की गई है। लेकिन अब तक उस पत्र का कोई जवाब नहीं आया है।

### पहले भी हटाए गए थे

बताया जाता है कि डॉ. गोविंद कौशिक करीब दो साल पहले भी शिकायतों पर कार्रवाई का सामना कर चुके हैं। पहले भी वे मानपुर विकासखंड के चिकित्सा अधिकारी बनाए गए थे। लेकिन उनकी कार्यशैली को लेकर लगातार शिकायतों के बाद उन्हें इस पद से हटा दिया गया था। बावजूद इसके डॉ. कौशिक की नाजायज हरकतों का सिलसिला थमा नहीं है। एक बार फिर उनके खिलाफ गंभीर आरोपों की जांच जारी है।

## नशे में धुत्त आरक्षक ने थाने में मचाया था उत्पात, काबू करने के दौरान लगी चोट

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




बीते गुरुवार को लालबाग थाने में थाना प्रभारी व अन्य जवानों द्वारा थाने के भीतर आरक्षक की पिटाई का मामला के पीछे का सच सामने आया है। बताया जाता है कि घटना वाले दिन आरक्षक शराब के नशे में धुत्त होकर थाने पहुंचा था। यहां पहुंचते ही उसने थानेदार के चेंबर में जाकर टीआई से बदसलूकी की जिसके बाद वह आक्रामक हो गया। नशे में धुत्त जवान को काबू करने की कोशिशों के दौरान आरक्षक को चोट लगने की खबर सामने आ रही है।

बताया जाता है कि उक्त आरक्षक पुलिस लाईन अटैच किया गया है। इससे पहले वह थाना लालबाग में पदस्थ था और डॉयल 112 में सेवाएं दे रहा था। इसी बीच आरक्षक के खिलाफ शराबखोरी की कई शिकायतें सामने आई थीं। जिसके बाद उसे दो माह पहले ही लाईन अटैच कर दिया गया था। बावजूद इसके आरक्षक की करतूतें कम नहीं हुई।

पुलिस सूत्र बताते हैं कि उक्त आरक्षक लगातार शराब पीकर थाने पहुंच जाता था। कई बार उसने थाने में पुलिस कर्मियों से अभ्रद व्यवहार भी किया है। नशे का आदि होने के चलते उसकी इन हरकतों को नज़र अंदाज किया जाता रहा। लेकिन बीते गुरुवार को आरक्षक ने हद पार कर दी। बताया गया कि इस घटना के बाद आरक्षक के घरवालों को बुलाकर आरक्षक को समझाईश देने की भी बात कही गई है। हालांकि बताया जाता है कि आरक्षक को काफी गंभीर चोटे आई हैं।

# गर्भवती महिला की मौत के मामले में जांच का आदेश

■ प्रभारी अधिकारी करेंगे जांच, बीएमओ के खिलाफ सरपंच और ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





घुमका में गर्भवती महिला की मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। परिजनों की शिकायत और स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारियों के खिलाफ मोर्चा खोलकर सरपंच के कड़े विरोध के बाद मामले की जांच का आदेश दिया गया है।खबरों के अनुसार मामले में बड़ा बवाल खड़ा होने की आशंका को देखते हुए मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश चौधरी ने शुक्रवार को पूरे मामले की जांच का आदेश जारी करते हुए डॉ मिलिंद भुआर्य प्रभारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारीको जांच अधिकारी नियुक्त किया है। जारी पत्र के अनुसार शिकायतकर्ता के लगाये आरोप और तथ्यों की जांच करने कहा गया है।

ज्ञात हो कि घुमका निवासी निकिता साहू की जिला अस्पताल में मंगलवार को प्रसवकाल में ही मौत हो गई। प्रसव होने के पहले ही महिला और गर्भस्थ शिशु की भी मौत हो गई थी। परिजनों के अनुसार उक्त महिला को प्रसव के लिए 19 नवम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका में भर्ती कराया गया था। तब ड्यूटी डॉक्टर ने स्वास्थ्य परीक्षण में सामान्य पाया था। परन्तु प्रसव के पूर्व तमाम परीक्षणों की समुचित व्यवस्था नहीं होने के चलते स्थिति बिगड़ते देर नहीं लगी और दो दिन बाद महिला की स्थिति काफी बिगड़ गई। तब एक महिला चिकित्सक डॉ जेबा खान ने राजनांदगांव रिफर कर दिया।

बगैर आक्सीजन सिलेंडर महतारी एक्सप्रेस102 में राजनांदगांव भेजा जाना स्थानीय चिकित्सकों की बड़ी लापरवाही मानी जा रही है। जिला अस्पताल में पहुंचने के कुछ देर बाद महिला के नाक और मुंह से झाग निकलने लगा और अंततः महिला की प्रसव के पहले ही मंगलवार को मौत हो गई। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों में घुमका के तमाम डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ आक्रोश फैल गया। सरपंच के साथ स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर बीएमओ समेत पूरे स्टॉफ के सामने गर्भवती महिला के इलाज में लापरवाही बरतने का गम्भीर आरोप लगाते हुए जमकर खरी खोटी सुनाया।

परिजनों और सरपंच ने आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला की जांच करने तीनों महिला चिकित्सकों ने लेबर रूम तक पहुंचना जरूरी नहीं समझा। केवल प्रशिक्षणरत निजी कालेज के नर्सों के भरोसे छोड़ने के चलते गरीब महिला की मौत हो गई। वहीं सरपंच फुलमत जया वर्मा ने खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय खोबरागड़े की कार्यशैली को लेकर बिफ़र पड़ी।

खबर है कि टीकाकरण और अन्य विभागीय कार्यों के नाम पर बीएमओ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से गैरमौजूदगी के चलते पूरी व्यवस्था ठप्प होते जा रही है। ओपीडी में बीएमओ की सेवाएं भी मरीजों को नहीं मिलने की शिकायत बतायी जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बीएमओ की गैरमौजूदगी के चलते अन्य मेडिकल आफिसर और स्वास्थ्य अमले में भी नाराजगी और समन्वय के अभाव में गर्भवती महिला की मौत से जोड़कर देखा जा रहा है। बहरहाल उक्त महिला की मौत के बाद माहौल गमार्न से ग्रामीणों में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ काफी आक्रोश फैल गया है।

## डॉ रमन करेंगे साहू समाज के सम्मेलन में शिरकत

**राजनांदगांव/डोंगरगांव नगर।** जिला साहू संघ राजनांदगांव के छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं दीपावली मिलन समारोह आज 28 नवंबर को राजनांदगांव में आयोजित होगा। इस अवसर पर सामाजिक पत्रिका का विमोचन भी किया जायेगा। उक्त आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह के अलावा राष्ट्रीय साहू समाज व प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारी शिरकत करेंगे।



जिला मुख्यालय राजनांदगांव में साहू सदन जिला चिकित्सालय के पास आयोजित समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, मोतीलाल साहू राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय तैलिक महासभा, दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, छन्नी चंदू साहू विधायक खुज्जी, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, महापौर हेमा देशमुख, जिपंअध्यक्ष गीता घासी साहू, पूर्व विधायक भोलाराम साहू एवं खेदुराम साहू, जिपंसदस्यगण घम्मन साहू, विप्लव साहू, प्रभा साहू, इंदुमती साहू बतौर अतिथि उपस्थित रहेंगे। जिला महामंत्री अमरनाथ साहू ने बताया कि युवक युवती परिचय सम्मेलन में जिले के अलावा प्रदेशभर के विवाह योग्य युवक युवती बडी संख्या में सम्मिलित होंगे। समारोह का शुभारंभ सुबह 11 बजे मां कर्मा की सामूहिक आरती के साथ होगा। जिला अध्यक्ष कमल किशोर साहू ने सामाजिकजनो से कार्यक्रम में अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

## संविधान दिवस पर संविधान उद्देशिका का पठन

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत के ग्राम रामपुर में संविधान दिवस अवसर पर मितानिन महिलाओं का सम्मान किया गया। भारतदेश में 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा में अपने संविधान को अपनाते हुए 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। भारत के नागरिकों को संविधान के प्रति जागरूक करने और संवैधानिक मूल्यों को याद दिलाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2015 में प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस व कानून दिवस बतौर मनाने की घोषणा की गई थी।

इसी परिप्रेक्ष्य में जनपद क्षेत्र में 26 नवंबर शुक्रवार को ग्राम रामपुर में ग्राम पंचायत के द्वारा 72वॉं संविधान दिवस एवं मितानिन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर रामपुर में सँविधान रैली, चलित संविधान पाठशाला, सामूहिक संविधान अध्ययन, सविधान गीत, संविधान प्रश्नोत्तरी, मितानिन सम्मान समारोह सहित नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में जनप्रतिनिधियों द्वारा संविधान उद्देशिका का पठन कर ग्रामीणों को संविधान के प्रति जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनीष साहू जनपद सदस्य डोंगरगांव थे। अध्यक्षता माननीय रामदयाल ठाकुर रिटायर्ड तहसीलदार ने की। विशिष्ट अतिथि जीवन साहू, बेनीराम बोरकर, रूपचंद साहू, दूधनाथ मंडावी, जयराम ठाकुर, अल्का साहू, डी वाल्दे, रमन वाल्दे, ममता सलामे, आरती श्रीवास्तव, अल्का शर्मा, झमीत तारम, महेश्वरी साहू सहित सरपंच रत्ना बोरकर, उपसरपंच केवल सिन्हा सहित समस्त पंचगण तथा स्कूल के विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

## महिला कांग्रेस भाजपा की नीतियों को असफल बताया



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शुक्रवार को शहर महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रोशनी सिन्हा के नेतृत्व में केंद्र में बैठी मोदी की सरकार के खिलाफ लोगों को जागरुक किया गया। बढ़ती महंगाई को लेकर जय स्तंभ चौक मानव मंदिर में आम जनों के बीच जाकर भाजपा सरकार की नीतियों की असफलता बताई गई। इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव चंद्रकला देवांगन, खैरुन्निसा, प्रज्ञा गुप्ता, दक्षिण ब्लॉक के अध्यक्ष प्रतिमा बंजारे, उत्तर ब्लॉक की अध्यक्ष दुलारी बाई साहू, सविता ठाकुरमहासचिव, सबीना नसरीन, संगीता साहू, पूर्णिमा नागदेवे, मधुबाला श्रीवास्तव, सुनीता सिन्हा, मंजूषा मुंडेल, अमृता यादव व अन्य इस दौरान उपस्थित थीं।

## छुरिया में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

# 15 साल से असफल हो रहे अब गिले शिकवे मिटा कर करें काम : बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



भाजपा कार्यसमिति की बैठक स्थानीय साहू धर्मशाला में संपन्न हुई। इस दौरान भाजपा मंडल प्रभारी दिलीप वर्मा ने कहा पार्टी द्वारा लगातार कार्यक्रम आ रहे हैं। कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा से करना है। भाजपा जिला महामंत्री सचिन बघेल ने कहा कि सरल पोर्टल में शत प्रतिशत कार्यकताओं केअथक परिश्रम के लिए भाजपा मंडल पूरी टीम बधाई के पात्र है व मोर्चा प्रकोष्ठ की बैठक आहुत करने का निर्देश दिया।

बघेल ने कहा कि प्रदेश भाजपा से लगातार कार्यक्रम मिल रहे जिसको मंडल से लेकर बूथ स्तर तक ले जाने की जवाबदेही कार्यकर्ताओ सहित वरिष्ठ नेताओं की है। साथ ही संगठित हो कर पार्टी के कार्यो को आगे बढ़ाए। बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन की तैयारी रखें। बघेल ने कहा कि कार्यकर्ता जमीनी स्तर में पहुंचकर काम करे तभी सफलता अर्जित की जा सकती है। प्रभारी नियुक्ति महत्वपूर्ण जवाबदेही काम है। विगत पन्द्रह सालों सें खुज्जी विधानसभा में असफल होते आ रहे है इस बार सारे गिले शिकवें भुलकर केवल पार्टी के लिए कार्य करे तो निश्चित ही सफल होंगे। भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता जुझारू कार्यकताओं की कमी नही है केवल वरिष्ठ नेता गीले शिकवें मिटा कर पार्टी के कार्यक्रम को शिद्दत से करे ।

बैठक को वरिष्ठ नेता चद्रिका प्रसाद डडसेना, गीता साहू ने भी संबोधन किया। संचालन महामंत्री सजय सिन्हा खिलेश्वर साहू ने किया।बैठक में वरिष्ठ नेता विजय पटेल, जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य ललिता कंवर, मंडल अध्यक्ष रविन्द्र वैष्णव,रोमी भाटिया, राधेश्याम शर्मा,शेखर भारद्वाज, घासी साहू, अजय पटेल, महामंत्री द्वय संजय सिन्हा, खिलेश्वर साहू, गिरधर दास वैष्णव, चुरामन साहू, सलमान खान,ढाल सिंह साहू, देवनारायण कुम्भकार सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## डोंगरगांव मंडल भाजपा की बैठक आज

**डोंगरगांव नगर।।** जिला भाजपा के निदेर्शानुसार मंडल भाजपा डोंगरगांव की महत्वपूर्ण बैठक आज रविवार 28 नवंबर को आहुत की गई है। उक्त बैठक 11 बजे से स्थानीय यादव भवन में रखी गई है। बैठक में प्रमुख रूप से जिला भाजपा महामंत्री सचिन बघेल तथा डोंगरगांव मंडल भाजपा प्रभारी सौरभ कोठारी उपस्थित रहेंगे।

भाजपा मंडल द्वारा जारी विज्ञप्ति मुताबिक मंडल भाजपा, भाजयुमो, किसान मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, महिला मोर्चा, अजा व अजजा मोर्चा सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य सहित निर्वाचित जिला व जनपद सदस्य, पार्षद, सेवा सहकारी समिति, सेक्टर प्रभारी, शक्ति केन्द्र प्रभारी, बूथ अध्यक्षों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की गई है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**तहसील-गंडई, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.17/ब-121/वर्ष 2021-22

साकिन-लालपुर
प.ह.न.-23

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आत्माराम पिता बुड़गू जाति सतनामी निवासी (ठेदार) लालपुर प.ह.न. 23 तहसील गण्डई के द्वारा अपने माता स्व. इन्दौतिन पति समली का मृत्यु दिनांक क्रमशः 5/10/1984 को ग्राम पंचायत में पंजीयन किये जाने हेतु निर्देश जारी करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 7/12/2021 को या पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं तिथि समाप्त पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**तहसील (गंडई)**

# प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रहे फर्जीवाड़े की जांच हो, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने की मांग

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना में चल रहे फर्जीवाड़े की जांच होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि देश के गरीबों के लिए जिनके कच्चे मकान हैं उन्हें 2022 तक पक्के मकान बनाकर देना है, लेकिन दुर्भाग्य कहें कि छ.ग. की कांग्रेस नित भूपेश सरकार को इस योजना से कोई लेना देना नहीं है। जनता को जवाब देना होगा।

उक्त बातें पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने अपने फेसबुक लाइव अपनों से अपनी बात के दौरान कही। अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रोना रोते हैं कि सरकार के पास पैसा नहीं है ।इससे स्पष्ट है कि केन्द्र सरकार की गरीबों के लिए लाई गयी महत्वपूर्ण योजना को जानबुझकर रोका गया है । लाखों मकान नहीं बन पाये ।राज्य सरकार की उदासीनता एवं राज्यांश नहीं देने के कारण केन्द्र सरकार को आबंटित आठ लाख मकानों के राशि को वापस लेना पड़ा। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह वही भूपेश बघेल हैं जो चिल्ला चिल्ला कर कह रहे थे गुजरात मॉडल नहीं चलेगा अब देश में छ.ग. मॉडल चलेगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा शासन काल के दौरान गरीबों के पक्के मकान के लिए नगरीय निकाय में चार हजार करोड़ का ऋण लेकर 2022 तक गरीबों को पक्का मकान देंगे, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार में गरीबों के प्रति संवेदना नहीं है। श्री अग्रवाल ने कहा कि गरीबों के लिए बने प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी फर्जीवाड़ा का खुलासा हो रहा है मुझे दुख है कि इस प्रकार के हथकंडे अपनाये जा रहे हैं गरीबों के हकों को लुटा जा रहा है। अग्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन एवं निगम प्रशासन को इसकी स्पष्ट जांच करानी चाहिए कि इस दलाली में कौन कौन शामिल है। श्री अग्रवाल ने निगम प्रशासन से मांग की कि अभी तक गरीबों के लिए बनाये गये प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों के निर्माण आबंटन एवं कितने बचे तथा कब तक गरीबों को आवास उपलब्ध हो पायेगा इसकी सारी जानकारी सार्वजनिक करना चाहिए। अशोक नगर में बने मकानों की हालत जर्जर हो रहीं है उसका ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है। भाजपा शासन काल में तालापारा एवं कुदुदंड में प्रधानमंत्री आवास के लिए आबंटन हो चुका है आज तक इसका निर्माण क्यों प्रारंभ नहीं हुआ। श्री अग्रवाल ने स्वच्छता पुरस्कार के लिए नगरी निकाय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, महापौर, अध्यक्ष एवं नगरीय निकाय जनप्रतिनिधियों को बधाई दी।



देता हूं कि विगत 3 वर्षो से स्वच्छता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्री अग्रवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सवाल किया कि आपने 3 वर्ष में स्वच्छता के लिए क्या क्या काम किया कितना रूप्या आबंटन किया यह सब स्पष्ट करना चाहिए । श्री अग्रवाल ने कहा कि विगत 7 वर्षो से केन्द्र की मोदी सरकार ने स्वच्छता मॉडल के लिए जो अभियान चलाया वो पूरी दुनियां ने देखा। डस्टबिन का आबंटन घर घर से कचरा उठाने का अभियान, कचरे का निपटारा ऐसे अनेक कामों के इस मॉडल दुनियां देख रही है। श्री अग्रवाल ने धान खरीदी के मुद्दे पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह वही कांग्रेस है जब विपक्ष में थी तो 1 नवंबर से धान खरीदने का हल्ला मचाते थे लेकिन आज स्वयं सरकार में है तो दिसम्बर से धान क्यों खरीद रही है। प्रदेश के किसान विगत 2 वर्षो से महसुस कर रहें हैं कि राज्य सरकार धान खरीदी से भाग रही है। वहीं कहीं बारदाने का रोना रोती है अनेक अनेक प्रकार के बहाने कर रहीं है। केन्द्र की मोदी सरकार पेट्रोल डीजल में वैट कम कर देश वासियों को राहत दी वहीं जब राज्य सरकार की पारी आई तो पेट्रोल में 70 पैसा और डीजल में 1 रूप्ये का कम किये यह उंट के मुंह में जीरा के बराबर है।

# दलालों के माध्यम से प्रस्तुत किए कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




बिलासपुर एसडीएम ने जो आदेश जारी किया है सालो से जमीन संबंधी मामलों को लेकर चक्कर काट रहे लोगो को आसानी होगी ,इसे सुनकर भले ही तहसील कार्यालय के दलालों और रिश्वतखोर कर्मचारियों को को गुस्सा आ रहा होगा या फिर आदेश के खिलाफ कुछ मन मे सोच रहे होंगे, लेकिन एसडीएम ने तहसील अधिवक्ता संघ के आवेदन पर जो निर्णय लिया है उसका इंतजार काफ ी दिनों से किया जा रहा था,और इस आदेश के बाद राहत भरी खबर मिली है, बशर्ते एस डी एम के आदेश का सही ढंग से और कड़ाई के साथ पालन हो।

दरअसल अध्यक्ष तहसील अधिवक्ता संघ द्वारा तहसील कार्यालय में व्याप्त अनियमित्ता के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था जिसमे कहा गया था कि तहसील कार्यालय में केवल दलालों का कार्य किया जाता है तथा न्यायालय में पक्षकारों के समक्ष वकीलों/अधिवक्तागणों निरंतर दुर्व्यवहार किया जाता है। दलालों से सीधे न्यायालय में आवेदन पत्र लिया जाता है उक्त शिकायत के संबंध में एस डी एम ने एक पत्र जारी कर तहसीलदार/अतिरिक्त तहसीलदार नायब तहसीलदार एवं वाचकों को निर्देशित किया है कि न्यायालय में किसी भी प्रकार का आवेदन पत्र सीधे पक्षकार एवं उसके द्वारा अधिकृत विधिक प्रतिनिधि/अधिवक्ताओं अथवा पंजीकृत मुख्तियार आम के माध्यम से आवेदन स्वीकार किया जायेगा तथा आर्डरशीट में विधिवत हस्ताक्षर कराया जायेगा। दलालों के माध्यम से प्रस्तुत किये गये कोई भी आवेदन पत्र हस्ताक्षरयुक्त स्वीकार नहीं किये जायेगें। उक्त निर्देशों को कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।आपको बता दे कि तहसील कार्यालय में ज्यादातर काम दलालों के माध्यम से होता है,जिसकी वजह से पीड़ितों को ज्यादा पैसा देना पड़ता है और दलालों के चक्कर मे घूमना भी पड़ता है। खैर एसडीएम का यह निर्णय निश्चित ही सराहनीय है जिससे आम जनता को काफी लाभ मिलेगा और दलालों के जमावड़ा कम होगा लेकिन बड़ी बात यह कि क्या एस डी एम का आदेश सख्तीपूर्वक लागू हो पाएगा।

# गोदाम में रखा 1823 कट्टा धान जब्त



पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एक दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए जिला प्रशासन के चाक-चौबंद व्यवस्था के साथ ही बिचौलियों पर नकेल कसने की कार्यवाही लगातार जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार को खोडरी मे राजेंद्र केसरवानी के गोदाम से लगभग 1823 कट्टा अनुपातहीन अवैध धान जप्त किया गया। जांच में अनुपातहीन धान बिना किसी सही दस्तावेज या रिकॉर्ड के विक्रय योग्य रखा पाए जाने पर तहसीलदार पेंड्रारोड की टीम द्वारा जब्ती की कार्यवाही की गई। जब्ती उपरांत गवाहों के समक्ष उक्त स्थल को सील करते हुए भवन मालिक राजेंद्र केसरवानी को विधिवत सुपुर्दनामा दिया गया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेंड्रारोड से प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्य राज्य के धान के संग्रहण की सूचना प्राप्त होने पर खोडरी स्थित राजेंद्र केसरवानी के गोदाम में भंडारीत धान की जांच की गई और किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल मौका मुआयना कर जांच दलों के साथ कार्यवाही की जा रही है।कार्यवाही के दौरान मौके पर तहसीलदार प्रफुल्ल रजक ,नायब तहसीलदार अविनाश कुजूर , पटवारी तनुजा , सरिता , सरोज लता तथा पुलिस अमला उपस्थित थे।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने तारबाहर चौक से निकाली पदयात्रा

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पाण्डेय के तत्वधान मे तारबहार चौक से महगाई के खिलाफ जन जागरण अभियान रैली का शुरुआत इंदिरा गांधी के प्रतिमा मे माल्यार्पण योग आयोग के सदस्य रविन्द्र सिंह द्वारा कर प्रारंभ किया गया। महगाई के खिलाफ रैली तारबहार चौक से एफ सी आई गोदाम ब्यपार बिहार शेष कालोनी डीपुपारा विध्याउपनगर बिनोबानगर क्रातिनगर से श्रीकांत वर्मा मार्ग मेगनेटो माल पहुंच कर आम सभा मे तब्दील हो गया सभा को नगर विधायक शैलेश पाण्डेय महापौर रामशरण यादव शहर अध्यक्ष विजय पाण्डेय जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी छत्तीसगढ योग आयोग के सदस्य रविन्द्र सिंह पुर्व सांसद इग्रिंड मेक्लाऊड सभापति शेख नजरुद्दीन अभय नारायणराय महेश दुबे हरीश तिवारी शेख असलम ब्लाक अध्यक्ष जावेद मेमन आदि क्रांग्रेस नेताओ ने मोदी सरकार को



ललकारते हुए कहा कि जब से केन्द्र मे भाजपा की सरकार बनी है।

आम जनता व ब्यपारी महगाई से काफी परेशान है।नोट बंदी जी एस टी के साथ-साथ गैस पेट्रोल डीजल खाद् पदार्थ के दाम बड्ने से लोगो का बजट बिगड गया है। जनजागरण रैली मे प्रमुख रुप से राकेश शर्मा अकबर खान किशोरी लाल गुप्ता तैय्यब हुसैन राजेश शुक्ला सुनिल शुक्ला तरु तिवारी गणेश रजक केशव गोरख राघवेन्द्र सिंह प्रशांत पाण्डेय अजय सोनी शहजादी कुरैशी सीमा पाण्डेय अब्दुल खालिद मनोज श्रीवास राकेश केशरीय नरेंद्र सिंह राज चौहान अजय तिवारी सगीत मोईत्रा उतम चटर्जी अर्जुन सिंह परेश श्रीवास्तव सजय दवे छोटु मोईत्रा सौरभ प्रताप सिंह रामा बघेल रामनारायण राणौर अशोक पेसवानी साईम सिंह दुलारे भाई शेख ईमरान निलेश माडेवार भैरव सिह टुन्नु रजक बिनोद साहु विजय तिवारी ओमप्रकाश शर्मा हरमेन्द्र शुक्ला राकेश केशरीय सावित्री सोनी पुष्पा दुबे छोटी बाई जयदीप राबीनसन सजय यादव हरीश चेलकर नेब्रोन मसीह कमल देवांगन भैरव सिंह दिपक कश्यप मोहसिन खान अजय गोस्वामी कर्ण प्रताप सिंह मो नाजिम प्रकाश मसीह सुबोध केशरीय भरत कश्यप सीता राम जसवाल अजरा खान जुगल गोयल सन्नी महराज पचराम सूर्यवंशी गुलशन सिंह बटी गुप्ता गजेन्द्र श्रीवास्तव जहुर अली सन्नी चौहान जनक बंधे अजय गोस्वामी पप्पु विष्ट सीता शर्मा दिनेश भुप्पी सरदार रितिक सिंह आदि क्रांग्रेस जन शामिल थे।

# अवमानना मामले में डीजीपी और 3 आईजी को हाईकोर्ट की नोटिस

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पदोन्नति मामले में आदेश के बाद याचिका कर्ता के बदले जूनियर का पदोन्नत किए जाने को लेकर दायर अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट ने डीजीपी समेत 3 आई जी को नोटिस जारी किया है। -ए.एस.आई. मुकेश झा , रोशन बघेल , दिलीप ठाकुर , विजय मिश्रा, जिला रायपुर , दुर्ग एवं बस्तर में वर्ष 2011 से ए.एस.आई. के पद पर पदस्थ थे । सेवाकाल के लगभग 11 ( ग्यारह ) वर्ष पश्चात् डी.जी.पी. पुलिस मुख्यालय द्वारा जुलाई 2021 में ए.एस.आई. से एस . आई . पद पर प्रमोशन का आदेश जारी किया गया । उक्त आदेश में याचिकाकर्तागण को एस . आई . पद पर प्रमोशन से वंचित कर उनसे एक वर्ष जूनियर महेश्वर लाल देवांगन को एस . आई . के पद पर प्रमोशन दिये जाने से क्षुब्ध होकर याचिकाकर्तागण द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं लक्ष्मीन कश्यप के माध्यम से हाईकोर्ट बिलासपुर के समक्ष रिट याचिका दायर की गई उच्च न्यायालय, द्वारा याचिका की सुनवाई के पश्चात् इस आधार पर की याचिकाकर्तागण से जूनियर ए.एस.आई. को एस . आई . पद पर प्रमोशन दे दिया गया अतः नियमानुसार 60 दिवस के भीतर याचिकाकर्तागण के अभ्यावेदन का निराकरण करने का आदेश दिया गया । 60 दिवस पश्चात् भी याचिकाकर्तागण के ए.एस.आई. से एस . आई . पद पर प्रमोशन हेतु अभ्यावेदन का निराकरण ना किये जाने से क्षुब्ध होकर याचिकाकर्तागण द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं लक्ष्मीन कश्यप के माध्यम से पुनः हाईकोर्ट के समक्ष अवमानना याचिका दायर की गई । हाईकोर्ट द्वारा उक्त अवमानना याचिका की सुनवाई के पश्चात् इस बात पर नाराजगी जाहिर करते हुए कि याचिकाकर्तागण से जूनियर महेश्वर लाल देवांगन को एस . आई . के पद पर प्रमोशन दे दिया गया है एवं याचिकाकर्तागण के अभ्यावेदन का आज दिनांक तक निराकरण नहीं किया गया है । हाईकोर्ट बिलासपुर द्वारा इस मामले में डी . जी . पी . , पुलिस मुख्यालय अशोक जुनेजा , पूर्व डी.जी.पी. दुर्गेश माधव अवस्थी , आई.जी. पी . , रायपुर आनंद छाबड़ा , आई.जी.पी. दुर्ग ओम प्रकाश पॉल , आई.जी.पी. बस्तर , पी . सुन्दरराज को इस मामले में अवमानना नोटिस जारी कर तत्काल जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया ।

# व्हील चेयर फेंसिंग वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करने पर रोहिणी का कलेक्टर ने किया उत्साहवर्धन

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

विकासखंड बिल्हा के ग्राम खमतराई निवासी रोहिणी साहू ने अपने बुलंद हौसले एवं अपनी प्रतिभा के चलते इटली के पीसा में आयोजित व्हील चेयर फेंसिंग वर्ल्ड कप 2021 में शानदार प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत स्पर्धा में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। अपने बुलंद हौसले के साथ कुछ कर गुजरने की तमन्ना से उन्होंने अपनी पहचान खुद बनाई है। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने उन्हें शानदार उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। साहू ने कलेक्टोरेट कक्ष में कलेक्टर डॉ. मित्तर से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि रोहिणी ने अपने खेल प्रदर्शन से बिलासपुर जिले को गौरान्वित किया है। उन्होंने रोहिणी को खेल किट के लिए सीएसआर मद से 5 लाख रूपए दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर साहू साहू जन शिक्षण संस्थान में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। उनके परिवार में सात सदस्य है। उन्होंने इस प्रतियोगिता के लिए बहुत मेहनत की है, इसके लिए उन्होंने कोचिंग भी ली है।



# थानेदार ने एक घंटे के अंदर महिला का गुमा बैग ढूंढ निकाला



**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाना प्रभारी की मेहनत रंग लाई और महज एक घंटे में महिला का 2 लाख के सामान से भरा बेग को ढूंढ मिकाला। बैग को वापस महिल को सौपने के बाद महिला ने पुलिस के कार्यों की सराहना करते सिविल थाना के पुलिस की टीम को बधाई दी है। मामला सिविल लाइन थाना का है जंहा एक महिला का सारा सामान बैग में रखकर रेलवे स्टेशन से घर जाते समय ऑटो में अपना बैग भूल गयी थी। जिसमे लगभग 2 लाख का सोने के जेवर, 4500 नगदी रकम था। सिविल लाइन थाना प्रभारी सनीप रात्रे के निर्देश पर सिविल लाइन वार्ड संगी द्वारा कार्यवाही करते हुए 1 घंटे में ही ऑटो खोज बैग बरामद कर प्रार्थिया को सुपुर्द किया।

गुमी हुई बैग को पाकर हलकान महिला ने न केवल राहत की सांस ली, बल्कि थाना प्रभारी और उसके टीम की ईमानदारी से उसकी आंख भर आई।

**बच्चों को सप्ताह में दो दिन पौष्टिक लड्डू एवं शिशुवती माताओं को दिया जा रहा है गर्म भोजन**

# मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से संवर रही हैं बच्चों की सेहत, कुपोषण की दर में आई गिरावट



पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य में कुपोषण समाप्त करने के लिए 02 अक्टूबर 2019 को मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान शुरू किया गया। इस अभियान से कुपोषण की दर में गिरावट आई है। मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई यह योजना बच्चों की सेहत सुधारने में कारगर साबित हो रही है।

सुपोषण अभियान से वर्तमान पीढीं की सेहत तो संवर ही रही हैं साथ ही स्वस्थ समाज के निर्माण में भी यह योजना मददगार बन रही है।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत पूरक पोषक आहार के अतिरिक्त जिले के कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर पौष्टिक लड्डू एवं शिशुवती माताओं को गर्म भोजन प्रदान किया जाता है। वर्ष 2018 में जहां कुपोषण का प्रतिशत 20.68 प्रतिशत था, वहीं 2021 में यह घटकर 13.97 प्रतिशत रह गया है अर्थात कुपोषण में 6.71 प्रतिशत की कमी आई है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन के परिणाम स्वरूप 26 हजार 816 कुपोषित बच्चों में से 14.41 प्रतिशत बच्चें कुपोषण से बाहर आ चुके है। द्वितीय चरण के तहत 19 हजार 602 कुपोषित बच्चों में से 18.71 प्रतिशत बच्चें कुपोषण से बाहर आ चुके है। तृतीय चरण सितम्बर 2021 से मार्च 2022 तक प्रारंभ किया जा चुका है। जिसके अंतर्गत 6 माह से 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों को पौष्टिक लड्डू सप्ताह में दो दिन एवं समस्त शिशुवती माताओं को गर्म भोजन आगनबाड़ी केंद्र में दिया जा रहा है। जिले में सुपोषण अभियान के तहत कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक द्वारा हितग्राहियों के घर जाकर नियमित जांच की जाती है। कुपोषित बच्चों को पोषण पुर्नवास केन्द्र द्वारा लाभान्वित किया जाता है। मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर में बच्चों का नियमित स्वास्थ्य जांच किया जाता है। सुपोषण चैपाल के माध्यम से सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता दिवस के माध्यम से जनजागरण एवं स्वास्थ्य के प्रति निरंतर सचेत करने का प्रयास आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा किया जा रहा है। कोविड 19 महामारी के दौरान लॉकडाउन अवधि में भी हितग्राहियों के घर जाकर नियमित पोषण आहार रेडी टू ईट एवं सूखा राशन का नियमित वितरण किया गया।

# भीमोत्सव समिति मुंगेली का संविधान दिवस पर आयोजन



**मुंगेली।** गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छ ग से संबद्ध भीमोत्सव समिति मुंगेली ,26 नवम्बर संविधान दिवस को सतनाम भवन में विशाल जन समूह के साथ हर्षोल्लास से मनाया। संगठन के प्रांताध्यक्ष कृष्णकुमार नवरंग ,समिति के प्रमुख भुवन बघेल ने बताया कि संविधान दिवस में विविध कार्यक्रम के तहत 22 नवंबर को 30 विद्यालय के 2200 से अधिक छात्रों सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लिया 26 नवम्बर को मुंगेली जिला के अधिकारी कर्मचारी पथरिया मोड़ जरहगॉव व सेतगंगा से मोटरसाइकिल रैली के साथ रायपुर रोड बायपास चौराहा से आयोजन के मुख्य वक्त ा प्रो डॉ रतन लाल इतिहास कार दिल्ली विश्वविद्यालय व डॉ नरेश कुमार साहू युवा अम्बेडकर वादी लेखक का गर्म जोशी से पंथी व कर्मा नृत्य से स्वागत कर ओपन कार में मुंगेली शहर के मुख्य मार्ग सिंधी कॉलोनी, बस स्टैंड ,मंडी चौक ,पड़ाव चौक पुराना चौक होते दाउपारा होते सतनाम भवन में आकर सतनाम भवन में विशाल सभा मे तब्दील हुआ।

# बच्चों ने लगाया आकर्षक बाल मेला

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



विकासखंड मुंगेली संकुल केंद्र धनगांव गोसाई के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला धनगांव गोसाई शाला के बच्चों द्वारा संयुक्त रुप से बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच वेदराम बंजारा, संकुल प्रभारी मदन लाल मेहर, संकुल शैक्षिक समन्वयक सतीश साहू एवं पंचायत सचिव के द्वारा रिबन काट दीप प्रज्वलित करके किया गया।मंच संचालन अजय सोनले द्वारा किया गया। रुचि, पायल, डाकेश्वरी, बबली, राधिका एवं साथी छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। हाई स्कूल धनगांव गोसाई के बच्चें,ग्राम के माताएं , पालक गण एवं विभिन्न संकुल के शिक्षक शिक्षिकाएं उत्सुक होकर मेला देखने आए थे। मेले में छोटे छोटे प्यारे बच्चों के द्वारा मिठाई, जलेबी, भजिया, पकौड़ा, भेल, बड़ा, समोसा, रिंग फेंको, गिलास ,रिंग में निशाना लगाओ ,शब्द बनाओ, पहिया घुमाओ इनाम पाओ, फुटबाल क्लब प्रदर्शनी आदि का आकर्षक शैक्षिक स्टॉल शिक्षकों के मार्गदर्शन से बच्चों के द्वारा लगाया गया था। जिसका आनंद सभी ने लिए। विभिन्न खेलों में विजेता बनकर कई बच्चों ने आकर्षक इनाम भी जीते। शिक्षादूत गोविंद पटेल ने बताया कि गढ़बों नवा भविष्य के अंतर्गत बाल्यावस्था में ही बच्चों को विभिन्न व्यवसायों के बारे में जानकारी खेल खेल में हो सके, बच्चों में व्यवसायी कौशल विकसित हो , बच्चे आनंद पूर्वक स्कूल आए, इन्हीं शैक्षिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु बाल मेला का आयोजन किया गया। मेले में संस्था प्रमुख धर्मेंद्र कश्यप, प्रभारी प्रधान पाठक मुरलीधर चंद्राकर, ज्वाला प्रसाद साहू, बलीराम साहू, केशव प्रसाद ध्रुव, राजकुमार कुर्रे, सुखनंदन कुमार पटेल , आसीमा आभा बर्मन, अपर्णा ध्रुव, नम्रता मसीह, कन्याकुमारी पटेल एवं अन्य सम्मानीय शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# राज्य और केन्द्र के बीच लकीर खींच रहे हैं मुख्यमंत्री बघेल : कौशिक

## नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने मुख्यमंत्री के बयान को बताया गैर जिम्मेदाराना



पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केवल अपने सियासी साजिशों के लिए केन्द्र व राज्य के बीच एक लकीर खींच रहे हैं जिसका असर राज्य के विकास पर पड़ेगा और मुख्यमंत्री बघेल कभी नहीं चाहते कि राज्य का समग्र विकास हो। हमेशा मुख्यमंत्री तथ्यहीन बातों का सहारा लेकर केवल भ्रम फैलाने में लगे रहते है और इस विधा में वे माहिर है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में केन्द्र की भूमिका एक पालक की तरह होती है और केन्द्र सरकार द्वारा कई योजनाओं का संचालन प्रदेश की जनता के हित में किया जा रहा है जिससे भूपेश सरकार प्रदेश की जनता को वंचित रखना चाहते हैं । ऐसे कई योजनाएं जिनका सीधा जनजुड़ाव है और इस लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास बनने है तो उसके लिए राज्य सरकार को जा राज्यांश देना है उसके लिए राज्य सरकार के पास बजट का आभाव है। इस सरकार की नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी और संग में ले उधारी यह एक पहचान है। जिसमें भी नरवा-गरवा-घुरवा-बारी अभियान पूरी तरह से असफल है और ले उधारी अभियान सतत् जारी है। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि जब प्रदेश में स्मार्ट सिटी, जल जीवन मिशन व मनरेगा अभियान केन्द्र के सहयोग से चल रहा है तो फिर मुख्यमंत्री बघेल इन अभियान के नाम से वाहवाही लूटने में लगे हुए है। जिसका बजट ही केन्द्र सरकार द्वारा दिया जा रहा है तो ऐसे में एक अभियान पर आप अपने चेहरा चमकाने की बात करते है तो वहीं आवास योजना को लेकर आपके पास कोई योजना नहीं है। जिसके कारण प्रदेश के कई परिवार अपने खुद के आशियाने से वंचित है। प्रदेश सरकार को तत्काल आवास योजना के लाभार्थियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है ।

### नगरीय निकाय चुनाव से मिशन 2023 का होगा शंखनाद

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक नगरीय निकाय चुनाव के सिलसिले में रिसाली पहुंचे जहां पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से भेंट कर नगरीय निकाय चुनाव में विजय संकल्प में जुट जाने के लिए सबसे अह्वान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सबको प्रदेश में इस नाकाम सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जुट जाना होगा। नगरीय निकाय चुनाव एक बेहतर अवसर है। इस संस्थान के चुनाव में पहले ही कांग्रेस ने अपने फायदे के लिए लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर आम लोगों को अपने महापौर या नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष चुनने से वंचित किया है। इस समय प्रदेश की भ्रष्ट और सत्ता प्रेमी इस सरकार को जवाब देने का वक्त आ गया है। इस मौके पर उन्होंने नगरीय निकाय क्षेत्र में हो रहे चुनाव में भाजपा को विशाल विजय की आशीर्वाद देने का आग्रह किया है। इस मौके पर भिलाई संगठन जिला प्रभारी पुरंदर मिश्रा ने कहा कि यह चुनाव हम सबके लिए महत्वपूर्ण है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता विजय रिसाली के अभियान के लिए जुट जाए। हमारी जीत निश्चित है।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस की दी बधाई



रायपुर । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस 28 नवम्बर के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि छत्तीसगढ़ी भाखा हमर पुरखौती आए, ये हर हमर अभिमान हे। नवा सरकार बने के बाद से छत्तीसगढ़ के इही अभिमान ला संजोए अउ आगू बढ़ाए बर हमन काम करत हन। छत्तीसगढ़ी भाखा ला हमन आत्म गौरव संग जोड़के देखबो तभे वो आघू बढ़ही। बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ी भाषा हिंदी, अवधि और बृज भाषा की समकालीन हैं। राज्य सरकार द्वारा तीज-त्यौहारों और पारंपरिक संस्कारों को बढ़ावा देने के साथ पुरखौती के अमूल्य धरोहरों का परिचय नई पीढ़ी से कराने से छत्तीसगढ़ी भाषा का महत्व और अधिक बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ी में बोलने में संकोच करने वाले लोग भी अब छत्तीसगढ़ी में गर्व से बात करते हैं।

### राजस्व मंत्री का दौरा कार्यक्रम

**रायपुर।** राजस्व, आपदा, प्रबंधन, पुनर्वास तथा वाणिज्यिक कर (पंजीयन एवं मुद्रांक) मंत्री जयसिंह अग्रवाल 28 नवम्बर को दोपहर 12:30 बजे कोरबा से प्रस्थान कर बिलासपुर जिले के बिल्हा आयेंगे। राजस्व मंत्री यहां पर दोपहर 2:30 बजे से 3:30 बजे तक कृषि उपज मंडी बिल्हा में आयोजित सरपंच सम्मान समारोह में शामिल होंगे। अग्रवाल बिल्हा से ग्राम कुंवापाली जायेंगे और वहां शाम 4:00 बजे से 5:00 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद ग्राम बतौली जायेंगे।

# आदिवासी तभी सशक्त होंगे जब उनकी वास्तविक आवश्यकताओं पर ध्यान देकर उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाएगा : उइके

- राज्यपाल हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में वर्चुअल रूप से हुई शामिल



पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

आदिवासी तभी सशक्त होंगे जब उनकी वास्तविक आवश्यकताओं पर ध्यान देकर उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाएगा। संविधान में आदिवासियों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं परन्तु उन्हें उनके अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक करना होगा। यह बात राज्यपाल सुश्री राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा ''ट्राइबल ट्रांजिशन इन इंडियाः इशूस, चैलेंजेस एंड द रीड अहेड'' विषय पर वर्चुअल रूप से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। राज्यपाल ने हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति को इस वेबिनार के लिए शुभकामनाएं दी और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने को कहा। राज्यपाल ने कहा कि आमतौर पर यह कहा जाता है कि भारत की आत्मा ग्रामीण इलाकों में बसती है। ठीक इसी प्रकार छत्तीसगढ़ प्रदेश की आत्मा भी जनजातियों में ही बसती है। और जिस प्रकार जीव के उत्थान के लिए आत्मा का उत्थान आवश्यक है उसी प्रकार आदिवासी जन समुदायों के उत्थान से ही हमारे प्रदेश सहित भारत की उन्नति संभव है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन में शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गुंडाधुर, शहीद गैंदसिंह जैसे कई नायकों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अलावा भी कई ऐसी जनजातीय हस्तियाँ हैं जो इतिहास के पन्नों में गुम हैं। हमें इनका नाम सामने लाने के प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि हमें इस बात का विशेष ख्याल रखना चाहिए कि उन्नति का अर्थ जनजातियों के रुख को आधुनिकता और भौतिकतावाद की तरफमोड़ देना नहीं होता, बल्कि उन्नति का असली अर्थ, उनकी सांस्कृतिक विरासत को सहेजकर, संभालकर और उसे आगे बढ़ाकर जनजातियों को मुख्यधारा से जोड़ना होता है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे आदिवासी जनजातियों में जागरूकता के अभाव में कुछ अराजक तत्व उन्हें दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। आदिवासी समाज को उनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। उनके दुष्प्रयत्नों का प्रत्युत्तर केवल एक जागरूक और शिक्षित आदिवासी समाज ही दे सकता है। अतः आदिवासी समाज में अधिक से अधिक शिक्षा का प्रसार करना होगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज में अथाह ज्ञान का भंडार है। इस ज्ञान का आधुनिक विज्ञान से मेल कराकर उत्कृष्ट सक्षम मानव संसाधन का निर्माण कर सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि आज आवश्यकता है कि जनजातियों की कला को प्रोत्साहन दें और उसे विश्वपटल पर उभारने का प्रयास करें।

# श्री रावतपुरा सरकार विवि डिपार्टमेंट ऑफ लॉ के छात्रों ने किया भारतीय संविधान दिवस का आयोजन



पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार विश्विविद्यालय में डिपार्टमेंट ऑफ लॉ द्वारा भारतीय संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ .जे. के. उपाध्याय जी रहे एवं सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया एवं कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य गीत गाकर किया गया। भारतीय सविंधान दिवस पर सभी अतिथियों ने हमारे सविंधान की अहमियत और डॉ. भीमराव अंबेडकर पर चर्चा की साथ ही सभी अतिथिगण, शिक्षक एवं छात्रों द्वारा भारतीय सविंधान दिवस पर सभी ने शपथ ग्रहण किया।

कार्यक्रम का संचालन डीन. डॉ. सी.एल पटेल, मोनिका मिश्रा, पायल साहू, दिव्यांश मिश्रा, एमिशान हुसैन सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# मंहगाई के विरूद्ध जनजागरण अभियान पदयात्रा

पायनियर संवाददाता ᐸ कुम्हारी
www.dailypioneer.com





ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश्वर सोनकर के नेतृत्व में ग्राम परसदा से मॅहगाई के विरूद्ध जनजागरण अभियान पदयात्रा का प्रथम चरण आरंभ किया गया । महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया । मार्ग के मध्य धरने पर बैठे हुए राजेश्वर सोनकर ने मॅहगाई की त्रासदी झेल रही जनता, किसानों को अपने ओजस्वी वाणी से भाषण देते हुए कहा कि यह समय सुनने, सहने का नहीं है, केंद्र सरकार द्वारा जनाकांक्षाओं के अनुरूप खरा नहीं उतरने, मॅहगाई पर लगाम लगाने में असफल रहने पर ऐसी सरकार का जिम्मेदार पदों पर बैठे रहना उचित नहीं है । मोदी सरकार पर जमकर बरसते हुए कहा कि मोदी सरकार में शामिल सभी मंत्रियों को पद से इस्तीफा दे देना चाहिए । पेट्रोल, गैस, खाद्य तेलों, पदार्थों के आसमान छूते मूल्यों से त्रस्त जनता को राहत देने में मोदी सरकार की असफलताओं ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है । आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरदर्शिता के फलस्वरूप राज्य का सर्वांगीण विकास हो रहा है । पूरे देश में छत्तीसगढ़, मॉडल राज्य के रूप उभरता जा रहा है । इसलिए ऐसे निकम्मे सरकार का पुरजोर विरोध करने जन जागरण पदयात्रा अभियान चलाया गया है ।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शीश बंसल, मनहरण यादव ओम नारायण वर्मा थानेश पटेल महेश सोनकर जानकी ध्रुव नीतू रावते शांति टंडन सतीश यादव लता खैरवार कुमारी बाई निषाद एवं महिला कांग्रेस की सैकड़ों कार्यकर्ताओं युवक कांग्रेसी कार्यकर्ता लेख राम साहू, देवेंद्र साहू, पप्पू सेन, नीलेश देवांगन, कमल कमलेसिया, युवराज साहू, चन्द्र प्रकाश साहू, रोहित कुर्रे,ओम प्रकाश यादव, किशोर सोनकर, धनेश्वर, उत्तम पटेला तथा अन्य युवा कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं विशाल जनसमूह ने इस विरोध प्रदर्शन और जन जागरण अभियान में खुलकर हिस्सा लिया । वार्ड क्रमांक 16 ग्राम परसदा से प्रारम्भ होकर क्रमशः वार्ड क्रमांक 12 डंगनिया, 18,19,20,21, 22,224 से निकलते हुए दस किलोमीटर पदयात्रा का वार्ड क्रमांक 17 रामपुर (चोरहा) में समापन हुआ ।

### आम निर्वाचन तथा उप निर्वाचन के लिए सूचना एवं आरक्षण की स्थिति का प्रकाशन

**रायपुर।** रायपुर जिले के नगर पालिका निगम बिरगांव आम निर्वाचन 2021 तथा नगर पालिका परिषद् गोबरा-नवापारा के वार्ड क्रमांक 14 के उप निर्वाचन के लिए आज 27 नवंबर को सुबह 10:30 बजे निर्वाचन की सूचना प्रारूप दो, आरक्षण की स्थिति स्टेटस प्रारूप 2 के एवं मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय एवं नगर पालिका निगम के कार्यालय किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर नगर पालिका निगम बिरगांव श्री बी बी पंचभाई ने बताया कि नगर पालिका निगम बिरगांव में कुल 40 वार्ड हैं तथा 95 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसी तरह रिटर्निंग ऑफिसर श्री निर्भय साहू नगर पालिका परिषद् गोबरा-नवापारा ने बताया कि वार्ड क्रमांक 14 उप चुनाव के लिए दो मतदान केन्द्र बनाए गए है।

# वन विभाग की छापामार कार्रवाई बेशकीमती सागौन लकड़ी जब्त

पायनियर संवाददाता ᐸ सरायपाली
www.dailypioneer.com



वन परिक्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में लकड़ी तस्करी का खेल लगातार जारी है वन परिक्षेत्र के ग्राम पोड़ापाली में बेशकीमती सागौन लकड़ी की तस्करी कर एक घर में भंडारण कर रखने वाले के खिलाफ वन विभाग की टीम ने दबिश देकर कार्यवाही की है आरोपी के घर से भारी मात्रा में सागौन के गोले और सागौन के चिरान बरामद किए गए हैं। लकड़ी तस्करी के इस बड़ी कार्यवाही को लेकर मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सरायपाली वन परिक्षेत्र के वन अफसरों की एक टीम ने ग्राम पोडापाली पहुंचकर अंगद पिता राजाराम, मालिक राम पिता बैजनाथ , श्याम पिता ईयाराम बरिहा ग्राम बिजातीपाली, बसंत पिता परशुराम लोहार ,के यहां सर्च वारंट लेकर तलाशी ली गई । जिसमें सागौन के गोले और सागौन के चिरान काफी मात्रा में भंडारित कर रखे होने पाया गया जिसे निकालकर वन परिक्षेत्र कार्यालय सरायपाली लाया गया है उक्त सागौन की लकड़ी कहां से लाई गई है और कब से इस तरह तस्करी का खेल चल रहा था इस बात की जांच वन विभाग की टीम द्वारा की जा रही है। वन विभाग की टीम द्वारा की गई लकड़ी तस्करी के इस बड़ी कार्यवाही मैं संतोष कुमार पैकरा सहायक परीक्षेत्र अधिकारी अनिल प्रधान सतीश कुमार पटेल योगेश्वर कर विरेंद्र कुमार पाठक नैंसी प्रतिमा तिग्गा, बड़े सजापाली एवं सरायपाली बसना परी क्षेत्र के समस्त वनरक्षक और सुरक्षा श्रमिक उपस्थित थे।

# मोदी सरकार अडानी, अंबानी की करोड़ों का कर्जा माफ कर दी तो गरीबों के घर बनाने में तकलीफ क्यों : धनंजय

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री की आवास योजना में केन्द्र की 90 और राज्य की 10 प्रतिशत की अंशदान की मांग कर केन्द्र को उनके जिम्मेदारियों का एहसास कराया है। मोदी भाजपा की सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आवंटन को निरस्त कर छत्तीसगढ़ के लाखों गरीब परिवार एवं उनके मासूम बच्चो वृद्ध माता पिता के सिर से छत को छीनने का अन्याय पूर्ण कार्य किया है।

दुर्भाग्य की बात है मोदी भाजपा की सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को मकान बनाने के लिए ढाई लाख रुपए की राशि भी नहीं दे पा रही है। यह वही मोदी भाजपा की सूट बूट की सरकार है जिसने आरबीआई के रिजर्व फंड से 1 लाख 76 हजार करोड़ रुपया जबरदस्ती निकालकर अडानी अंबानी जैसे चंद पूंजीपतियों का करोड़ों रुपए का कर्जा माफ की है। बैंक डिफाल्टर हो चुके मोदी के मित्रों को बचाने का काम की है। मोदी के मित्रों को रेलवे स्टेशन ट्रेन हवाई अड्डा विमानन कंपनी सहित सरकारी औद्योगिक कंपनियों को कौड़ी के मोल बेच सकती है। आजादी के बाद बने भारत के नवरात्र कंपनियों को अपने चंद्पूंजीपति मित्रो के ऊपर लूटा रही है, मोदी सरकार 8 हजार करोड़ रूपये का विमान खरीद सकती है।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| Psychiatric Name | 2 | Professor/Asso.Prof |
| | 2 | Asst. Prof |
| Med. Surgical Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof |
| Community Health Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst.Prof |
| Child Health Nursing | 2 | Professor/ Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof. |
| Tutor | 4 | Minimum 1 Year exp. |

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching, Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
SHRI BALAJI
Institute of Nursing
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN
NURSING PROGRAMME
PARAMEDICAL PROGRAMME

| | | | |
|---|---|---|---|
| B.Sc Nursing | 4 years | Pathology technician | 1 year |
| Post Basic Bsc Nursing | 2 years | Operation theater tech. | 1 year |
| M.Sc. Nursing | 2 years | X-Ray technician | 1 year |
| Medical Surgical Nsg. | | Ortho and dresser tech. | 1 year |
| Community Health Nsg. | | | |
| Child Health Nsg. | | | |
| Mental Health Nsg. | | | |



HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो. 7694016816, 8435018884, 9826242559
फोन : 0771-4241000,4241057 | वेब : www.balajinursingcollege.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403